


■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



www.navbihartime.com ■ औरंगाबाद ■ वर्ष : 36 ■ अंक : 208 ■ गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025 ■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ■ रजिस्ट्रेशन नंबर : 52290/90 ■ मूल्य : 3.00 रुपये ■ पृष्ठ : 12

संक्षिप्त समाचार

सीएम नीतीश ने दी क्रिसमस की बधाई

पटना(नबिटा ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्रिसमस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश त्याग, शान्ति, प्रेम एवं करूणा का है जो सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिये है। प्रभु यीशु मसीह के संदेश को हम सब अपने जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह पर्व प्रेम, सद्भाव के साथ-साथ सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आयेगा।

महुआ और मुंगेर मेडिकल कॉलेज के लिए राशि आवंटित

पटना(नबिटा ब्यूरो)। नीतीश सरकार के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज अभियान को और गति मिलने जा रही है। वैशाली के महुआ और मुंगेर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के कार्य में तेजी लाने के लिए सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में कुल 27 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। यह राशि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उपयोग में लाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महुआ और मुंगेर मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य पहले से प्रगति पर हैं।

भाजपा पंचायत अध्यक्ष की हत्या

समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)। जिले में भारतीय जनता पार्टी के पंचायत अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात खानपुर थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में बुधवार देर शाम को हुई। मृतक की पहचान भाजपा के शादीपुर पंचायत अध्यक्ष रूपक सहनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जब वे मंदिर के पास थे तभी 3-4 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां बरसाने के बाद अपराधी वहां से पैदल ही भाग निकले। स्थानीय लोग गोली लगने से घायल हुए रूपक सहनी को इलाज के लिए खानपुर सीएचसी ले गए। अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राणा नितीश कुमार सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

देश में हाइवे के लिए 1,97,644 करोड़ रुपये आवंटित : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 'दिल्ली मेट्रो फ़ेज-5 (इ)' के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना के लिए 12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट को हरी झंडी दिखाई गई है, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई रफ्तार देने के मकसद से सरकार ने सड़क, रेल और पोर्ट नेटवर्क के विस्तार के लिए अपना खजाना खोला है। कैबिनेट ने सबसे बड़ा दांव हाईवे सेक्टर पर लगाया है। इसके लिए 1,97,644 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि मंजूर की गई है। इसके तहत 8 नेशनल हाई-स्पीड रोड प्रोजेक्ट्स (936 किमी) के साथ-साथ सीमावर्ती इलाकों और पूर्वोत्तर (शिलॉन्ग-सिलचर) से लेकर बिहार (पटना-आरा-सासाराम) और दक्षिण भारत तक लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुधारा जाएगा। वहीं, लॉजिस्टिक्स लागत घटाने के लिए रेलवे के 43 प्रोजेक्ट्स (1,52,583 करोड़ रुपये) और पोर्ट्स व शिपिंग (1,45,945 करोड़ रुपये) पर भी बड़ा निवेश किया जाएगा, इसमें महाराष्ट्र का वधावन पोर्ट अहम है। इसके अलावा हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए बागडोगरा, बिहटा, वाराणसी व कोटा समेत नए एयरपोर्ट टर्मिनल्स के लिए भी 7,339 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान केंद्रीय रेल और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो के विस्तार के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। हम सभी जानते हैं कि दिल्ली मेट्रो ने दिल्ली के निवासियों और शहर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति के जीवन को कैसे सकारात्मक रूप से बदला है। इस विस्तार के साथ, दिल्ली मेट्रो में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। इसी उद्देश्य के लिए 12,015 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है।

नितिन नवीन ने कई मंदिरों समेत तख्त श्री हरिमंदिर में टेका मत्था

देश-प्रदेश के कल्याण के लिए की प्रार्थना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार को पटना में विभिन्न धर्म स्थलों में जाकर पूजा-अर्चना की और देश और प्रदेश के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस क्रम में बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी उनके साथ रहे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज दिन की शुरुआत पटना के बांसघाट स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना से की। यहां उन्होंने माता की अर्चना की और देश और प्रदेश के लोगों के लिए मंगलकामना की। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी रहे और उन्होंने भी माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन गोलघर स्थित मां अखंडवासिनी मंदिर एवं लोदीपुर स्थित दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मां अखण्डवासिनी से बिहार की प्रगति, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद आज शाम बांकीपुर के विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और जनकल्याण की कामना की। उन्हें गुरुद्वारा दरबार साहिब में दर्शन के दौरान गुरु गोविंद सिंह जी महाराज से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरें और प्रदर्शित वस्तुएं भी दिखाई गईं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उन्हें सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। वे गुरुद्वारा में करीब 25 मिनट रुके। इस क्रम में उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के लोगों से बात भी की और उनका हालचाल जाना। इस पावन अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद भी उनके साथ उपस्थित रहे।

अब मॉडर्न बनेगा बिहार का पुलिस लाइन, डीजीपी ने मांगी रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य की सभी पुलिस लाइनों की सूरत बदलेगी। पुलिस लाइन में हथियारखाना से लेकर जिम और कैंटीन तक की स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसे लेकर 14 अहम मानक निर्धारित किए गए हैं। इन मानकों के आधार पर सभी पुलिस लाइनों को परखा जा रहा है। अगर इनमें कहीं कोई कमी पाई जाती है तो उन्हें समुचित कार्ययोजना तैयार कर जल्द दूर किया जाएगा। वर्तमान में 32 पुरानी और 18 नई पुलिस लाइन हैं। डीजीपी विनय कुमार ने सभी क्षेत्रीय आईजी-डीआईजी और जिलों के एसपी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। डीआईजी के साथ ही सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखा है। यह रिपोर्ट महीने के अंत तक सभी को हर हाल में भेजना अनिवार्य है। किन पुलिस लाइनों में क्या-क्या कमी है, इसका पूरा ब्योरा प्रस्तुत करते हुए एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। सभी जिलों से रिपोर्ट आने के बाद मुख्यालय स्तर पर इससे संबंधित एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस आधार पर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यालय के स्तर से तमाम कमियों को दूर करने की कवायद व्यापक स्तर पर शुरू कर दी जाएगी। राज्य में पिछले कुछ वर्षों के दौरान 18 नए पुलिस लाइनें बनी हैं। इन सभी में निर्धारित मानक के अनुरूप करीब 14 मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं लेकिन पहले से मौजूद 32 पुरानी पुलिस लाइनों में कई सुविधाएं मौजूद नहीं हैं जिन्हें दूर करने पर खासतौर से फोकस किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों का किया निरीक्षण

बिहार में तकनीकी-मेडिकल शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को को मीठापुर में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय और स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के भवन निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के छात्रों और छात्राओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने सभी निर्माणाधीन संरचनाओं का कार्य बेहतर और तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मीठापुर क्षेत्र में पहले ही चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, निफ्ट, चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी और मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। इन दोनों विश्वविद्यालयों के निर्माण के बाद यह क्षेत्र और भी आकर्षक दिखाई देगा। बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 27 जुलाई 2022 को की गई थी। इसके भवन के निर्माण हेतु मीठापुर, पटना में 5 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। मुख्य भवन 4 मंजिला होगा, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 1,11,732 वर्गफीट है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का नया भवन सात निश्चय-2 योजना के तहत राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस भवन का कुल क्षेत्रफल 27,567 वर्गमीटर है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीलेश रामचंद्र देवरे, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सुरेश कांत वर्मा और बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. बिंदे कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग विभाग में रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र : दिलीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभाग की रिक्तियों को जल्द भरने का निर्देश दिया है ताकि उद्योग से जुड़ी योजनाओं का समय पर कार्यान्वयन हो सके। वे बुधवार को हस्तकरघा एवं रेशम उद्योग, खादी ग्रामोद्योग तथा उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन खादी माल की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने इनके निर्माण में तेजी लाने और बिहार एम्पोरियम के आधुनिकीकरण एवं उसके स्वरूप में सुधार पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के उत्पादों को बेहतर ब्रांडिंग और विपणन मंच उपलब्ध होगा। उद्योग मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अन्य राज्यों में संचालित सफल हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण करें। वहां की बेहतर कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण माडल और नवाचारों से प्रेरणा लेकर उन्हें बिहार में लागू करें। अंतरराज्यीय अनुभव साझा करने से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और राज्य के बुनकरों व कारीगरों को आधुनिक तकनीक एवं बाजारोन्मुख कौशल से जोड़ा जा सकेगा। मंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प के प्रचार-प्रसार के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया जाए। इससे राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ा जा सकेगा। बैठक में विभाग के सचिव कुंदन कुमार, एमएसएमई के निदेशक अमन समीर, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशक विद्यानन्द सिंह, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



घर में लगी आग से दंपति की मौत

गयाजी(नबिटा ब्यूरो)। जिले के चाकंद थाना अंतर्गत बिथो गांव में मंगलवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घर में अचानक आग लगने से झुलसकर एक दंपति की मौके पर ही मौत हो गई जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान सरयू साव के पुत्र प्रमोद साव और उनकी पत्नी के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार प्रमोद साव अपने घर में पत्तल बनाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान घर में विद्युत चिंगारी से अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में फंसे प्रमोद साव और उनकी पत्नी बाहर नहीं निकल सके और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन और ग्रामीण कुछ कर पाते, उससे पहले ही दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चाकंद के थानाध्यक्ष शिवम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सहित आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।



बांकीपुर विधानसभा के बीएलए 2 और मंडल कोर कमिटी की बैठक में नितिन नवीन ने दिया मार्गदर्शन

चुनाव में प्रचंड बहुमत में बीएलए 2 ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना महानगर अंतर्गत बांकीपुर विधानसभा के बीएलए 2 और मंडल कोर टीम की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में बीएलए 2 पहुंचे। बैठक में स्थानीय विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने जहां मार्गदर्शन के तौर पर अपनी बातें रखी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। बैठक में जहां आगे की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गयी वहीं संगठन को और मजबूत और सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मार्गदर्शन के तौर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मिली सफलता को लेकर बीएलए 2 और सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत में बीएलए 2 की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले एसआईआर में भी उन्होंने अपनी कर्त्तव्यपरायणता से कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह अभी पराकाष्ठा नहीं है। अभी हमें और लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने हम पर विश्वास कर एक बार फिर से सरकार बना दी है जिससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है और हमें इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना भी है। उन्होंने बैठक में सभी अपनी जिम्मेदारी निर्वहन की अपील करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार पर बड़ा भरोसा जताया है और इस भरोसे पर हम सभी को खरा उतरना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, क्षेत्रीय प्रभारी संजय खंडेलिया, पटना की उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, धनराज शर्मा के अलावा मंडल के अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री अजित कुमार लाली ने किया।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर में किया। सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और सांसद रविशंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि पटना साहिब सांसद खेल महोत्सव का आज बहुत ही प्रभावी उद्घाटन हुआ। प्रधानमंत्री की अगुवाई में एक बहुत ही लोकप्रिय योजना साबित हो रही है जिसके अंतर्गत लोकसभा सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न खेलों का आयोजन करते है ताकि नई प्रतिभा को अवसर मिलें। आज के उद्घाटन सत्र में मूलतः पांच खेल फुटबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो, योगा और बास्केटबॉल में लगभग हजारों छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। छोटे - छोटे बच्चियां भी योगा में जिस उत्साह से अभ्यास किया वह बहुत ही प्रभावी क्षण था। सांसद खेल महोत्सव में युवा प्रतिभागियों के साथ ही उनके माता-पिता का उत्साह अभिनंदनीय है। पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज केंद्र सरकार की खेल नीति को प्रभावी रूप देने के कारण बच्चियां बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर रही है और कुश्ती में भी अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कॉमनवेल्थ, ओलांपिंग, एशियन्स गेम्स में बहुत ही अच्छा रहा जिस उत्साह से बच्चे इसमें भाग ले रहे हैं इससे बच्चे और बच्चियां के प्रतिभा को नया अवसर मिलेगा ताकि वे और ऊंचाई प्राप्त करेंगे। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया व सांसद खेल महोत्सव जैसे पहल से खेल और छोटे-छोटे शहरों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। सांसद रविशंकर प्रसाद और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बास्केटबॉल खेल में गोल कर खेल का शुभारम्भ किया। सांसद खेल महोत्सव में युवा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह , कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी और अन्य खेल संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। यह सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 दिसंबर 2025 को होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़ेंगे और पाटलिपुत्र खेल परिसर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व विधानपरिषद के सदस्य नंदकिशोर यादव, कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे और प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

डॉ. एन.के. झा बने इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना विश्वविद्यालय के अप्लाइड इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स विभाग के डॉ. (प्रो.) एन.के. झा बेंगलुरु, कर्नाटक के गार्डेन सिटी यूनिवर्सिटी में इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 19-21 दिसंबर को 76वें ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस के वार्षिक अधिवेशन के चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर वाइस प्रेसिडेंट के पद पर चुने गए हैं। सबसे गौरव की बात यह है कि इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के पूर्वोत्तर जोन जिसमें लगभग देश के आधे राज्य आते हैं और देश का सबसे बड़ा जोन माना जाता है। आईसीए के 75 वर्षों के इतिहास में इस जोन से आज तक किसी ने सेंट्रल पैनल में किसी भी पद पर अपनी जीत हासिल नहीं की। इनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए होगा। ज्ञातव्य हो कि डॉ. झा ने अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार शानदार जीत दर्ज की है वे तीन वर्ष पूर्व औरंगाबाद, महाराष्ट्र में आयोजित आईसीए के 73वें अधिवेशन के चुनाव में ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर चुने गए थे। डॉ. झा राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरी बार इतने बड़े बहुमत से जीतने वाले प्रथम व्यक्ति हैं। वे पटना विश्वविद्यालय के लगभग सभी बड़े पदों पर अपना सफलतापूर्वक योगदान दे चुके हैं। कुल 713 वोटों में डॉ. झा को पूरे देश से 457 वोट मिले। डॉ. झा ने कहा कि पिछले दायित्व के तुलना में इस बार और भी काफी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस पर खड़ा होने का पूरा प्रयास करेंगे। डॉ. झा के इस सफलता से पूरे बिहार में खुशी की लहर है इसके लिए उनको देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोगों ने उनको बधाई दी है।

सब्जी से समृद्धि, आत्मनिर्भर किसान : बिहार की खेती को नई दिशा

कोल्ड-चेन, तकनीक और 'बिहार फ्रेश' से लोकल से ग्लोबल की ओर : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प–अर्थात वैज्ञानिक शोध को सीधे खेत तक पहुंचाने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हर भारतीय की थाली में बिहार का एक व्यंजन के दूरदर्शी विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में आज बिहार ने एक और निर्णायक कदम बढ़ाया। इसी क्रम में कृषि विभाग, बिहार द्वारा ब्लसब्जी से समृद्धि, आत्मनिर्भर किसान विषय पर आज कृषि भवन, पटना के सभागार में हितधारकों के साथ एक उच्चस्तरीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री राम कृपाल यादव थे तथा बैठक की अध्यक्षता प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार ने की। इस परिचर्चा का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 के लिए बिहार में वैज्ञानिक पद्धति से उच्च मूल्य वाली सब्जियों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन हेतु एक ठोस नीति एवं रोडमैप पर व्यापक मंथन करना रहा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप हमारा प्रयास है कि आधुनिक अनुसंधान, उन्नत बीज, नई तकनीक और नवाचार सीधे किसानों के खेत तक पहुंचे। वहीं मुख्यमंत्री का सपना है कि बिहार के अन्न, सब्जी और व्यंजन देश की हर थाली की पहचान बनें। उन्होंने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए धान-गेहूं के साथ-साथ सब्जी, फल, फूल और औषधीय फसलों को मुख्यधारा में लाना आवश्यक है। इस अवसर पर विशेष सचिव डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, प्रबंध निदेशक भेजफेड एवं बिहार राज्य भंडार निगम डॉ. गगन, निदेशक पीपीएम संतोष कुमार उत्तम सहित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न हितधारक उपस्थित रहे।

दीपोत्सव सुशासन की प्रेरणा को जीवंत रखने का प्रतीक : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर बिहार भाजपा द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं के पास दीप जलाए गए और रोशनी की गई। अटल बिहारी की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश कार्यालय को दीपों से सजाया गया। इधर, पाटलिपुत्र गोलंबर के पास अटल पार्क में भी दीपोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा यह दीपोत्सव अटलजी के विचारों, राष्ट्रनिष्ठा और सुशासन की प्रेरणा को जीवंत रखने का प्रतीक है। उनका मार्गदर्शन आज भी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी की जहां भी प्रतिमा है या उनके नाम पर भवन, संस्थाएं हैं, वहां दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया है। उन्होंने कहा वाजपेयी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया। आज भी उनके देश के प्रति समर्पण का भाव करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर देश को समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सहभागिता निभाने का आहवान करते हुए कहा कि यही पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पद चिन्हों पर चलकर देश को समृद्ध, आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हुए हैं। उनका प्रयास ही है कि आज हम दुनिया भर में तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में शामिल हैं। दीपोत्सव कार्यक्रम में विधायक संजीव चौरसिया, महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, अमिता भूषण राठौड़, जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, प्रदेश मंत्री शोभा सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मीना झा , प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल, प्रभात मालाकार, मंडल अध्यक्ष कल्पना कुमारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला कार्यकर्ताओं ने रंगोली और दीप की तैयारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रधानमंत्री के सपने को साकार करेंगे नितिन नवीन : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। आज एयरपोर्ट के आगे अरण्य भवन के पास बीजेपी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार द्वारा बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का हजारों लोगों के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बीजेपी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि आज बिहार के लिए गौरव का दिन है। बिहार का बेटा देश का नेता बनकर हमलोग के बीच आए है जिससे हम लोगों के बीच काफी उत्साह एवं उमंग का माहौल है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से पूरे देश में युवाओं में उत्साह है जिससे पार्टी में पूरे देश के युवा भारी संख्या में पार्टी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जो साधारण को भी देश के सर्वोच्च्य पद पर बैठाने का काम करती है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी पूरे देश में मजबूती से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जो संकल्प है कांग्रेस मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि चुनाव के बाद बिहार को विशेष तोहफा देंगे। वह तोहफा नितिन नवीन को दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर दिए है। इसके लिए नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय नेतृत्व के प्रति बिहार के जनता की ओर से आभार व्यक्त करते है और विश्वास दिलाते हैं कि जिस उम्मीद से नितिन नवीन को आपने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है उस उम्मीद को नितिन नवीन अपने कुशल नेतृत्व में पूरा करेंगे और कश्मीर से कन्याकुमारी तक बीजेपी का झण्डा बुलंद करेंगे।

देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में क्रिसमस पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन प्रेम, करुणा, सेवा और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का प्रेरक अवसर बना। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सजीव प्रस्तुतियां दी गईं जिनमें गीत, संगीत एवं सामूहिक सहभागिता से परिपूर्ण गतिविधियां शामिल रहीं। विशेष आकर्षण के रूप में प्राध्यापकों एवं बी.एड. प्रशिक्षुओं के मध्य आयोजित अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता ने पूरे सभागार को आनंद, उत्साह और पारस्परिक सौहार्द से भर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश कुमार नारायण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा तथा अटल इनक्यूबेशन सेंटर के सी ओ ओ (मुख्य परिचालन अधिकारी) प्रमोद कर्ण ने क्रिसमस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार प्रेम, क्षमा, त्याग और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी शिक्षकगण, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सदैव सत्य, नैतिकता और मानव मूल्यों के पथ पर अग्रसर रहने का आहवान किया।

मानव सेवा ही सच्ची साधना : अरविंद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु एक सराहनीय सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पटना के विभिन्न मोहल्लों में 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को विंडचिटर (गरम जैकेट) वितरित किए गए। इस अवसर पर नारायण रेकी के पटना हेड अरविंद कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड में सड़क किनारे रहने वाले, मजदूर वर्ग, रिक्शा वाले, सब्जी वाले, वृद्ध एवं असहाय लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी ने बताया कि नारायण रेकी का उद्देश्य मानव सेवा के भाव से जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना है।

जीकेसी एक फरवरी को मनाएगा स्थापना दिवस, देश-विदेश में एक साथ होंगे भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में बिहार सरकार में एकमात्र कायस्थ मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीकेसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार भी प्रकट किया। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि आगामी 1 फरवरी 2026 को जीकेसी का स्थापना दिवस देश-विदेश में एक साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में स्थित जीकेसी की इकाइयों द्वारा समानांतर रूप से आयोजित किया जाएगा। राजधानी पटना में इस अवसर पर केंद्रीय और बृहत स्तर का मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थल पर आयोजन, जीकेसी का झंडा गुब्बारों के माध्यम से आकाश में लहराने के लिए बैलून लॉन्च, सभी आयोजन स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन तथा 'एक साथ दीप से दीप जलाने' का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जो एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां होंगी तथा पूजा समितियों और कायस्थ समाज के विशिष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने की। बैठक में ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान, बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, राष्ट्रीय संयोजक धनंजय प्रसाद, संगठन सचिव बलराम श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। जीकेसी का यह स्थापना दिवस आयोजन कायस्थ समाज की एकता, सांस्कृतिक पहचान और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त प्रतीक बनेगा।

सीबीसी, पटना द्वारा महाराजा महाविद्यालय, आरा में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा/पटना। महाराजा महाविद्यालय, आरा के प्रांगण में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 24 से 26 दिसम्बर 25 तक 'विकसित भारत @ 2047' विषय पर आयोजित होने वाले 3 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ संजय सिंह टाइगर, मंत्री, श्रम संसाधन सह युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ, भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव आदित्य विजय जैन, पदम श्री पुरुस्कार से सम्मानित भीम सिंह भवेश, राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरुस्कार से सम्मानित अनिता गुप्ता, बिहार महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ हुलेस मांझी, आरा डाक अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

नववर्ष की शुभकामनाएं, कबाड़ से जुगाड़ की सजावट संग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बी.डी. कॉलेज के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार को एक नई दिशा देते हुए कबाड़ से जुगाड़ तकनीक का प्रयोग कर कॉलेज परिसर को सजाया। यह पहल कॉलेज की सर्दियों की छुट्टियों से ठीक पहले नए वर्ष के आगमन पर शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से की गई।

छात्रों ने पुराने सामान, अनुपयोगी वस्तुएं और कबाड़ सामग्री को एकत्र कर उनसे आकर्षक सजावटी वस्तुएं, रंगीन लाइट स्टैंड, पर्यावरण-अनुकूल शोपीस, क्रिसमस ट्री और आकर्षक मूर्तियां तैयार कीं। इस पहल ने न केवल उनकी तकनीकी दक्षता को उजागर किया बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण के महत्व को भी रेखांकित किया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह गतिविधि युवाओं में सृजनशीलता, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करती है। छात्रों ने अपने संदेश में कहा- हम चाहते हैं कि नया वर्ष सभी के जीवन में खुशियां, ऊर्जा और सकारात्मकता लेकर आए। कबाड़ से जुगाड़ तकनीक के माध्यम से हमने यह दिखाया है कि सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं।

प्रो. रत्ना अमृत का नववर्ष संदेश

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस अवसर पर छात्रों और समाज को संबोधित करते हुए कहा नया वर्ष नई आशाओं और नए संकल्पों का प्रतीक है। हमारे छात्र जिस तरह कबाड़ से जुगाड़ तकनीक का प्रयोग कर रचनात्मकता और पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। मैं कामना करती हूं कि आने वाला वर्ष सभी के जीवन में स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति लेकर आए। इस अवसर पर प्राचार्या ने 2026 की छुट्टियों का आकर्षक कैलेंडर जारी किया और केक काटकर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

दिशा की बैठक में सड़क सुरक्षा पर की गई चर्चा

अधिकारी चिह्नित दुर्घटनास्थलों पर त्वरित कार्रवाई करें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास जिले में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति रोहतास की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में काराकाट के सांसद राजा राम सिंह एवं सासाराम के संसद मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकगण भी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला



परिवहन पदाधिकारी सहित जिले के तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान कर उनके निराकरण हेतु ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। विभिन्न प्रकार के वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों/स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की समीक्षा, वाहन दुर्घटना मुआवजा से संबंधित प्रावधानों तथा हिट एंड रन मामलों की थाना-वार समीक्षा भी की गई। संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श करते हुए सड़क सुरक्षा के लिए प्रवर्तन को सख्त करने, जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने, सड़क इंजीनियरिंग सुधारों को प्राथमिकता देने तथा अंतरविभागीय समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया गया। गुड सेमेरिटन के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। सांसद राजा राम सिंह एवं उपस्थित विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित सड़क सुरक्षा के मुद्दों, दुर्घटना संभावित स्थलों तथा आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्ययोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों की नियमित समीक्षा की जाएगी। ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

डीडीयू जंक्शन पर अनारक्षित टिकट पर विशेष जागरूकता अभियान

नुक्कड़ नाटक एवं प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से यात्रियों को दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए अनारक्षित टिकटों की प्रामाणिकता से संबंधित विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन के निर्देश पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) के मुख्य भवन के पैसेंजर क्षेत्र में मंडल के वाणिज्य विभाग तथा स्काउट एवं गाइड सदस्यों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से यात्रियों को अनारक्षित टिकटों की विशिष्ट सुरक्षा विशेषताओं, अधिकृत माध्यमों से टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा डिजिटल सत्यापन की सरलता के बारे में जानकारी दी गई। नाटक संवादात्मक एवं रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया जिससे यात्रियों को सहज रूप से यह समझाया जा सके कि वैध टिकट से यात्रा करना न केवल सुविधाजनक है, बल्कि यह यात्रा अनुभव को भी सुरक्षित बनाता है। इस अवसर पर मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधकों विजेंद्र कुमार तथा अरविंद कुमार द्वारा यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया गया।

कड़ाके की ठंड और शीतलहर को लेकर जिला प्रशासन ने प्रमुख चौक-चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास जिले में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई है। इस बीच सासाराम नगर निगम क्षेत्र के कुल 26 स्थानों पर अलाव जलाया गया है। ताकि राहगीरों, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव मिल सके। सासाराम शहर में अलाव जलाने के लिए जिन प्रमुख स्थानों को चिन्हित किया गया है उनमें पोस्ट ऑफिस मोड़, करगहर मोड़, पुराना बस पड़ाव, बौलिया मोड़,



माइको पर, बैंक कॉलोनी मोड़, नया बस पड़ाव, फजलगंज, बेदा नहर पर, रेलवे स्टेशन (दोनों तरफ), धर्मशाला मोड़, बैंक कॉलोनी मोड़, शेरगंज, बस्ती मोड़, नवरतन बाजार, जानी बाजार, गोला थाना के पास, चौक बाजार, तकिया बाजार, तकिया बाजार समिति गेट के पास, सागर मोड़, चौखंडी, गांधी नीम, नूरनगंज, दुर्गा मंदिर अड्डा रोड, न्यू एरिया मोड़, रौजा रोड सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जी राम जी अंतर्गत 26 को जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी राम जी (विकसित भारत जी राम जी) अधिनियम 2025 के अंतर्गत जागरूकता हेतु प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में 26 दिसंबर 2025 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। पीटीए मनरेगा रामपुर विजय कुमार ने बताया कि अधिनियम 2025 विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप है यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेता है। इस अधिनियम का उद्देश्य अधिकार आधारित ढांचे के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार को सुदृढ़ करना, आजीविका के विविधीकरण को बढ़ावा देना तथा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है जिसके अंतर्गत मजदूरी, रोजगार एवं आजीविका के अवसरों तक गारंटी सुधार पहुंच प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है जिसमें ग्रामीण श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा।

इ-केवाइसी करा लें नहीं तो राशन कार्ड से कट जाएगा नाम

रामपुर में लगभग 15 हजार लाभुकों पर संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। राशन योजना के अंतर्गत राशन कार्डधारकों के लिए आधार सीडिंग यानी इ-केवाइसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग ने इसके लिए 30 दिसंबर 2025 तक की अंतिम तिथि तय की है। निर्धारित समय सीमा के भीतर इ-केवाइसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा जिससे उन्हें भविष्य में सरकारी राशन का लाभ नहीं मिल सकेगा। आपूर्ति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर प्रखंड में 15097 राशनकार्डधारी है जिसमें 71693



सदस्य है उसमें 14869 लाभार्थियों की इ-केवाइसी अब तक लंबित है जिन्होंने अब तक इ-केवाइसी नहीं कराई है जबकि वे सरकारी राशन योजना के तहत राशन उठा रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्विनी आनंद ने बताया कि इ-केवाइसी सभी राशन कार्डधारकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने साफ व शब्दों में कहा कि जिन लाभार्थियों की इ-केवाइसी 30 दिसंबर 2025 तक पूरी नहीं होगी, उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलर के यहां जाकर इ-केवाइसी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इ-केवाइसी की प्रक्रिया 30 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगी। सभी लाभार्थियों से समय रहते आधार सीडिंग (इ-केवाइसी) सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। ताकि राशन वितरण में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो।

वीर बालक कमलेश के परिजन प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से होंगे सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर (भभुआ) के मोहनियां प्रखंड अंतर्गत जैतपुर भदवलिया ग्राम निवासी दिवंगत वीर बालक कमलेश कुमार के अदम्य साहस, मानवता एवं परोपकार की भावना को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 26 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। 11 वर्षीय



कमलेश कुमार ने दुर्गावती नदी में डूबते एक अन्य बच्चे की जान बचाने के प्रयास में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उनके इस असाधारण साहसिक कृत्य ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आज उनके परिजन जिला प्रशासन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास विभाग की देखरेख एवं समन्वय में नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किये हैं। जिला प्रशासन द्वारा परिवार को आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग एवं सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यह सम्मान वीर बालक कमलेश कुमार के बलिदान, साहस और मानवीय मूल्यों को चिरस्थायी स्मृति प्रदान करेगा तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला प्रशासन, कैमूर (भभुआ) वीर बालक को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना एवं सम्मान प्रकट करता है।

क्रिसमस मिलन समारोह किया जाएगा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। न्यू डिलियों के क्रिश्चयन चर्च में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त बातें जेम्स के मिन्स्ट्री सुपरिटेन्डेण्ट भाई राकेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूम में तमिलनाडू के चिदम्बरम संसदीय क्षेत्र के सांसद डा. थिरूमावलम व सासाराम के संसदीय क्षेत्र मनोज कुमार, जेम्स संस्था के संस्थापक डी. अगस्टीन जेबा कुमार मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर जेम्स संस्था के पी आर ओ विक्टर अल्फ्रेड, गोफोर्थ जेबाकुमार, एमरसन, पास्टर विक्टर इम्मानूएल, पास्टर शामूएल जॉनसन, विनोद मसीह, सुनिल भाई अनुप, मिथिलेश आदि मौजूद थे।

फरार चल रहे नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक गांव में कांड संख्या 17/20 पुराने जमीनी विवाद में मारपीट के मामले में दो नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि 28 जनवरी 2020 को पूर्व विधायक फते बहादुर सिंह के साथ बांक गांव में जमीन को लेकर के मारपीट की गई थी इसी मामले में फते बहादुर सिंह के द्वारा स्थानीय थाने कामता यादव, अयोध्या महतो, बिहारी राम सहित कुल 42 लोगों को नामजद किया गया था वही दर्जनों अज्ञात लोगों पर भी केस किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था वहीं कई लोग फरार चल रहे थे। अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि इस मामले में भुअर उर्फ अजय कुमार और भोला यादव दोनों ग्राम जतन बिगहा के रहने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एक अन्य पूर्व मामले 381/25 में शराब के मामले में फरार चल रहे गोधन पासवान को ग्राम कैथी के रहने वाले को दो लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

'भारतीय मानक और उपभोक्ता अधिकार' विषय पर जागरूकता एवं क्विज कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला। जन अधिकार फाउंडेशन द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के युवाओं के साथ राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 'भारतीय मानक और उपभोक्ता अधिकार' विषय पर जागरूकता एवं क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपभोक्ताओं में स्थायी एवं परम्परागत जीवन शैली चुनने के प्रति जागरूकता लाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर शिक्षाविद् मदन चन्द्रवंशी ने कहा कि आज डिजिटल युग में फेसबुक जैसे अन्य भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से आम लोगों की जेब कट रही है। नकली एवं गलत सामान की आपूर्ति हो रही है जिसे सावधान एवं मानसिक परेशानी से बचने की जरूरत है। युवाओं से विशेष अपील किया गया कि वस्तुओं की खरीद के मामले में हमेशा स्थायी या पारम्परिक तरीकों को ही अपनाएं ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। किसी प्रकार की धोखाधड़ी के मामले में प्रत्येक जिला में उपभोक्ता फोरम बनाया गया है जहां आसानी से शिकायत कर न्याय प्राप्त किया जा सकता है। सुजीत कुमार ने कहा कि इस वर्ष विभिन्न स्तरों पर पांच सौ लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है।

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। स्थानीय शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय बुधवार को हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा आधारित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों सहित छात्रों के स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित बातों की जानकारी दी गई। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के आयोजन से पूर्व विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बैठक की सूचना मोबाइल एवं चेतना सत्र में उपस्थित छात्रों के द्वारा पहुंचने का कार्य किया गया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन एवं छात्र गतिविधि आधारित शिक्षण छात्रों के बौद्धिक स्तर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक सशक्त माध्यम है वहीं छात्रों के उनकी विशेषता का आकलन कर शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा अभिभावकों को हरेक बच्चा की श्रेष्ठता को बताने का कार्य किया गया। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में विद्यालय के शिक्षिका चंचल द्विवेदी, नरेश प्रसाद, नसरीन, सुजाता प्रसाद एवं मोनू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

खेल एकता और अनुशासन का प्रतीक : अनुज कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। स्थानीय खेल मैदान, पड़ाव में आयोजित फुटबॉल मैच का उद्घाटन डिहरी के युवा एवं लोकप्रिय नेता अनुज कुशवाहा ने किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अनुज कुशवाहा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और भाईचारे का भी प्रतीक है। खेल से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और समाज को सही दिशा मिलती है। मैच के व्यवस्थापक ललन सिंह उर्फ बड़ा बाबू ने बताया कि यह फुटबॉल मैच कमेटी के दिवंगत सदस्य पप्पू सिंह की स्मृति में आयोजित किया गया है। ताकि उनके योगदान को याद रखा जा सके। फुटबॉल मैच औरंगाबाद और कैमूर के बीच हुआ। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष शंभूराम, भाजपा नेता मनोज पासवान, रवि पासवान, सुनील चौबे, इम्तियाज अंसारी, रमेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

खोया-पाया

मैं, अमित कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष पिता महेश यादव, साकिन मौजा-कटारी, थाना अंचल-चंदौती, जिला-गया (बिहार) 823001, आधार नं. 7940 3943 3796, मो0 नं0 9661115361 का स्थायी निवासी हूं। सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरी पत्नी सुनिता देवी दिनांक 01.12.2025 को अपने पूर्व दस्तावेज का फोटो कॉपी करवाने करीब 05:30 बजे बाजार गई थी जिसके क्रम में मेरे जमीन का एक पूर्व का विक्रय पत्र सं0 53, जिल्द नं0-478, पेज नं0-152 से 156 विक्रय पत्र दिनांक 03.01.2000 ई0 तैयारी वर्ष 2003 है जिसका निबंधन कार्यालय गया है। जिसका खाता सं0 91, खेसरा सं0 297/421 रकवा 2722 स्क्वायर फीट है थाना नं. 182 जिसमें क्रेता बीबी यासमीन सुल्ताना पति मो. आरिफ मसउद के नाम से था। कहीं गीर के खो गया। काफी खोज-बीन किया, लेकिन कही भी नहीं मिला। जिसका सनहा चन्दौती थाना में SD No. 504/25 दर्ज है।

अगर किसी व्यक्ति को मिले। अमित कुमार पिता महेश यादव मो. 9661115361 पर सूचित करें या फिर महिन्द्रा होम फाइनेंस में रणधीर कुमार (अधिवक्ता) मो.8271919120 पर सूचित करें ताकिद जानें।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि उपर लिखित सभी बातें मेरी जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
अमित कुमार

28 को कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बुद्धिजीवी चेतना मंच डिहरी डालमियानगर ने गरीबों एवं असहायों के सहायतार्थ कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह समारोह 28 दिसंबर को केदारनाथ उत्सव भवन, सुभाषनगर, वार्ड नंबर 14 डिहरी में आयोजित होगा। इसकी जानकारी संस्थापक सह सचिव केदारनाथ सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

पूर्व वार्ड पार्षद जागरूक सिंह नहीं रहे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। नगर परिषद क्षेत्र के शिवगंज के पूर्व वार्ड पार्षद, राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी जागरूप सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सोन तट पर किए गया। उनके पुत्र दिनेश सिंह ने मुखाग्नी दी। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके घर सासाराम के वरिष्ठ अधिवक्ता शाहनवाज हुसैन, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहन लाल मेहता, पूर्व अध्यक्ष शंभू राम, रालोमो के वरिष्ठ नेता अनुज कुशवाहा, वीआईपी के वरिष्ठ नेता राजू चौधरी, वार्ड पार्षद मीना देवी, पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, हरे राम पासवान, संजय गुप्ता पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, दीपक दास, वार्ड पार्षद आनंद कुमार चौधरी आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

स्वामी सार्धानन्द सरस्वती का बलिदान दिवस डिहरी में श्रद्धा व सम्मान के साथ मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी में स्वामी सार्धानन्द जी का बलिदान दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री यश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने स्वामी सार्धानन्द जी के जीवन, उनके त्याग, तपस्या एवं राष्ट्र व समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य स्वामी रंगनाथाचार्य ने कहा कि स्वामी सार्धानन्द जी का बलिदान हमें यह सिखाता है कि जब समाज और धर्म पर संकट आए, तब चुप रहना अपराध होता है। उनका जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल है। आज हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को जागृत करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री यश उपाध्याय ने कहा कि स्वामी सार्धानन्द जी का संपूर्ण जीवन समाज सुधार,



राष्ट्र जागरण और धर्म रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

अपने संबोधन में विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार विभाग प्रान्त सह प्रमुख भोला चौहान ने कहा कि स्वामी सार्धानन्द जी केवल एक संत ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के महान प्रतीक थे। उन्होंने समाज को संगठित करने और हिंदू समाज को आत्मसम्मान के साथ खड़ा होने की प्रेरणा दी। उनका बलिदान हमें राष्ट्र और समाज के लिए सतत संघर्ष का मार्ग दिखाता है। वहीं विभाग मंत्री विकास जी ने कहा कि स्वामी सार्धानन्द जी ने अपने विचारों और कार्यों से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और जीवन भर धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य किया। आज के समय में उनके विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। वही बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख दीपक दास ने कहा कि स्वामी सार्धानन्द जी का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतावनी भी है और प्रेरणा भी। युवा वर्ग यदि उनके विचारों को अपनाए, तो राष्ट्र को कोई कमजोर नहीं कर सकता। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने स्वामी सार्धानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन बजरंग दल नगर संयोजक अमर सिन्हा ने शांति पाठ पढ़ कर किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर प्रान्त परियोजना प्रमुख अर्जुन प्रसाद केसरी, बजरंग दल जिला संयोजक चंदन गुप्ता, जिला गौ रक्षा प्रमुख रणधीर कुमार, नगर सह मंत्री दीपक गुप्ता, रंजन यादव, पुर्नवासी यादव, राजा ठाकुर, मुकेश आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(अज्ञात मृत पुरुष के शव का फोटो, उम्र–करीब 50 वर्ष)



दिनांक–15.12.2025 को समय करीब–07:00 बजे संध्या को नगरउंटारी थाना अन्तर्गत ग्राम–चचेरिया स्थित रेलवे ट्रैक के पास पॉल संख्या–46/29 के बीच एक अज्ञात पुरुश के शव को बरामद किया गया है। प्रथम दृश्टया मृतक का मृत्यु ट्रेन के चपेट में आने से होना प्रतीत होता है। मृतक का फोटोग्राफी किया गया तथा दिनांक–16.12.25 को अज्ञात शव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कार्रवाई किया गया है। तथा इस संबंध नगर उंटारी थाना सनहा सं0–13/25 दिनांक–15.12.25 अंकित किया गया है। उक्त अज्ञात शव का पहचान करने का काफी प्रयास किया गया है। परन्तु उक्त अज्ञात शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– उम्र करीब–50 वर्ष, रंग–गोरा, बाल–सफेद एवं काला रंग एवं आंख–काला, पहनावा–कथा रंग का शर्ट एवं इनर ब्लू रंग का एवं सफेद रंग का चेकदार लुंगी एवं आसमान रंग का जांघिया पहना हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 369292 (Police)25-26*D

एक नजर

महिला पुलिस ने घायल विक्षिप्त व्यक्ति की जान बचाई

नवादा। नवादा में महिला पुलिस की खूब तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो में पुलिस की मानवीय चेहरा देखने को मिला है। जिसमें नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र में 112 पुलिस टीम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क किनारे घायल पड़े एक विक्षिप्त व्यक्ति की जान बचाई। गश्ती पर तैनात महिला सिपाही अस्तुरन देवी और चालक खुर्शीद आलम ने तत्परता, साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिना देर किए घायल को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि 112 पुलिस टीम गश्ती पर थी, तभी सूचना मिली कि नवाबगंज मोड़ के पास सड़क किनारे झाड़ियों में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही टीम मात्र 2 से 3 मिनट के अंदर मौके पर पहुंच गई। घायल व्यक्ति दर्द से कराह रहा था और चलने की स्थिति में नहीं था। ऐसे में पुलिस टीम ने बिना किसी देरी के उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरदला पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के बाद भी कोई सहारा उपलब्ध नहीं होने पर महिला सिपाही और चालक ने स्वयं अपने कंधों पर उठाकर घायल को ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाया। जिसकी खूब तारीफ हो रही है।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नगरनौसा (नालन्दा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में मंगलबार की संध्या अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी कर 16 लीटर अवैध चुलाई गई देशी शराब के साथ विशुणधारी चौधरी के पुत्र विकास कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

वारंटी गिरफ्तार

नगरनौसा (नालन्दा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अरियावां गांव में बीती रात्रि पुलिस ने छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। वारंटी की पहचान विंदेश्वर पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि इस पर कोर्ट कंप्लेंट में पुराना कांड दर्ज है

टीएस कॉलेज हिसुआ की शिक्षिका को कुलपति ने किया सम्मानित



हिसुआ। नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी एस कॉलेज हिसुआ के शिक्षिका डॉ दिव्या पाण्डेय को सम्मानित किया गया। दर्शन परिषद द्वारा आयोजित 47 अधिवेशन जो कि 21 से 23 दिसंबर 2025 तक नालंदा खुला विश्वविद्यालय, नालंदा के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इसमे प्रस्तुत आलेखों में सर्वश्रेष्ठ आलेख टी एस कॉलेज हिसुआ के दर्शनशास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ. दिव्या पाण्डेय का होने बाद मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही द्वारा द्वारा डॉ दिव्या पाण्डेय को डॉ विजय श्री स्मृति युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस वार्षिक अधिवेशन में पूरे देश भर के विभिन्न महाविद्यालयों के सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया था, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस पी शाही इस अधिवेशन में अथिति के रूप में शामिल थे। डॉ दिव्या पाण्डेय के सम्मानित होने के उपरांत टी.एस.कॉलेज हिसुआ के प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा महाविद्यालय का मान सम्मान बढ़ाने के लिए बधाई दिया गया। डॉ.दिव्या पाण्डेय के सम्मानित होने पे महाविद्यालय के वितेक्षक डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ सुनील कुमार दुबे, डॉ संजय कुमार, डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ मुकेश कुमार, डॉ पूनम भारती, डॉ. प्रभाकर, डॉ चंदन कुमार सिंह, डॉ मांडवी रानी, डॉ उपेन्द्र मिश्रा, सिंधुकांत, राधारमण, शंकर बबीता आदि ने बधाई दी।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नारदीगंज,नवादा। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बुधवार को आयोजित हुई। आयोजित शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के निर्देशानुसार पर हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार ने शिविर में आये प्रखंड के विभिन्न गांवों के 15 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच किये। उसके बाद उन्हें दवाई देकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद,सचिव श्रीकांत सिंह, फणीन्द्र मिश्र, सियाशरण दास, कामता प्रसाद सिंह समेत अन्य पेंशनरों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराया।

छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

हिलसा (नालंदा)। हिलसा थाना पुलिस ने पाक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के कोशियावा गांव निवासी समरजीत कुमार के रूप में हुआ है। पुलिस के अनुसार यह मामला करीब तीन माह पूर्व हिलसा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी हुई थी। पीड़िता के मां ने इस संबंध में हिलसा थाना में समरजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले के अनुसंधानकर्ता और हिलसा थाने के पुलिस पदाधिकारी सिद्धार्थ आनंद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही आरोपी समरजीत कुमार फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है।

सांसद ने किया सप्तऋषि डिग्री कॉलेज का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रजौली (नवादा)। प्रखंड के अमावां मोड़ स्थित सप्तऋषि डिग्री कॉलेज का निरीक्षण नवादा सांसद विवेक ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान रजौली विधायक विमल राजवंशी,भाजपा जिला मंत्री गौरव शांडिल्य गगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता रंजन सिंह बब्लू, कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, सचिव चंचल अर्जुन समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सांसद ने कॉलेज की अकादमी, संस्थागत एवं वित्तीय स्थिति की गहन समीक्षा की और कई अहम सहयोगियों के साथ कॉलेज प्रबंधन एवं संस्थागत के साथ लंबी बैठक कर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान यह गंभीर मामला सामने आया कि कई कर्मचारियों को अब तक ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला पाया है, जिससे उनकी सेवा से जुड़ी असमंजस की स्थिति खराब हो गई। सांसद ने इस विषय पर संबंधित अधिकारियों से त्वरित समाधान निकालने के निर्देश दिए और कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।इसके बाद नामांकन प्रमाण पत्र से कॉलेज की आय-व्याय से संबंधित सभी अभिलेखों की जानकारी ली।कॉलेज के वित्तीय प्रबंधन, अनुदान की स्थिति, व्यय की प्रक्रिया और विकास कार्य पर खर्च की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कॉलेज की कोचिंग भी की गई, जिसमें बिल्डरों की अलमारियों और इमारतों की साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया गया। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा संस्थानों में वित्तीय संस्थानों की अत्यंत आवश्यकता है और किसी भी प्रकार के संस्थान को शामिल नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ एक लंबी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की शब्दावली, शिक्षण पद्धति और निर्देश जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी ली गई। को न्यूनतम के अनुरूप रखा। सांसद ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि आज से कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था में नए शैक्षणिक सुधार लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय के साथ स्कूल शिक्षा प्रणाली में बदलाव जरूरी है, ताकि छात्रों को पूर्ण शिक्षा मिल सके और वे पर्वतीय और रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इसके लिए परमाणु शिक्षण शास्त्र को आदर्श और नियमित अभ्यास समीक्षक बनाने पर ज़ोर दिया गया। अंत में सांसद ने कॉलेज प्रबंधन को सप्तऋषि डिग्री कॉलेज के समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए शैक्षणिक और शैक्षणिक सुधारों से कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। वहीं कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज के तदर्थ समिति का गठन किया गया।इसमें अध्यक्ष सांसद,रजौली एसडीएम सरकारी प्रतिनिधि,मगध यूनिवर्सिटी से अमित कुमार सिंह के अलावे संस्थापक सदस्य अर्जुन चंचल सदस्य के रूप में चयनित हुए। कॉलेज के संस्थापक अर्जुन चंचल ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन को एनर्जेटिक होकर काम करने की बात सांसद महोदय द्वारा कही गई।साथ ही भारत को विकसित करने में कॉलेज के अहम योगदान देने की बात कही है।इस मौके पर दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

सोहसराय व खंदकपर में आरओबी निर्माण को लेकर डीएम ने रेलवे को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर को पत्र लिखकर बिहारशरीफ शहर में दो महत्वपूर्ण रेलवे उपरी पुल (आरओबी) परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का अनुरोध किया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर एवं आसपास के प्रखंडों में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से आमजन को राहत मिलेगी। डीएम द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि नालंदा जिलांतर्गत बिहारशरीफ–रहुई पथ पर स्थित सोहसराय हॉल्ट के पास रेलवे लेवल क्रॉसिंग संख्या–30 (C/E) पर रेल उपरी पुल–सह–रोटरी के निर्माण का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त खंदकपर स्थित रेलवे लेवल क्रॉसिंग संख्या–34 (A/T) के पास भी रेलवे द्वारा आरओबी निर्माण प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने कहा है कि बिहारशरीफ शहर और आसपास के इलाकों में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण इन दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने, आम लोगों के आवागमन को आसान बनाने तथा दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के लिए इन दोनों आरओबी परियोजनाओं का शीघ्र कार्यान्वयन अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने अपने पत्र में रेलवे से अनुरोध किया है कि सोहसराय हॉल्ट लेवल क्रॉसिंग संख्या–30 (C/E) पर आरओबी–सह–रोटरी तथा खंदकपर लेवल क्रॉसिंग संख्या–34 (A/T) पर प्रस्तावित आरओबी के निर्माण की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही इन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि रेलवे द्वारा शीघ्र पहल किए जाने से बिहारशरीफ शहर को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारु हो सकेगी।

घोड़परास एवं जंगली सुअर नियंत्रण हेतु शूटर की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले के विभिन्न पंचायतों से घोड़परास (नीलगाय) एवं जंगली सुअरों के कारण फसलों को हो रहे नुकसान से संबंधित प्राप्त शिकायतों के आलोक में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के आदेशानुसार जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शूटर को बुलाया गया है। इसी क्रम में वर्तमान में शूटरों द्वारा महुली पंचायत में घोड़परास नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है,जिसमें कुल 26 (छब्बीस) घोड़परास को मार गिराया गया है,जबकि भगवानपुर पंचायत में भी उक्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, आगे प्राप्त होने वाली शिकायतों के आलोक में अन्य पंचायतों में भी चरणबद्ध रूप से शूटर के माध्यम से घोड़परास एवं जंगली सुअर नियंत्रण की कार्रवाई की जाएगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि गैर-वन क्षेत्र में घोड़परास (नीलगाय) एवं जंगली सुअरों के आखेट हेतु संबंधित पंचायत के मुखिया को प्राधिकृत किया गया है।

मकर मेला की तैयारी को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। राजगीर में आयोजित होने वाले राजकीय मकर मेला 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। गौरतलब है कि राजगीर में मकर मेला का आयोजन 14 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। यह मेला राज्य सरकार द्वारा राजकीय मेला घोषित है। मकर मेला के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक विभिन्न कुंडों एवं धाराओं में स्नान, पूजा-अर्चना तथा ऐतिहासिक एवं पर्यटकीय स्थलों के भ्रमण के लिए राजगीर पहुंचते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम ने मकर मेला के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, दही खाओ प्रतियोगिता, आमंत्रण पत्र की व्यवस्था, उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम, पतंग उत्सव, रंगोली, कृषि उत्पाद प्रदर्शनी, उच्च नस्ल की देसी दुधारू पशुओं की प्रदर्शनी, पालकी सज्जा, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, फूड स्टॉल, दंगल प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारी करने का निर्देश दिया। साथ ही राजगीर शहर के सौंदर्यीकरण को भी प्राथमिकता देने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेला के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझा का किसी भी स्थिति में उपयोग नहीं हो, इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

नवादा पुलिस की तत्परता से मिला पीड़िता को न्याय

पॉक्सो मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस के सशक्त एवं त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप एक गंभीर पॉक्सो मामले में पीड़िता को न्याय मिला है। पुलिस के अथक प्रयास और "स्पीडी ट्रायल" की प्रक्रिया के तहत न्यायालय द्वारा दोषी अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई गई है। इस पूरे मामले में नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला थाना कांड संख्या 26/22, धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में मुख्य अभियुक्त विपिन कुमार यादव को न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया। अभियुक्त पर नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण करने तथा अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने का गंभीर आरोप था। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर 5 नवंबर 2022 को महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच शुरू की गई। नवादा पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान, महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन एवं गवाहों के बयान पूरी तत्परता से लिए गए। सभी साक्ष्यों को केस डायरी में विधिवत अंकित कर समय पर आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा इसे "स्पीडी ट्रायल" के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे मामले का शीघ्र निष्पादन संभव हो सका। 23 दिसंबर 2025 को मनोज द्विवेदी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-6 सह विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो कोर्ट नवादा द्वारा मामले की सुनवाई पूरी की गई। न्यायालय ने अभियुक्त विपिन कुमार यादव उर्फ विपिन कुमार, पिता- राजकुमार प्रसाद, उम्र 22 वर्ष, ग्राम थानुवीधा, थाना मेसकौर, जिला नवादा को धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 30,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। इस मामले में नवादा पुलिस की कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर नवादा पुलिस की नीति "जीरो टॉलरेंस" की है और ऐसे मामलों में दोषियों को कठोरतम सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। यह फैसला समाज में एक सशक्त संदेश देता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

जिलाधिकारी नवादा द्वारा बाल देख-रेख संस्थानों का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा आज जिले में अवस्थित बाल देख-रेख संस्थानों, यथा – विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं पर्यवेक्षण गृह, नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संस्थानों में आवासित बच्चों की स्थिति, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संस्थानों में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्वेटर, कंबल आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देश दिए गए।जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को बच्चों की शिक्षा हेतु एक अतिरिक्त शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने हेतु पर्यवेक्षण गृह में योगा शिक्षक की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई तथा पर्यवेक्षण गृह में अतिरिक्त होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही, पर्यवेक्षण गृह परिसर में स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु एक चापाकल अधिष्ठापित करने का निर्देश प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन, नवादा, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ, डीपीओ (शिक्षा) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संगोष्ठी में बच्चों की उपलब्धियों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने पूर्व में ही अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन से संबंधित दिशा- निर्देश विद्यालयों के प्रधानों को दिया था। इसी परिप्रेक्ष्य में पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया। ठंड को लेकर बच्चों को किस तरह से विद्यालय भेजना है, इस पर चर्चा की गई। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता पर भी बातें हुईं। बच्चों को दी जाने वाली फोलिक एसिड टैबलेट की जानकारी दी गई। जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है, उनके अभिभावकों को बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, मो.सोहराब कुरैशी, रेखा कुमारी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिभावक ममता देवी, रुको देवी, आसमा खातून, क्रांति देवी, मंती देवी, निकहत बेगम, नीतू देवी, अरमाना प्रवीण सहित अन्य उपस्थित थे।

डिजिटल स्टूडियो से ऑनलाइन पढ़ाई की नई पहल, डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। जिला शिक्षा विभाग के तत्वाधान में नालंदा जिले में नए शैक्षणिक सत्र से अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। बीपीएससी टीआरई-01, 02 एवं 03 से चयनित अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा सभी विषयों में ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाएगी, जिसमें जेइइ, नीट एवं ओलंपियाड की तैयारी भी शामिल है।

इसी क्रम जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने एस.एस. बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ में संचालित ऑनलाइन क्रैश कोर्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं के लिए चल रहे स्मार्ट क्लास में ऑनलाइन क्रैश कोर्स के प्रसारण को देखा और विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान डीएम ने छात्राओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन भी किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डीएम ने पारंपरिक एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑनलाइन माध्यम से एक शिक्षक एक साथ हजारों विद्यार्थियों को पढ़ा सकता है। उन्होंने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की उपयोगिता, मोबाइल के लाभ-हानि तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर भी छात्राओं को जागरूक किया। डीएम ने छात्राओं को लक्ष्य के प्रति सजग रहकर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी और तकनीक के सहारे अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने आगामी मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा 2026 में बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करने के लिए छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। डीएम ने कहा कि नालंदा की बेटियां मेहनत के बल पर आगे बढ़ेंगी और जिला प्रशासन गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग करेगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी 282 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिहार बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी हेतु "नालंदा लाइव स्मार्ट क्लासेज" के तहत ऑनलाइन क्रैश कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह कोर्स 24 नवंबर 2025 से यूट्यूब चैनल उन्नयन लाइव क्लासेज के माध्यम से चल रहा है, जिसमें एआई और एनिमेशन की सहायता से गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों को सरल एवं रोचक ढंग से पढ़ाया जा रहा है। इसके तहत 5 से 8 जनवरी 2026 के बीच जिलेभर में मॉक टेस्ट (ओएमआर आधारित) आयोजित किए जाएंगे। परीक्षा के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन कर विशेष ट्यूटोरियल एवं ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से उन्हें और बेहतर परिणाम के लिए तैयार किया जाएगा।

नालंदा में महिलाओं के लिए 1 जनवरी से शुरू होगी पिंक बस सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। परिवहन सह ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नालंदा जिले में महिला यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक बस सेवा शुरू करने की घोषणा की है। मंत्री ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना एक जनवरी 2026 से लागू की जाएगी, जो महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

राजगीर और बिहारशरीफ से होगी शुरुआत

मंत्री श्रवण कुमार ने जानकारी दी कि प्रारंभिक चरण में नालंदा जिले में दो पिंक बसों का संचालन किया जाएगा। इनमें एक बस राजगीर से और दूसरी बिहारशरीफ से अपनी सेवाएं शुरू करेगी। इसके अलावा, दो और पिंक बसों का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है, जिससे आने वाले समय में इस सेवा का दायरा और बढ़ाया जाएगा।

तीन प्रमुख रूट पर चलेगी पिंक बस

पिंक बस सेवा के लिए तीन प्रमुख मार्गों का चयन किया गया है। पहली बस पटना से बख्तियारपुर, कल्याण बीघा और हरनौत होते हुए राजगीर तक चलेगी। दूसरी बस पटना से दनियावां होते हुए नूरसराय और ककोलत तक की सेवा देगी। तीसरा मार्ग सबसे लंबा होगा, जिसमें बस पटना से दनियावां, हिलसा, एकंगरसराय, इस्लामपुर और बेन होते हुए राजगीर पहुंचेगी, इसके बाद राजगीर से रजौली तक का सफर तय करेगी। इन मार्गों का चयन इस तरह किया गया है कि स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। पिंक बसों में सिर्फ महिला यात्री ही सफर कर सकेंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी डर या असुविधा के अपनी यात्रा कर सकें। मंत्री ने बताया कि पिंक बसों में महिला ड्राइवर और महिला कंडक्टर की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था पहले से की जा चुकी है।

जैन समाज की महिला साध्वियों का नवादा आगमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जैन समाज के लिए नवादा में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला, जब जैन समाज की सैकड़ों महिला साध्वियों का कारवां नगर में पहुंचा। साध्वियों के आगमन से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया और जैन समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नवादा पहुंचते ही साध्वियों का स्वागत जैन परिवारों और समाजसेवियों द्वारा पूरे श्रद्धा भाव के साथ किया गया। जैन समाज से जुड़े विजय जैन, मनोज जैन, दीपक जैन, संजय जैन सहित कई प्रमुख लोगों ने साध्वियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मौजूद रही, जिन्होंने साध्वियों के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साध्वियों ने अपने संदेश में कहा कि संयम, तप और अहिंसा ही मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। इस दौरान साध्वियों के ठहराव और भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय जैन परिवारों द्वारा निभाई गई। समाज के सदस्यों ने बताया कि साध्वियों का आगमन नवादा के लिए सौभाग्य की बात है। इससे न केवल धार्मिक चेतना बढ़ेगी, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों का भी प्रसार होगा। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सद्भावना मजबूत होती है। साध्वियों के आगमन से नवादा में कई दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों और प्रवचनों का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा।

सख्त वाहन जांच अभियान, हेलमेट व कागजात की गहन जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में नवादा जिला परिवहन विभाग द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) नवीन कुमार पांडेय के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में परिवहन विभाग की टीम द्वारा दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की जा रही है। अभियान के दौरान विशेष रूप से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की जा रही है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों और अधूरे कागजात रखने वाले चालकों से नियमानुसार जुर्माना वसूला जा रहा है। डीटीओ नवीन कुमार पांडेय ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। वाहन चालक सभी आवश्यक कागजात अपने पास रखें और यातायात नियमों का पालन करें। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया, वहीं कई लोगों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। परिवहन विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. प्रेम कुमार ने लिया गया कॉलेज में नवीनीकृत एकता सभागार का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया कॉलेज, गया स्थित नवीनीकृत एकता सभागार का उद्घाटन मंगलवार को उत्सवी और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री बिहार निधि से नवीनीकृत इस सभागार के उद्घाटन समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर 2025 को किया गया। गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया। गया कॉलेज के पूर्व प्राचार्य और वर्तमान में दाउदनगर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शमसुल इस्लाम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत वक्तव्य में प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने डॉ. प्रेम कुमार



की लोकप्रियता की चर्चा करते हुए उन्हें प्रेम और मानवता की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने एकता सभागार के निर्माण के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पूर्व प्राचार्य प्रो. शिवनाथ सिंह, पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि यह सभागार केवल भौतिक संरचना नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और अकादमिक गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनेगा जहां छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे तथा सेमिनार और अकादमिक संगोष्ठियां आयोजित होंगी। पूर्व प्राचार्य प्रो. शमसुल इस्लाम ने कहा कि अपने पूर्व स्वरूप में यह सभागार वर्ष 2016 के अमृत भारत महोत्सव कार्यक्रम का साक्षी रहा है जिसमें गया कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था और उस कार्यक्रम की अध्यक्षता तत्कालीन जिलाधिकारी कुमार रवि ने की थी। पूर्व सीनेट और सिंडिकेट सदस्य तथा महाबोधी सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव अरविंद सिंह ने भी महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए सभागार के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में गया कॉलेज परिवार के प्रति आभार जताया और वर्तमान तथा पूर्व प्राचार्य के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एकता सभागार सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही उन्होंने गया शहर के विकास से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में गया कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के बर्सर डॉ. मार्कंडेय पांडेय ने किया।

मास्टर प्रशिक्षकों की तीन दिवसीय ट्रेनिंग संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया जी। गया शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान प्लस टू हरिदास सेमिनरी में चल रहे विद्यालय शिक्षा समिति के प्रशिक्षण के लिए मास्टर प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय गैर-आवासीय ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिक्षा विभाग गया जी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण 22 से 24 दिसम्बर तक अत्यंत सारगर्भित एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा छात्र हित में प्रभावी निर्णय लेने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक डॉ विवेक कुमार ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था की गुरुकुल परंपरा से डिजिटल शिक्षा प्रणाली तक की यात्रा पर संक्षिप्त पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए सत्र की शुरुआत की। इसके उपरांत उन्होंने अपने सपनों का विद्यालय कैसा हो विषय पर सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक चर्चा करवाई। प्रशिक्षण में रचनात्मकता और सहभागिता का माहौल बना रहा। डॉ विवेक ने प्रतिभागियों को विद्यालय शिक्षा समिति के औचित्य, संरचना, चयन प्रक्रिया, बैठक संचालन, त्यागपत्र, सदस्य हटाने, समिति के विघटन एवं पुनर्गठन से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यालय शिक्षा समिति के कार्य एवं दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देकर भी सदस्यों और शिक्षकों को प्रेरित किया ताकि वह अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़कर और योजनाओं का लाभ दिलाए।

महुआ शराब व घोल बरामद, महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच (गया)। आंती थाना क्षेत्र के ग्राम कावर में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी महुआ शराब एवं महुआ का मीठा घोल बरामद किया है। इस दौरान एक महिला को गिरफ्तार किया गया जबकि एक आरोपित फरार हो गया। पुलिस द्वारा सुनीता देवी, पति मुकेश चौधरी, ग्राम कावर, थाना आंती, जिला गया के घर से करीब 7 लीटर देसी महुआ शराब तथा घर के पीछे जमीन में घड़े में गाड़कर रखा गया लगभग 200 लीटर महुआ का मीठा घोल बरामद किया गया। वहीं अखिलेश चौधरी, पिता चंदु चौधरी, ग्राम कावर, थाना आंती, जिला गया के घर से 10 लीटर देसी महुआ शराब एवं घर व आसपास की जमीन में गाड़कर रखा गया लगभग 500 लीटर महुआ का मीठा घोल बरामद हुआ। छापेमारी के दौरान सुनीता देवी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अखिलेश चौधरी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। बरामद महुआ के मीठे घोल को घटनास्थल पर ही विनष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव एवं एसआई मीरा कुमारी के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज कर फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गया बार एसोसिएशन में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भव्य अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया बार एसोसिएशन परिसर में गुरुवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केसरसरफुदीन ने की। सचिव रविंद्र प्रसाद के निर्देश पर कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव डॉ. सुनील कुमार ने किया। अध्यक्ष केसरसरफुदीन ने अपने संबोधन में



कहा कि प्रेम कुमार का गया बार एसोसिएशन से वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने अधिवक्ताओं के हित में भवन निर्माण, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और बार परिसर के विकास में निरंतर सहयोग किया है जिसके लिए पूरा अधिवक्ता समुदाय उनका आभारी है। सचिव रविंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रेम कुमार ने अपने निजी फंड से बार भवन निर्माण, शुद्ध पेयजल व्यवस्था सहित कई कार्य कराए हैं। उन्होंने बार की प्रमुख मांगों को भी रखा जिनमें बार भवन में लिफ्ट, परिसर में ग्रेनाइट फर्श, अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू कराने, राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को पांच हजार रुपये सहायता राशि की अधिसूचना शीघ्र जारी कराने, गया विजिलेंस न्यायालय से सिविल कोर्ट तक फुट ओवर ब्रिज निर्माण और विजिलेंस कोर्ट की स्थापना शामिल है। अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि गया बार एसोसिएशन उनके लिए परिवार समान है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लिफ्ट, ग्रेनाइट फर्श और पेयजल की व्यवस्था उनके निजी फंड से कराई जाएगी। उन्होंने अधिवक्ता संरक्षण कानून और विजिलेंस कोर्ट की स्थापना के लिए सरकार तथा उच्च न्यायालय स्तर पर प्रयास करने की बात कही। मगध क्षेत्र के लिए पटना उच्च न्यायालय की एक पीठ की मांग को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। समारोह में बार काउंसिल सदस्य मुरारी कुमार हिमांशु, उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, विनय किशोर प्रसाद, सिंधु भूषण ओझा, शशि भूषण मालवीय, मनोज कुमार, पूनम कुमारी, बैकुंठ सिंह, अभय कुमार सिंह, मोहम्मद याहिया, नरेश कुमार सिंह, राजकिशोर प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद, निखत परवीन, ललित सिंह, दिव्यमाला, इंदु सहाय, देवानंद पासवान, राजेंद्र प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, राजेंद्र कुमार एस, राजेश आनंद, मुकेश कुमार, डब्लू सिंह, निर्भय कुमार सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने माला, फूल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

देवरा बाजार की बेटी शालिनी प्रभाकर बनीं चिकित्सा पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच (गया)। कोंच प्रखंड अंतर्गत गरारी पंचायत के ग्राम देवरा बाजार की बेटी डॉ. शालिनी प्रभाकर ने चिकित्सा क्षेत्र में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग, पटना द्वारा आयोजित चिकित्सा पदाधिकारी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपना पहला पदस्थापन एपीएचसी, चाकंद (गया) में मेडिकल ऑफिसर के रूप में हासिल किया है। डॉ.शालिनी का जन्म ग्राम देवरा बाजार, पंचायत गरारी, प्रखंड कोंच, जिला गया में हुआ। उनकी माता स्वर्गीय रेखा प्रभाकर गरारी पंचायत की पूर्व मुखिया रही हैं जबकि पिता कमलेश प्रभाकर समाजसेवी हैं। उनका परिवार सामाजिक सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। परिवार में एक भाई और तीन बहनें हैं। भाई दीपक प्रभाकर एनआईटी पटना में रिसर्च एसोसिएट हैं। एक बहन बीपीएससी टीआरई-1 के माध्यम से हाई स्कूल शिक्षिका के रूप में चयनित हैं जबकि दूसरी बहन सीयूएसबी में पीजी स्कॉलर हैं। डॉ. शालिनी ने मैट्रिक की पढ़ाई एस.एम. हाई स्कूल, खटांगी (अरवल) से तथा इंटरमीडिएट एस.पी.वाई. कॉलेज, करपी (अरवल) से पूरी की। उन्होंने वर्ष 2018 एवं 2019 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की और राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटना से बीएएमएस (2019-24) की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान में उनका इंटर्नशिप एन.एम.सी.एच., पटना (2024-25) में हुआ। डॉ.शालिनी बताती हैं कि डॉक्टर बनने की प्रेरणा उन्हें अपनी मां से मिली। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए मां की बीमारी और स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों ने उन्हें इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने निरंतर परिश्रम किया। इस पूरे संघर्ष में पिता ने कभी दबाव नहीं बनाया और बिना किसी भेदभाव के पूरा सहयोग दिया।

ग्रामीणों ने चोर को पुलिस के हत्थे सौंपा, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने तरौंची गांव के राजू कुमार पिता नौरंगी दास को समर्सेबल का तार चोरी कर जलाने के आरोप में सात किलो तांबा तार बरामद करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि इस संबंध में वादी कोंची गांव के शौरभ कुमार पिता धनेश सिंह ने बताया कि मेरा खेत कोंची, तरौंची और दधपा गांव के दुसिआना पर है। पिछले तीन बार से मेरा सहित अन्य किसानों के खेतों में लगे समर्सेबल का तार बार-बार चोरों द्वारा काट लिया जा रहा था। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे मैं समर्सेबल के पास गया तो पाया पुनः मेरा समर्सेबल का तार कटा है। मुझे कुछ जलने का गंध लगा तो मैं गंध आने की दिशा में बढ़ा तो दधपा आहर पर देखा कि उक्त आरोपी समर्सेबल के तार को जला कर उसमें से तांबा निकाल रहा है। मेरे द्वारा हल्ला करने पर कई लोग इकट्ठे हो गए और इस चोर को पकड़े और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा इस आरोपी से समर्सेबल के तार को जला कर निकाले गए सात किलो तांबा का तार बरामद किया गया। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से प्रखण्ड क्षेत्र में समर्सेबल एवं तार की चोरी आम घटना हो चुकी है।

दो ट्रकों से भारी मात्रा में शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



डोभी/गयाजी। डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो खुले ट्रकों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 6150.96 लीटर और 7128.36 लीटर, यानी कुल 13279.32 लीटर लगभग है। दोनों ट्रकों से कुल 1490 कार्टन शराब जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार शराब की यह खेप हरियाणा से भेजी गई थी जिसे ट्रकों में भूंसा लादकर ऊपर से छिपाया गया था। ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। दोनों वाहन खुले ट्रक थे। मौके से दो चालकों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए चालकों की पहचान दलपत सिंह, पिता अज्ञात, निवासी सिंधी बालोतरा, थाना-बालोतरा, जिला-बाड़मेर (राजस्थान) एवं राजेंद्र, पिता बालचंद, निवासी दारोदरा, थाना चंडीवाद, जिला- पानीपत (हरियाणा) के रूप में की गई है। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर चतरा मोड़ पर वाहनों की जांच के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रारंभिक पूछताछ में शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में डोभी थाना पुलिस ने बताया कि दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

प्राकृतिक खेती को लेकर नामित किसानों के लिए कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। मंगलवार को नेशनल मिशन ऑफ नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत शेरघाटी प्रखंड की चांपी पंचायत के चांपी गांव में प्राकृतिक खेती को लेकर नामित किसानों के लिए ओरिएंटेशन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रासायनिक मुक्त खेती की ओर प्रेरित करना तथा प्राकृतिक खेती से होने वाले आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी देना था। इस अवसर पर प्रखंड के कृषि कर्मियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की मूल अवधारणा, इसके विभिन्न तरीकों तथा लागत में कमी और उत्पादन में स्थिरता के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है। साथ ही बाजार में जैविक और प्राकृतिक उत्पादों की बढ़ती मांग से किसानों की आमदनी बढ़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में नए किसानों के लिए विशेष अवेयरनेस सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 30 से अधिक किसानों ने भाग लिया। जागरूकता सत्र के दौरान किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने सवाल रखे जिनका कृषि विशेषज्ञों ने समाधान किया।

NAME CHANGE

I MD SOHAIB ISMAILI S/O AFTAB KALAM ISMAILI R/O-190 2 G D Mishra Path New Patlipur Colony Phulwari Patliputra Patna Bihar-800013 changed my name to ZAYAN MALIK.

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना संख्या: RP/ECR/DNR/TRL/SEB/RETENDER-2

(1) कार्य का नाम एवं स्थानः Design, Supply, erection, testing & commissioning of 132KV D/C 3-phase transmission line from GSS Sonenagar (old) to Railway TSS Sonenagar and associated 02 nos. 132KV Line Bays at GSS Sonenagar (old) under Railway Project Danapur of East Central Railway. (2) कार्य का अनुमानित लागतः रूपये.– 184185890.18 (3) निविदा फार्म की कीमतः रूपये.– 0.00 (4) आवश्यक बयाना राशिः रूपये.– 1070900.00 (5) निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समयः निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–31.12.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 14.01.2026 को 15:00 बजे। (6) बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है (7) पता एवं अन्य जानकारीः मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/1510/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या : ईएल–38–25, दिनांक 23.12.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः निविदा सूचना सं. : ईएल–38–25, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः आसनसोल मंडलःएसएसई/सिग/एमडीपी एवं एसएसई/सिग/जेएसएमई की शाखा में स्टेशनों पर एस एंड टी मेन्टेनर के रूम एवं स्टोर रूम का प्रावधान। निविदा मूल्य : रु.60,88,800.14, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। बयाना राशि : रु. 1,21,800/–, कार्य के लिए समापन अवधि : 12 माह। बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय : दिनांक 16.01.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-286/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–094, दिनांक 23.12.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः– निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–094, कार्य का नाम : निम्नलिखित के संबंध में ओएचई रूपांतरण कार्य "(क) पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में एक्सटेंशन लाइन नंबर 1 और 2 के साथ बड़हरवा स्टेशन का यार्ड रीमॉडलिंग, (ख) पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में 750 मी. तक शिवनारायणपुर स्टेशन के भागलपुर सिरे पर स्टेबलिंग लाइन के विस्तार के साथ मेन लाइन से संयोजन और सिग्नलिंग सुविधा, (ग) सकरीगली स्टेशन में ब्रेक वैन साइडिंग और इंजन एस्केप लाइन का प्रावधान, (घ) पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के 12 (बारह) कोच एमईएमयू रेक के आवास के लिए जमालपुर डॉक लाइन का विस्तार और (ङ) मालदा मंडल के अभयपुर स्टेशन की लाइन नंबर 4 का कॉमन लूप में रूपांतरण।"। निविदा की किस्म : खुली। विज्ञापित मूल्य : रु. 1,39,93,308.61, बयाना राशि: रु. 2,20,000/–, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। बोली प्रणाली : एकल पैकेट प्रणाली। निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः दिनांक 23.12.2025, 17.13 बजे। बोली प्रारंभ होने की तिथिः दिनांक 02.01.2026, प्रस्ताव की वैधता : 60 दिन। समापन अवधिः 12 माह। निविदा की अंतिम तिथि और समयः दिनांक 16.01.2026, 15.00 बजे। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ (टीआरडी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकार से अनुरोध है कि वे वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना और कागजात देखें। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

MLD-271/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

Government of Jharkhand
Rural Works Department
JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re-eTender No.- 08/ 2025-26-987 (Encl) Ranchi, Dated: 24.12.2025
PR No- 364457 dated 18.10.2025 (3rd Call)

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

Sr. No	District Name	Block Name	Tendering Package	Road Name / Bridge Name	Road Length (Kms) (in lakhs)	Sanction Construction Cost (in lakhs)	Sanction Maintenace Cost	Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs)	Total Package Cost (in lakhs)	Earnest Money (In Lakh)	Time of Completion (in month)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	Garhwa	Bhandaria	JH-07-PMJANMAN-GAR-01 (2025-26)	L021-Bathan Toli To Kochli (Barkol Kalan)	3.400	275.68	30.01	305.69	1,288.48	25.77	18
	Garhwa	Bhandaria		L023-Madgari Road To Totki	4.300	369.92	36.41	406.33			
	Garhwa	Chinia		L023-Pmgsy Uday More To Parsukhar Road	2.000	177.58	18.25	195.83			
	Garhwa	Ranka		L022-Pwd Main Road To Amhar	3.800	347.95	32.68	380.63			
2	Garhwa	Ramkanda	JH-07-PMJANMAN-GAR-03 (2025-26)	L021-Kuswar To Sarkahi Main Road	1.000	83.89	9.21	93.10	1,199.37	23.99	18
	Garhwa	Chinia		L025-Chapla Alias Chophlo More To Dogwa Khar	2.500	228.65	23.68	252.33			
	Garhwa	Chinia		L021-Rotohi mahua Tola To Chhateliya Road	4.040	365.74	36.92	402.66			
	Garhwa	Chinia		L024-Pmgsy Side To Piahiya village Road	4.750	411.77	39.51	451.28			
		Total			25.79	2261.18	226.67	2487.85	2487.85		

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

Procurement Officer	Place of Opening	Availability of tender (on-line) for bidding		Last date & time of seeking clarification	Last date and time of bid submission	Date & time of opening (online) of tender	
		From	To			Technical bid	Financial bid
1	2	3	4	5	6	8	9
Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi	Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi	**26.12.2025 at 10.00 AM**	**09.01.2026 upto 5.00 PM**	**02.01.2026 upto 2.00 PM**	**09.01.2026 upto 5.00 PM**	**09.01.2026 at 05.30 PM**	To be informed later

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

Note :-
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/- Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR.NO.369321 Rural Work Department(25-26):D

संपादकीय

महायुति की बंपर जीत !

महाराष्ट्र में हाल में हुए 288 नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति की बंपर जीत से साफ हो गया कि अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी ही सबसे बड़ी पार्टी है। दूसरे, राज्य में स्थानीय चुनाव भी महायुति द्वारा एक साथ लड़ने की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति पूरी तरह कारगर रही। महायुति ने कुल 221 स्थानों पर जीत हासिल की, जिसमें भाजपा 124, शिवसेना (शिंदे) 61 तथा राष्ट्रवादी (अजित) को 36 स्थानों पर जीत हासिल हुई। विपक्षी महाविकास आघाड़ी में कांग्रेस का ही प्रदर्शन कुछ ठीक रहा उसे 27 स्थानों पर विजय मिली, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना को मात्र 8 जगह जीत मिली। 20 स्थानों पर अन्य विजयी रहे। हालांकि इस चुनाव में महायुति के बीच आपस में कुछ स्थानों पर शक्ति परीक्षण हुआ। इसमें अंबरनाथ और बदलापुर में शिंदे सेना के गढ़ में भाजपा ने सेंध लगाई। दूसरी तरफ, राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा को आदिवासी बहुल नंदुरबार जिले में एक भी सीट न मिलना हैरान करने वाला था। इसी तरह लोहा नगर परिषद में बीजेपी की फैमिली पैक रणनीति फेल हो गई। यहां अध्यक्ष पद के लिए उसके उम्मीदवार गजानन सूर्यवंशी और उनके पांच रिश्तेदार हार गए। गढ़चिरौली में एक वार्ड में भाजपा प्रत्याशी को मात्र एक वोट से हार मिली। जबकि तीन स्थानीय निकायों में भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीते। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के लिए दो चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 2 दिसंबर को 263 निकायों में मतदान हुआ था। बाकी 23 नगर परिषदों और कुछ खाली पदों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। इनकी मतगणना 21 दिसंबर को हुई। महायुति की इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के मतदाताओं का धन्यवाद किया और इसे विकास पर जनता के भरोसे से जोड़ा। जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिणामों को सुशासन और विकास की राजनीति की जीत बताया। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने इसे ऐतिहासिक सफलता कहा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार और प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को बधाई दी। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 2017 में 94 नगरपालिकाओं की तुलना में इस बार हमने 129 नगरपालिकाओं (45 प्रतिशत) में जीत हासिल की है। महायुति के तौर पर हमने 215 नगरपालिकाएं (74.65 प्रतिशत) जीती हैं। इसी तरह 2017 में भाजपा के 1602 पार्षद थे, जो अब बढ़कर 3325 हो गए हैं। पार्षद की कुल संख्या 6952 है, इनमें से महायुति के 4331 पार्षद जीते हैं। दूसरी तरफ इस हार से बौखलाए विपक्ष ने हार का ठीकरा धनबल पर फोड़ा है। उद्धव सेना के संजय राउत ने कहा कि जीत का आंकड़ा विधानसभा चुनाव वाला ही है। यानी वही मशीन, वही सेटिंग और वही पैसा। इस इलेक्शन में पैसों की बारिश हुई। अलबत्ता इन चुनावों में यह फिर साबित हुआ कि महायुति के घटक दलों के वोट एक-दूसरे को ट्रांसफर हो रहे हैं। हालांकि उद्धव सेना का ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा प्रभाव नहीं है। उनकी असल दिलचस्पी महानगर पालिकाओं के और खासकर मुबंई नगर महापालिका के चुनाव में है। जहां उनकी लंबे समय से सत्ता रही है और जो शिवसेना की आर्थिक मजूबती का आधार भी है। दूसरी तरफ भाजपा की रणनीति मुंबई से उद्धव सेना को जड़ से उखाड़ने की है। राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं और नतीजे 16 जनवरी को आएंगे। यानी महायुति और मविआ का असल मुकाबला इन चुनावों में होगा। अगर उद्धव की शिवसेना यहां भी हार जाती है तो उसके वजूद पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाएगा।

कर्नाटक में अपनों में ही उलझ गई कांग्रेस

कांग्रेस के लिए अब कर्नाटक गहरी उलझन बन गया। पिछले दिनों चाय पार्टियों और इडली डोसा का स्वाद भी दो नेताओं के बीच की खाई को दूर नहीं कर पा रहा। कांग्रेस हाईकमान के लिए नेतृत्व के मसले में किसी समाधान तक पहुंचना आसान नहीं लग रहा। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अब किसी भी तरह समझौता करने की स्थिति में नजर नहीं आ रहे। अब तो डी शिवकुमार किसी डिनर या इडली दोसे की दावत आयोजित होने से भी इंकार कर रहे हैं। दूसरी तरफ मंजे राजनेता की तरह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गेंद हाईकमान के पाले में डाल दी। कर्नाटक की राजनीति में दोनों नेता किसी तरह एक दूसरे पर आक्रोश वाले बयानों से बच रहे हैं। इसे उस शांत झील की तरह देखा जा रहा है जिसमें एक कंकड पड़ने की देर है। झील में लहरों की उथल-पुथल कहां तक दिखेगी इसकी थाह लेना मुश्किल है।

वेद विलास उनियाल



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सिरे से ढाई साल सत्ता साझा करने के फार्मूले को सिरे से खारिज कर दिया है। अब तक वह गेंद हाईकमान के पाले में डाल कर कह रहे थे कि शीर्ष नेतृत्व जो निर्णय करेगा वह उन्हें और उपमुख्यमंत्री डी शिवकुमार को मानना होगा। लेकिन, अब पूरे जोर देकर कह रहे हैं कि सत्ता में वह पांच साल तक बने रहेंगे। सीधा संकेत है कि कर्नाटक में कांग्रेस की सियासत में उलझन बढ़ गई है। उधर, डी शिवकुमार भी अपने फैसले से पलट नहीं रहे हैं। वह किसी भी स्थिति में अब नेतृत्व चाहते हैं। इन स्थितियों में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि वह आखिर किसके पक्ष में खड़ा हो। इस जटिल पहेली से निकलना बहुत मुश्किल हो रहा है। सिद्धरमैय्या और डी शिवकुमार दोनों ही नेता यह अच्छी तरह समझ रहे हैं कि शीर्ष नेतृत्व के लिए किसी के पक्ष में जाना आसान नहीं है। हालांकि डी शिवकुमार बगावत की राह पर नहीं दिख रहे। लेकिन जिस तेवर के साथ वो नेतृत्व की बात कर रहे हैं उसमें सिद्धरमैय्या के लिए आगे सत्ता चलाना इतना आसान भी दिख रहा है। इन हालातों में राज्य कांग्रेस पर ही नहीं राज्य की व्यवस्था पर भी कहीं न कहीं असर पड़ रहा है।

अब एक कदम आगे कर्नाटक विधानसभा सत्र के अंतिम दिन सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि ढाई साल में नेतृत्व बदलने का कोई समझौता ही नहीं था। वह तब तक मुख्यमंत्री रहेंगे जब तक उच्च नेतृत्व कोई और निर्णय नहीं ले लेता है। वह पूरे कार्यकाल सत्ता में रहेंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा मं नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने सवाल उठाया था कि आपको पार्टी के जरिए पांच साल के लिए चुना गया था ढाई साल का क्या हुआ। इस पर सिद्धारमैया का जवाब था कि कभी ढाई साल की बात नहीं हुआ। ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ। कांग्रेस ने जब ढाई साल पहले कर्नाटक में नेतृत्व के सवाल पर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच सुलह कराई थी, तब शायद यह अनुमान नहीं रहा होगा कि यह मामला आगे इतना पेचीदा बन जाएगा। कांग्रेस के तब कर्नाटक की जीत के बड़े मायने थे। कांग्रेस इस जीत का श्रेय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भी जोड़कर देख रही थी। इसलिए उस माहौल में वह आगे की राजनीति को न सोचकर अपने पुराने फार्मूले में ही समाधान निकाल रही थी। इसलिए ढाई साल बाद नेतृत्व परिवर्तन पर किसी तरह डी शिवकुमार को मना लिया था। वह सिद्धारमैया सरकार में डिप्टी सीएम बने।

कांग्रेस के लिए दिक्कत यह है कि एक तरफ डी शिवकुमार उसके पुराने विश्वस्त हैं। डी शिव कुमार ने कांग्रेस की आर्थिकी को भी किसी हद तक संभाला है। कहा यह भी जाता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में उनकी तरफ से खासा सहयोग हुआ था। जबकि, सिद्धारमैया कांग्रेसी संस्कृति के नहीं है। वह जनता दल (एस) में देवगौड़ा से अनबन के बाद कांग्रेस में आए थे। कांग्रेस में वह इसलिए स्वीकार्य हो गए कि उनकी अंहिदा राजनीति से उनके जनाधार को कांग्रेस ने अपने हित में माना। किसी हद तक कांग्रेस को इसका फायदा भी मिला। जबकि दूसरी तरफ डी शिवकुमार लिंगायत के बाद प्रबल माने जाने वाली वोकलिग्गा समुदाय से आते हैं। जातीय फैलाव और समायोजन में सिद्धारमैया डी शिवकुमार से ज्यादा अहमियत पाते हैं। यही पर कांग्रेस के लिए उलझन है कि वह डी शिवकुमार को नेतृत्व सौंपे या फिर सिद्धारमैया को ही सत्ता में बनाए रखे। एक हल्की सी आहट यह भी होती है कि क्या इन दोनों के आपसी संघर्षों के बीच किसी तीसरे पर दांव चलाया जाए। लेकिन, यह कहने में जितना सहज लगता है उतना ही जटिल भी है। डी शिवकुमार किसी भी परिस्थिति में नेतृत्व चाहते हैं। वह शायद ही इस बात पर सहमत होंगे कि अगर मैं नहीं तो सिद्धारमैया भी नहीं। कोई तीसरा चल सकता है। कर्नाटक में कांग्रेस ऐसे भंवर में फंस गई है, जहां उसे सूझ नहीं रहा है कि वह किसके साथ खड़ी दिखे। हाईकमान अपने वादे के मुताबिक डीके शिवकुमार को नेतृत्व नहीं सौप पा रहा है। और डीके शिवकुमार इस तेवर में है कि जो वादा किया है वो निभाना पड़ेगा। कांग्रेस में अगर व्यवहारिकता देंखे तो नेतृत्व डीके शिवकुमार को सौंपा जाना चाहिए। कांग्रेस हाइकमान ने अपने प्रतिनिधियों के सामने दोनों नेताओं के बीच बारी-बारी से नेतृत्व के लिए समझौता कराया था। गौरतलब है कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला था। तब राज्य में नेतृत्व को लेकर खासा संघर्ष हुआ था। कांग्रेस नेता सिद्दारमैय्या और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। दोनों ही खेमों से इसके लिए खासी जोरआजमाइश हुई। लंबी राजनीतिक खींचतान पर विराम एक पुराने फार्मुले से ही लगा था। 18 मई 2023 को दोनों नेताओं को बारी बारी ढाई साल नेतृत्व करने का प्रस्ताव दिया गया था। शुरु में आनाकानी करने के बाद आखिर सिद्धारमैय्या को सीएम बनाने के लिए डी के शिवकुमार तैयार हो गए। डी के शिवकुमार राज्य में डिप्टी सीएम बने।

डीके शिवकुमार पहले ढाई साल सीएम बनना चाहते थे। लेकिन सिद्धारमैया ने वरिष्ठता के आधार पर पहले सीएम बनने का हक जताया। तब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे वेणुगोपाल रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं की उपस्थिति में इस फार्मूले पर दोनों नेताओं को सहमत कराया गया था। लेकिन जब ढाई साल की अवधि पूरी हो गई तो डी के शिवकुमार ने नेतृत्व परिवर्तन की बात उठाई। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के अंदर यह डर है कि डी शिवकुमार अगर बगावत करते हैं तो सरकार गिर जाएगी। वहीं सिद्दारमैया को हटाया जाता है कि वह जिस जातीय संतुलन को ढाल बनाए हैं वह कांग्रेस से दरक सकता है। खासकर तब राहुल गांधी पिछड़ी जातियों पर फोकस करने की कोशिश कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के गुट ने नेतृत्व परिवर्तन के लिए अपनी आवाज तेज कर दी है। उनका कहना है कि कर्नाटक में पार्टी की जीत के बाद नेतृत्व को लेकर जो फार्मूला तय हुआ था उसके आधार पर अब सत्ता डी के शिवकुमार को सौंपी जानी चाहिए।

कांग्रेस के लिए हरियाणा महाराष्ट्र और बिहार के चुनाव में पराजय के बाद कर्नाटक के किले को बचाए रखने की चुनौती है। और यह स्थिति ढाई साल बाद के चुनाव के लिए यहीं कही जा रही है। बल्कि कर्नाटक का यह किला अभी दरकने का संकेत दे रहा है। कांग्रेस ने पहले छत्तीसगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश में सरकार गंवाई है। उसके हाथ से राज्यों का इस तरह फिसलना गलत संदेश दे रहा है। ऐसे में कर्नाटक उसके सामने एक सवाल बन कर आया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व क्या फैसला लेता है और किस तरह इस मसले का समाधान तलाशता है इसमें ही उसके आंतरिक प्रबंधन और दक्षता का पता चलेगा। कांग्रेस के लिए चुनौती दक्षिण में अपने प्रभाव को बनाए रखने की है। उत्तर भारत के हिमाचल के अलावा दक्षिण में तेलंगाना में उसकी सरकार है। तमिलनाडु में उसकी हैसियत इस पर निर्भर करती है कि डीएमके उसे किस तरह रखती है।

केरल में वह जरूर कुछ बेहतर स्थिति में नजर आती है। लेकिन कर्नाटक में अखर बिखराव हुआ तो उत्तर या दक्षिण कांग्रेस के लिए संदेश ठीक नहीं जाएगा। जितनी जल्दी हो कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समाधान निकालना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बात का असर दोनों नेताओं का कितना हो सकता है कहना मुश्किल है। इसलिए खरगे भी इशारा दिल्ली की ओर करते हैं। अब कांग्रेस ने दोनों खेमो से कहा है कि वह बंगलूरू में रह कर ही इस मामले को निपटाए। दिल्ली आकर बयान देने से संकेत गलत जाते हैं। कांग्रेस नेतृत्व कोई समाधान नहीं निकाल पा रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बहुत मायने रहे हैं। लेकिन अब कांग्रेस की दिक्कते बढ गई है। कोई न कोई रास्ता कांग्रेस को निकालना ही होगा।

अध्यात्म

दृढ विश्वास हो तो इंसान पहाड़ भी हिला सकता है

चार साल से नयासर गाँव में बारिश की एक बूँद तक नहीं गिरी थी। सभी बड़े परेशान थे। हरिया भी अपने बीवी-बच्चों के साथ जैसे-तैसे समय काट रहा था। एक दिन बहुत परेशान होकर वह बोला- अरे ओ मुन्नी की माँ, जरा बच्चों को लेकर पूजा घर में तो आओ। बच्चों की माँ 6 साल की मुन्नी और 4 साल के राजू को लेकर पूजा घर में पहुंची। ईश्वर में विश्वास रखें: हरिया हाथ जोड़ कर भगवान् के सामने बैठा था, वह रुंधी हुई आवाज़ में अपने आंसू छिपाते हुए बोला- सुना है भगवान् बच्चों की जल्दी सुनता है, चलो हम सब मिलकर ईश्वर से बारिश के लिए प्रार्थना करते हैं.. सभी अपनी-अपनी तरह से बारिश के लिए प्रार्थना करने लगे। मुन्नी मन ही मन बोली- भगवान् जी मेरे बाबा बहुत परेशान हैं, आप तो सब कुछ कर सकते हैं, हमारे गाँव में भी बारिश कर दीजिये न। पूजा करने के कुछ देर बाद हरिया उठा और घर से बाहर निकलने लगा। आप कहाँ जा रहे हैं बाबा? -मुन्नी बोली। बस ऐसे ही खेत तक जा रहा हूँ बेटा -हरिया बाहर निकलते हुए बोला। अरे रुको-रुको.. अपने साथ ये छाता तो लेते जाओ - मुन्नी दौड़ कर गयी और खूंटी पर टंगा छाता ले आई। छाता देख कर हरिया बोला- अरे! इसका क्या काम, अब तो शाम होने को है, धूप तो जा चुकी है। मुन्नी मासूमियत से बोली- अरे बाबा अभी थोड़ी देर पहले ही तो हमने प्रार्थना की है, कहीं बारिश हो गयी तो। मुन्नी का जवाब सुन हरिया स्तब्ध रह गया। कभी वो आसमान की तरफ देखता तो कभी अपनी बिटिया के भोले चेहरे की तरफ। उसी क्षण उसने महसूस किया कि कोई आवाज़ उससे कह रही हो- प्रार्थना करना अच्छा है। लेकिन उससे भी ज़रूरी है इस बात में विश्वास रखना कि तुम्हारी प्रार्थना सुनी जायेगी और फिर उसी के तरह काम करना। हरिया ने फौरन अपनी बेटी को गोद में उठा लिया, उसके माथे को चूमा और छाता अपने हाथ में घुमाते हुए आगे बढ़ गया। हम सभी प्रार्थना करते हैं पर हम सभी अपनी प्रार्थना में पूर्णतः विश्वास नहीं करते। और ऐसे में हमारी प्रार्थना बस शब्द बन कर रह जाती है। सभी धर्मों में विश्वास की शक्ति का उल्लेख है, कहते भी हैं कि ' दृढ विश्वास हो तो इंसान पहाड़ भी हिला सकता है। और यही सत्य है, दशरथ मांझी के रूप में हमारे सामने इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण भी है। अतः अपनी पूजा को सही मायने में सफल होते देखना चाहते हैं तो ईश्वर में विश्वास रखें और ऐसे दर्शाए करें मानो आपको प्रार्थना सुनी ही जाने वाली हो और जब आप लगातार ऐसा करेंगे तो भगवान आपकी ज़रूर सुनेगा।

भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान

दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्याधिक कृषि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिशत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृषि भूमि नष्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही हैं।यह समस्या मध्य-प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है। इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिशत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है।

प्रमोद भार्गव

नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है, क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। चुनांचे निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी। यह विडंबना ही है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र देश की जनता के सामने पेश नहीं किया गया। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी।

रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है। कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं।

जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को भारत का अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़ी तादात में अपनी कृषि भूमि बरबाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है। जबकि देश में कीटनाशकों की कुल खपत का 18 फीसदी उपयोग पंजाब के किसान करते हैं। इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है, जबकि यहां देश में कुल खपत होने वाले कीटनाशकों की 10 फीसदी खपत होती है। जिस भांखड़ा नांगल बांध को हम पंजाब की उन्नत खेती का आधार मानते हैं, इस बांध से जल रिसाब के चलते पंजाब की अब तक ढ़ाई लाख हेक्टेयर कृषि भूमि दलदल में बदल चुकी है। यही नहीं कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते इस्तेमाल ने यहां कैंसर की बीमारी को बड़ी आबादी में परोस दिया है।

कृषि के आधुनिकीकरण व यांत्रिकीकरण ने भी भूमि की सेहत को बिगाड़ने का काम किया है। इस बाबत ग्वालियर चंबल क्षेत्र में किए गए एक शोध के मुताबिक इस अंचल की भूमि में दो तरह के विकार पैदा हुए हैं। एक कृषि भूमि की सतह में दस सेंटीमीटर नीचे एक कठोर परत (हार्ड-लेयर) बन गई है। दूसरे, भू-गर्भ में करीब एक सौ मीटर की गहराई पर पानी से भरी रहने वाली जगह (पोर-स्पेस) रिक्त पड़ी है। क्षेत्रीय पर्यावरण में आए ये परिवर्तन भू-गर्भीय अथवा सतह पर भूकंप जैसी हलचल की वजह भी बन सकते हैं। डिस्कवरी चैनल द्वारा इस क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन के प्रस्तुतिकरण ने भी दावा किया है कि चंबल व ग्वालियर अंचल में तेजी से रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा परंपरागत खेती को नकारने से हुआ। पहले हलों से खेतों की जुताई होती थी लेकिन अब हैरो, कल्टीवेटर और प्लाऊ जैसे उपकरणों से हो रही है। ये जमीन को आठ से बारह सेंटीमीटर तक गहरा जोत कर भूमि की ऊपरी परत को उधेड़ कर पलट देते हैं। नतीजतन मिट्टी सूख कर शुष्क होती जा रही है और वहीं इसके नीचे की परत कठोर। यह परत अब इतनी कठोर हो गई है कि खेतों की मिट्टी का आनुपातिक कुदरती जैविक समीकरण ही गड़बड़ा गया है। इधर चंबल क्षेत्र में भूमि के लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण ने बीहड़ों के विस्तार का ऐसा भयावह सिलसिला जारी रखा हुआ है, जो गांव के गांव लीलता जा रहा है। इस अंचल के भिण्ड, मुरैना और श्योपुर जिलों में हर साल पन्द्रह सौ एकड़ भूमि बीहड़ में तब्दील हो रही है। इन जिलों की कुल भूमि का 25 फीसदी हिस्सा बीहड़ों का है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक चंबल नदी घाटी क्षेत्र में 3000 वर्ग किलोमीटर इलाके में बीहड़ों का विस्तार है। इन तीनों जिलों के क्षेत्र में जितनी भी छोटी-बड़ी नदियां बहती हैं, वे जैसे बीहड़ों के निर्माण के लिए अभिशप्त हैं। चंबल में 80 हजार, कुआंरी में 75, आसन में 2036, सीप में 1100, बैसाली में 1000, कूनों में 8072, पार्वती में 700, सांक में 2122 और सिंध में 2032 हेक्टेयर बीहड़ हैं। बीते दस सालों में करीब 45 प्रतिशत बीहड़ों में वृद्धि दर्ज की गई है। इन बीहड़ों का जिस गति से विस्तार हो रहा है, उसके मुताबिक 2050 तक 55 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि बीहड़ों में तब्दील हो जाएगी। नतीजतन करीब दो हजार आबाद गांव बीहड़ लील लेंगे। इन बीहड़ों का विस्तार एक बड़ी आबादी के लिए विस्थापन का संकट पैदा करेगा ? जमीन की सेहत अब प्राकृतिक कारणों की तुलना में मानव उत्सर्जित कारणों से ज्यादा बिगड़ रही है। पहले भूमि का उपयोग रहवास और कृषि कार्यों के लिए होता था, लेकिन अब औद्योगीकरण, शहरीकरण, बड़े बांध और बढ़ती आबादी के दबाव भी भूमि को संकट में डाल रहे हैं। जमीन का खनन करके जहां उसे छलनी बनाया जा रहा है, वहीं जंगलों का विनाश करके जमीन को बंजर बनाए जाने का सिलसिला जारी है। जमीन की सतह पर ज्यादा फसल उपजाने का दबाव है तो भू-गर्भ से जल, तेल व गैसों के अंधाधुंध दोहन के हालात भी भूमि पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा में सिंचाई के जो नलकूप जैसे आधुनिक संसाधन हरित क्रांति के उपाय साबित हुए थे, वही उपाय खेतों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़े जाने के कारण कृषि भूमि को क्षारीय भूमि में बदलने के कारक सिद्ध हो रहे हैं। दरअसल अलग-अलग क्षेत्रों में भूमि की सेहत अलग-अलग कारणों से प्रभावित हो रही है, जिसकी देशव्यापी पड़ताल अब तक नहीं हुई है। धरती की बिगड़ती इस सेहत को मानचित्र पर लाना जरुरी है।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

नये लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें साधने का प्रयास करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या अत्यन्त सन्तुलित रहेगी।

वृषभ

काम थोड़े मन्द गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती हो सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं।

मिथुन

रिश्तेदारों के माध्यम से अच्छी खबर मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे।

कर्क

घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी।

सिंह

आज आप सन्तान की शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करेंगे।

कन्या

अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिये। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियाँ आपको परेशान कर सकती हैं।

तुला

विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नये कार्यों का आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं।

वृश्चिक

नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें, आपको बहुत अच्छा लगेगा।

धनु

कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिये दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किये गये वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी।

मकर

माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं। मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती रहेगी।

कुंभ

आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है।

मीन

कार्यक्षेत्र में नये तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक सम्बन्ध काफी गहरे होंगे।

संक्षिप्त समाचार

आरपीएस में क्रिसमस कार्निवाल आयोजित

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आरपीएस स्कूल में क्रिसमस कार्निवाल आयोजन हुआ। जिसका षुभारंभ विद्यालय की निदेषक श्रीमती विभा शर्मा तथा प्राचार्य एसके राहुल के द्वारा दीप-प्रज्वलन से हुआ। बच्चों ने प्रभु ईषा मसीह के जन्म से संबंधित लघु नाटिका तथा गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन सांता क्लाउज के चॉकलेट-टॉफी वितरण तथा प्राचार्य के आशीर्वचन से हुआ।



रेड क्रॉस ने महिला सफाईकर्मियों में बांटे कंबल

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बाढ़ उप जिला शाखा के द्वारा कोर्ट एरिया स्थित कार्यालय में जरूरतमंद 18 महिला सफाईकर्मियों के बीच बुधवार को ठंड से बचाव को लेकर चेयरमैन विनय कुमार के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार गायमाता, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. डी सिंह, समाजसेवी रंजन कुमार, कुंदन आदि मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर यात्री की मौत

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के पास ट्रेन से कटकर यात्री की मौत हो गई ।मृतक की पहचान मोकामा थाना अंतर्गत कन्हाईपुर गांव निवासी राकेश कुमार 50 वर्ष के रूप में हुई है। रेल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ट्रेन से गिरने के कारण घटनास्थल पर ही राकेश की मौत हुई।

चौके -चौराहे पर जलायाा गया अलाव

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कडाके के ठंड को देखते हुए नगर परिषद व अंचल प्रशासन द्वारा नगर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था बुधवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाया गया.परिषद के प्रभारी ईओ व्यवस्था रवि कुमार ने बताया कि डीएम व एसडीओ के आदेश के आलोक में कड़ाके ठंड को देखते हुए नगर के चौक-चौराहे व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है. नगर में गरीब और निःसहाय लोगों और वैसे लोग जिन्हें ठंड से बचने के लिए प्रयाप्त गर्म कपड़े नहीं हैं. वैसे लोगों के लिए अलाव ही एक मात्र सहारा है. इसको देखते हुए नगर के प्रमुख चौक चौराहे पर अलाव जलाया जा रहा है. मौके पर परिषद के रोकडपाल सुभाष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.सीओ चंदन कुमार ने बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौके -चौराहे पर अलाव जलाया जा रहा है.

बच्चे के अपहरण का प्रयास, दो पर केस दर्ज

बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजगरा गांव में दुर्गा स्थान के पास खेलने के दौरान कुछ लोगों ने जान मारने की नीयत से बच्चे का अपहरण करने की कोशिश की। हालांकि परिजन के आ जाने से साजिश विफल हो गई। इस मामले को लेकर थाने में दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है ।पीड़ित रजनीश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र घर से खेलने के लिए निकला था। इसी दौरान अजगरा दुर्गा स्थान के पास दो लोगों ने उसे हत्या की नीयत से जबरन पकड़कर अपने साथ ले जाने लगे। इसी दौरान वह मौके पर पहुंच गया ।उसे देखकर दोनों आरोपी भाग गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने पीड़ित के बयान के आधार पर बुधवार को केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की जांच पड़ताल कर रही है।

प्रेमी ने प्रेमिका के घर किया बवाल, फायरिंग का आरोप

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दयाचक वार्ड नंबर 25 नया टोला में प्रेमी ने कथित तौर पर पुरानी रंजिश में अपनी प्रेमिका के घर पर पहुंच कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान प्रेमी और उसके समर्थकों ने मारपीट करते हुए दरवाजा तोड़ दिया और फायरिंग भी की। इस संबंध में प्रेमिका की बहन के द्वारा थाने में केस दर्ज कराया गया है। इस संबंध में पीड़िता का कहना है कि पूर्व में आरोपी गोलू का उसकी बहन के साथ प्रेम प्रसंग था। आरोपी और उसके परिजनों ने अचानक उसके घर पर पहुंच कर हथियार दिखाते हुए दरवाजा तोड़ दिया । दहशत कायम करने के लिए फायरिंग की। उसके साथ बदसलूकी की गई। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पर पूर्व से बाढ़, एनटीपीसी एवं अन्य थानों में आपराधिक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने इस मामले को लेकर गोलू सहित 12 लोगों के खिलाफ फायरिंग और हंगामा करने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को लेकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। दूसरी तरफ आरोपियों की खोजबीन की जा रही है ।वहीं दूसरी तरफ एक घटना में मसूदबीघा मोहल्ले के निवासी सैरुन खातून और उसकी पुत्री सिमरन को जमीनी विवाद में मोहम्मद फैजान आदि ने मिलकर मारपीट की ।इस हमले में मां-बेटी जख्मी हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जमीन विवाद में बदमाशों ने की गोलीबारी.

फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मंगलवार की देर रात्रि बदमाशों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से छोटीलाइन स्थित कॉपरेटिव कॉलोनी के पास एक पास्ट फूड के दुकान में गोलीबारी की गई। गोली से दुकान की शटर पर भी निशान पड़ गए हैं. जनार्दन पुर निवासी जय प्रकाश नारायण ने बुधवार को फतुहा थाने में नामजद लिखित शिकायत की है.उन्होंने बताया कि आज जमीन की नापी होनी थी. उसी को लेकर जब मेरा बेटा रात को दुकान बंद कर आ रहा था तभी उनलोगों ने मेरे बेटे के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी की. बदमाशों की गोलीबारी से दुकान की शटर में छेद भी हो गए हैंऔर दुकान में लगे शीशे का काउंटर टूट कर नष्ट हो गया.मिले साक्ष्यों के आधार परपुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

जरुरतमंदों के लिए रैन बसेरा रूपसपुर नहर पर शुरू नही

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर में बढ़ते ठंडा को मद्देनजर हुए नगर परिषद की ओर से रूपसपुर नहर नीचे अभी तक 50 बेड वाला रैन बसेरा शुरू नही किया गया है. जिससे बेघर, गरीबों, असहाय, मुसाफिरों को कडाके ठंडे में सर छुपाने के लिए आश्रय नही मिल पा रहा है. बताया जाता है कि प्रत्येक साल रूपसपुर नहर के नीचे 50 बेड वाला रैन बसेरा बनाया जाता था. परंतु अभी तक रूपसपुर नहर के नीचे रैन बसेरा नही बनाये गये है. जिससे बेघर , असहाय , मुसाफिरों को कडाके ठंडे में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है. परिषद के प्रभारी ईओ व्यवस्था रवि कुमार ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत अस्थायी रैन बसेरा रूपसपुर नहर के नीचे बनाया जाता है. परंतु जगह नही मिलने के कारण अभी तक रैन बसेरा नही चालू हो सकता है. उन्होंने बताया कि रैन बसेरा में आश्रय विहिनों रिक्शा चालक, ठेला चालक, मुसाफिरों, असहाय, गरीबों को ठंड में रात बीतने के लिए व्यवस्था किया जाता है. इसको एसडीओ दिव्या शक्ति ने भी तीन दिन पूर्व ही परिषद प्रशासन को सख्त निर्देश दिया था कि रूपसपुर नहर के नीचे रैन बसेरा चालू करने को कहा गया था. परंतु आज तक चालू नही किया गया है.

मनमानी फीस को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनमाना कॉलेज फीस को लेकर जिला मुख्यालय स्थित एसएनएस कॉलेज के छात्रों ने बुधवार को कार्यालय गेट के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने जमकर नारेबाजी की।छात्रों के अनुसार कॉलेज प्रशासन किसी ना किसी बहाने राजभवन द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा लिया जाता है।बाद में छात्रों ने प्रिंसिपल से मिलकर अपनी बातें रखी।प्रिंसिपल ने छात्रों की समस्याओं को सुना और तत्काल उसका निदान किया। 2025-29 परीक्षा फीस में 500 रुपए की कमी की गई।साथ ही साथ आगे राजभवन के फीस के हिसाब से फीस लेने का फैसला कॉलेज प्रशासन के द्वारा लिया गया । मौके पर मो. इकराम ,प्रियांशु राज,अमन सिन्हा ,युवराज,मयंक कुमार,अबू इमाम, अंकुश गुप्ता ,मोहित, सुजीत,मोनू, संभवी सिंह, जयशिखा,गरिमा सहित बड़ी संख्या छात्र,छात्रा मौजूद थे ।

7.650 किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार

रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। हरैया थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने नेपाल से बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही 7.650 किलोग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह के कुछ सदस्य नेपाल से मादक पदार्थ लेकर बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश जा रहे हैं।

'समृद्ध कृषि, सशक्त किसान' के संकल्प के साथ किसान मेला संपन्न









पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ान - समृद्ध कृषि, सशक्त किसान' थीम पर आयोजित दो दिवसीय किसान मेला-2025 का समापन हुआ` मेले के अंतर्गत संस्थान परिसर में कृषक-वैज्ञानिक संवाद, कृषि प्रदर्शनी, प्रक्षेत्र भ्रमण एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दीघा विधानसभा, पटना के माननीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कृषि प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शनियों की सराहना की। साथ ही, संस्थान द्वारा विकसित की गई धान, फल एवं सब्जियों की उन्नत किस्मों एवं तकनीकों को किसानों से बढ़-चढ़कर अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित रोजगार, आय सुरक्षा, कौशल विकास तथा स्थानीय संसाधनों के विकास के माध्यम से समावेशी ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि किसान मेले की थीम 'अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ान - समृद्ध कृषि, सशक्त किसान' के अनुरूप संस्थान तथा इसके सभी केंद्र पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ अन्नदाताओं की आजीविका सुदृढ़ीकरण, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक किसानों एवं अन्य हितधारकों को संस्थान से जुड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. निर्मल सिंह दहिया, निदेशक (प्रसार शिक्षा), बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य पर जोर देते हुए रासायनिक उर्वरकों का अनुशंसित मात्रा में उपयोग करने तथा गाय के गोबर एवं गोमूत्र का खाद के रूप में सदुपयोग करने की सलाह दी। डॉ. उज्जवल कुमार, आयोजन सचिव ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण दिया। साथ ही, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग एवं ब्रह्मकुमारी से आयीं अंजू दीदी ने भी अपने विचार किसानों के साथ साझा किये। इस दौरान, कृषक-वैज्ञानिक संवाद का आयोजन भी किया गया जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती, जलवायु-अनुकूल कृषि, मोटे अनाजों की खेती तथा रबी फसलों के लिए उन्नत प्रबंधन पद्धतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी क्षेत्र-विशेष समस्याएँ वैज्ञानिकों के समक्ष रखीं, जिनका व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया गया। किसानों ने संस्थान में समेकित कृषि प्रणाली, पोषण वाटिका, मत्स्य पालन, फसल विविधीकरण, कुशल जल प्रबंधन, वर्षभर चारा उत्पादन तथा बकरी, भैंस, गाय और कुक्कुट पालन जैसी उन्नत पशुपालन गतिविधियों का अवलोकन किया, जिससे वे अत्यंत प्रेरित एवं प्रोत्साहित हुए। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले किसानों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शनी लगाने वाले संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया` किसान मेले में लगभग 2120 लोगों ने सहभागिता की। डॉ. धीरज कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

25 दिसंबर से अटल स्मृति वर्ष का आयोजन देशभर में किया जा रहा : राधा मोहन सिंह

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी है,जो एक दूरदर्शी राजनेता थे और जिन्होंने भारत को 21वीं सदी में



अग्रसर किया। उनके सुशासन की विरासत में पोखरण द्वितीय परियोजना, कारगिल युद्ध के दौरान उनका नेतृत्व और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। उनकी विरासत को सम्मान देने और नागरिकों को प्रेरित करने के लिए एक अभियान प्रस्तावित किया गया है। जो संवाद, सांस्कृतिक और शासन केंद्रित पहलों के माध्यम से उनके जीवन, उपलब्धियों और चिरस्थायी मूल्यों को उजागर करेगा।उक्त बातें सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने बुधवार को कहीं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अज्ञेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर 25 दिसंबर से "अटल स्मृति वर्ष" का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है। गौरतलब है कि मोतिहारि से अटल का बहुत गहरा संबंध रहा है। मोतिहारी में उन्होंने आंदोलन किया है और जेल भी गए हैं। मोतिहारी में उनकी स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 दिसंबर का सांसद श्री सिंह निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 10 बजे सुबह अटल पार्क, कचहरी चौक पर पुष्पार्पण के पश्चात 11 बजे कचहरी स्थित राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में सांसद खेल स्पर्धा का समापन और प्रधानमंत्री जी का वर्चुअली संबोधन सुनेंगे। 12 बजे टॉउन हॉल मोतिहारी में अटल स्मृति सम्मेलन सह कवि सम्मेलन में शामिल होंगे,1 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र में जय जवान- जयकिसान - जय विज्ञान कार्यक्रम चौपाल और संध्या 4 बजे कचहरी स्थित अटल पार्क में डाक चौपाल में भाग लेंगे। संध्या 5 बजे अटल चौक पर अटल जी के जीवन, सामाजिक और राजनीतिक यात्रा पर आधारित "अटल प्रदर्शनी" का उद्घाटन श्री सिंह करेंगे।

विद्या अनमोल धन, जिसे कोई नहीं बांट सकता : विधायक



बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्थुथानीय भुवनेश्वरी चौक स्थित शकुंतला उत्सव सभागार में मेधा आश्रम के 27 वें वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह का बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक डॉ सियाराम सिंह ने कहा कि विद्या अनमोल धन है,जिसे कोई नहीं बांट सकता है। शिक्षक ईश्वर के ऐसे आदर्श दूत हैं जो कुम्हार की तरह भावी पीढ़ियों को गढ़ते हैं। विशिष्ट अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंजेश कुमार ने सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव वाले इस दौर में उसके पोजिटिव तत्व से बच्चों को जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि मां और शिक्षक दोनों मिलकर एक ऐसे समाज की संरचना कर सकते हैं, जिसमें प्राचीनता और नवीनता का समन्वय हो। संचालन और संयोजन करते हुए साहित्यकार हेमंत कुमार ने कहा कि तालीम के बिना इंसान होने का कोई मतलब नहीं है। शिक्षक, सैनिक और किसान भारत के प्राणतत्व हैं। स्वागत विद्यालय के संस्थापक सह प्राचार्य कौशल कुमार ने तथा शिक्षक सतीश कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के दर्जनों मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं करते हुए विदाई दी गई। इस अवसर छात्र-छात्राओं की एक से बढ़कर एक भाव-नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति ने अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। मौके पर वरिष्ठ कवि जितेंद्र चैतन्य, एसबीआर कॉलेज के प्राचार्य नवीन कुमार, शिक्षाविद सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी घनश्याम मुरारी, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक रामाधार सिंह, संजीव रंजन उर्फ बबलू सर, रौशन परवेज, राजीव रौशन, मुखिया प्रतिनिधि धर्मेश भारद्वाज, भाजपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू, भाजपा नेता संजीव कुमार मुन्ना, युवा नेता संतोष कुमार, कानबा निदेशक आलोक कुमार, रंजीव रंजन सिन्हा उर्फ पप्पू सर, इंजीनियर सौरभ कुमार, अधिवक्ता संजीव कुमार, शिक्षक प्रभाकर कुमार, मृत्युंजय कुमार, स्वप्नशील कुमार चंचल, अफजल अली, मिनाक्षी देवी, रश्मि देवी, पूजा देवी, नीलू कुमारी, प्रियांशु कुमार एवं संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। अध्यक्षता गणितज्ञ सुरेन्द्र शर्मा ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक विजय शंकर गिरि ने किया।

दानापुर नगर परिषद परिसीमन के बाद 45 वार्ड का गठन , 43 से 46 हजार आबादी पर वार्ड का गठन

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर परिषद क्षेत्र के परिसीमन को लेकर डीसीएलआर प्रवीण चंदन के नेतृत्व में गठित टीम परिषद के परिसीमन कार्य पूरा कर लिया गया है. अब परिषद के 40 वार्ड से बढकर 45 वार्ड हो गया है. अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि वार्डों का परिसीमन 2011 की जनसंख्या 1 लाख 95 हजार के आधार पर किया गया है. उन्होंने बताया कि राज्य निर्चाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक वार्ड में 43 हजार से 46 हजार मतदाता पर एक वार्ड का गठन किया गया है. उन्होंने बताया कि डीसीएलआर प्रवीण चंदन के नेतृत्व में टीम ने परिषद के नये परिसीमन किया गया है. जिसमें कोथवां पंचायत के दो राजस्व गांव कोथवा व मुस्तफापुर , लखनीबिगहा पंचायत के आशोपुर और नसीरपुर , मुबारकपुर -रघुरामपुर पंचायत के फरीदपुर व मैनपुरा व जमसौत पंचायत के ढिबरा व जमसौत का कुछ हिस्सा को नप परिषद में शामिल किया गया है. प्रखंड के अधिकारियों के साथ बैठक किया. बैठक में नप परिसीमन को लेकर टीम गठित किया गया है.बीडीओ आलोक कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डीसीएलआर ने नप क्षेत्र के परिसीमन को लेकर टीम गठित किया गया है.

पटना समेत बिहार में ठंडी हवा का असर कायम, अधिकतम तापमान 20 डिग्री से नीचे

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में बुधवार को भी ठंड का असर बना रहा. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पटना की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 16 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जिससे पूरे दिन ठंडक और गलन महसूस की गई. राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम रहा. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार गया में अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री, भागलपुर में 17 डिग्री, पूर्णिया में 17.5 डिग्री और मुजफ्फरपुर में 16.2 डिग्री दर्ज किया गया. समस्तीपुर में अधिकतम तापमान 16.8 डिग्री और सहरसा में 16.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे इन इलाकों में दिनभर ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया. वहीं सिवान में राज्य का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. बुधवार को पूरे राज्य में आर्द्रता का स्तर भी काफी ऊंचा रहा. कई जिलों में सापेक्ष आर्द्रता 85 से 98 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई, जिससे ठंडी हवा के साथ गलन और ज्यादा बढ़ गई. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई. ठंड और अधिक नमी के कारण सुबह के समय कोहरा छाया रहा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ. शहरों में लोग देर से घरों से बाहर निकले. बाजारों में गतिविधियां सुस्त रहीं और शाम होते ही सड़कों पर आवाजाही कम हो गई. खुले में काम करने वाले मजदूर, रिक्शा चालक और फुटपाथ दुकानदार ठंड से सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आए. कई स्थानों पर लोग अलाव और चाय की दुकानों के सहारे ठंड से राहत लेते दिखे. मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले चार से पांच दिनों तक बिहार में मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है. ठंडी पछुआ हवा चलती रहेगी और सुबह-शाम कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है. तापमान में कोई बड़ी बढ़ोतरी की संभावना फिलहाल नहीं है, जिससे लोगों को ठंड से तुरंत राहत मिलने के आसार कम हैं. मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को ठंड के इस दौर में सतर्क रहने की सलाह दी है. खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है. ठंड और गलन के कारण सर्दी, खांसी और सांस से जुड़ी समस्याएं बढ़ने की आशंका जताई जा रही है.



दानापुर में 359 वें प्रकाश पर्व पर निकाली गयी प्रभातफेरी

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। साच कहू सुन लेहू सबै, जिन प्रेम कियो तिनही प्रभु पायो, मानस की जात सबै एकै पहचान वो, वाहो-वाहो गोविंद सिंह , व बोले सो निहाल, सतश्री अकाल, वाहे गुरू जी का खालसा ,वाहे गुरू की फतह . जैसे जयकारों से नगर बुधवार तड़के गुंजयमान हो उठी. मौके था पंज प्यारे के अगुआई में निकाली प्रभातफेरी बुधवार को अहले सुबह हांडी साहिब गुरूद्वारा पहुंची. जहां पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया. खालसा पंथ के संस्थापक गुरू श्री गोविंद सिंह जी महाराज के 359 वें प्रकाश उत्सव समारोह को लेकर तख्त साहिब से अरदास के बाद पंच प्यारे की अगुआई में निकली . जिसमें शामिल संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रही थी. प्रभातफेरी तख्त साहिब से निकल कर वाहन से तकियापर मोड़ पहुंची . वहां से अवस्थी घाट, गुरूद्वारा रोड, अखाड़ा रोड होते हुए हांडी साहिब गुरूद्वारा पहुंची. यहां पर



श्रद्धालुओं ने पंच प्यारे समेत संगत को भव्य स्वागत किया गया . श्रद्धालुओं ने पुष्प से स्वागत किया. उसके बाद पंच प्यारे व संगत ने गुरूद्वारा में मत्था टेका . इसके बाद अरदास व हुक्कुनाम पाठ व कीर्तन किया गया. पंच प्यारे समेत संगत को प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया गया और श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर चलाया गया . गुरूद्वारा के ग्रंथी सतलोक सिंह ने गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के बारे में जानकारी दी.ग्रंथी श्री सिंह ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी महाराज बाल्यावस्था में अपने संगत के साथ आनंदपुर साहिब जाने के क्रम में यहां पर रात बीताया था. माता जमुनी के हांडी में बनी खिचड़ी खाये थे. इस गुरूद्वारा में आज भी लंगर में खिचड़ी प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं के बीच बांटे जाते है. मौके पर नगर कीर्तन के संगत हांडी साहिब गुरूद्वारा पहुंचे. संगत में मोहन सिंह, शक्ति सिंह, ज्योति स्वरूप, जौजी समेत आदि मौजूद थे.

डॉ. पंकज कुमार को सर्वश्रेष्ठ समीक्षकों में मिली राष्ट्रीय मान्यता

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के नाभिकीय चिकित्सा विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज कुमार को भारतीय नाभिकीय चिकित्सा पत्रिका (आईजेएनएम) के सर्वश्रेष्ठ समीक्षकों में शामिल किए जाने के साथ ही 'प्रशंसा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान भारतीय नाभिकीय चिकित्सा सोसाइटी (एसएनएम इंडिया) तथा आईजेएनएम की संपादकीय समिति की ओर से प्रदान किया गया. डॉ. पंकज कुमार को यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान और समर्पित सहकर्मी समीक्षा कार्य के लिए दी गई है. यह सम्मान 17वें एशिया-ओशियानिया नाभिकीय चिकित्सा एवं जीवविज्ञान कांग्रेस के अवसर पर 7 दिसंबर 2025 को चेन्नई स्थित आईटीसी ग्रैंड चोला में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया.

जीविका ने किया रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

चकिया (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड में जीविका परियोजना के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। इस मेले में देश भर के प्रसिद्ध कंपनियों में शिवशक्ति बायोटेक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, होप केयर, क्वेस्कॉर्प एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित कुल 13 कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्याम बाबु प्रसाद यादव,अनुमंडल पदाधिकारी शिवांगी शुभम, नगर परिषद के सभापति पवन सर्राफ, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान, जीविका चकिया के प्रखंड परियोजना प्रबंधक पल्लवी जोशी एवं जीविका संकुल के दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मेले में चकिया प्रखंड के अलावा मधुबन एवं मेहसी प्रखंड के बेरोजगार युवक-युवतियों ने उपस्थित होकर रोजगार एवं प्रशिक्षण हेतु विभिन्न कंपनियों में आवेदन दिया। इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि जीविका दीदीयों ने जो अपने प्रदेश में विकास की नयी मिसाल कायम करते हुए जो सामजिक परिवर्तन की है वो जीविका परियोजना के बिना असंभव था साथ ही जीविका परियोजना ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर जीविका जीविकोपार्जन के सभी क्षेत्रों में भी अहम योगदान कर रही है। अनुमंडल पदाधिकारी शिवांगी शुभम ने कहा कि इस क्षेत्र में जीविका रोजगार मेले के आयोजन से ग्रामीण युवक एवं युवतियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण के



अवसर उपलब्ध होंगे साथ ही जीविका दीदीयों द्वारा किये जा रहे विभिन्न जीविकोपार्जन संबंधी कार्य या समाज से जुड़े हुए सामाजिक कार्यों की काफी सराहना की। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार हेतु विशेष मार्गदर्शन भी दिया। जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने अपने संबोधन में उपस्थित युवाओ और जीविका दीदीयों से अपील की इस रोजगार मेले का भरपूर लाभ उठाएं और बेरोजगारी दूर कर अपने परिवार को समाज के मुख्य धारा में लाने का कार्य करें। इस अवसर पर आई बी सी बी प्रबंधक कृष्ण रंजन कुमार ने विस्तार से जीविका के कार्यों एवं रोजगार मेले के अहमियत को साझा करते हुए इसकी आज के परिपेक्ष्य में जरूरत एवं उपयोगिता बताई। जीविका पूर्वी चंपारण रोजगार प्रबंधक अभिषेक आनंद के द्वारा बताया गया कि इस रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में कुल 1345 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीकरण कराया` इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 288 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के अगले चरण के लिए चयन किया गया। 352 अभ्यर्थियों ने कौशल विकास एवं नियोजन हेतु एस.एम.ओ. एवं हाउस कीपिंग ट्रेड्स प्रशिक्षण हेतु आवेदन किया गया साथ ही 226 अभ्यर्थियों ने आरएसईटीआई में प्रशिक्षण हेतु अपना आवेदन दिया` इस अवसर पर चकिया प्रखंड में जीविका के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जीविका कैडरों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले परियोजना कर्मियों को भी सम्मानित किया गया` मंच का संचालन जीविका के स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक रमण कुमार ने किया` इस अवसर पर जीविका बी पी एम चकिया पल्लवी जोशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया । इस अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तर के कई अधिकारी सहित चकिया प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक संजीत कुमार एवं रुपामणि कुमारी , सामुदायिक समन्वयक आकाश, गुडिया कुमारी, आशुतोष शर्मा, प्रमोद कुमार, निखत आरा, निभा कुमारी, अभिषेक कुमार, मुकेश कापरी, सहित सैकड़ों जीविका दीदी एवं कैडर उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

रोजगार सेवक मो. रिजवान पर लगा अनुशासनहीनता का आरोप

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कार्यक्रम पदाधिकारी, तेतरिया द्वारा अपने पत्रांक-73, दिनांक-01.12.2025 के द्वारा मो. रिजवान अंसारी, पंचायत रोजगार सेवक ग्राम पंचायत राज मधुआहां वृत एवं सेमराहों प्रखण्ड तेतरिया के द्वारा अमर्यादित/अनुशासनहीन व्यवहार करने एवं फोन पर बार-बार धमकी भरे लहजे में बात करने की शिकायत की गयी थी। वर्तमान में जिला स्तर से मनरेगा अन्तर्गत के प्रगति की सभीक्षा दिनांक-25.11.2025 से लगातार 5:00 बजे संध्या गूगल मीट के माध्यम से की जा रही है। उक्त गूगल मीट से भी मो० रिजवान अंसारी लगातार अनुपस्थित रहे है, जो अनुशासनहीन होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा उक्त अमर्यादित एवं अनुशासनहीन व्यहार के लिए मो० रिजवान अंसारी पंचायत रोजगार सेवक ग्राम पंचायत राज मधुआहां वृत एवं सेमराहां प्रखण्ड तेतरिया को विभागीय पत्रांक-196, दिनांक-25.03.2022 के कंडिका 01 के उप कंडिका iii के अन्तर्गत संचयी प्रभाव से तीन वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक एवं उप कंडिक.५ के आलोक में 03 वर्ष तक मूल मानदेय से 15 प्रतिशत की कटौती का शास्ती (दण्ड) अधिरोपित किया गया है।

ईख पदाधिकारी ने मानिकपुर एवं गायघाट में गन्ना खरीद केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण



मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ईख पदाधिकारी द्वारा सुगौली चीनी मिल क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर एवं गायघाट (पूर्वी चंपारण) स्थित गन्ना खरीद केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गन्ना खरीद की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, चालान निर्गत की स्थिति एवं गन्ना आपूर्ति की समग्र व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। ईख पदाधिकारी द्वारा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि गन्ना खरीद कार्य पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित किसानों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ईख पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और गन्ना खरीद व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महिला का यौन शोषण, विडियो वायरल की धमकी

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ यौन शोषण करने एंव विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामलें में कोर्ट परिवाद के आधार पर केस दर्ज की गई है। जिसमें महिला ने पटना जिला के मनेर थाना के टाटा कॉलोनी के सतीश सोनी दीपू सोनी व शेखर कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला ने आवेदन में बताया है कि बिते वर्ष नंवबर 2024 में अपनी पति की आंख की आपरेशन कराने पारसा छपरा के अखंड ज्योती अस्पताल गयी थी। इसी दौरान सतीश कुमार सोनी यौन शोषण का प्रयास करने लगा। जब इसका विरोध किया तो उसने धमकी देने लगा कहा विडीयो वायरल कर दूँगा। वहीं मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

अनुमंडल प्रशासन ने किया कंबल वितरण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए अनुमंडल और प्रखंड प्रशासन की ओर से गरीब असहाय लोगों में कंबल का वितरण किया गया। ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। इस कड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता और बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार की संध्या नरकटियागंज जंक्शन परिसर में करीब 70 लोगो मे कंबल वितरित किए। अनुमंडल पदाधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि इन दिनों ठंड का अधिक प्रकोप बढ़ गया है। इसको देखते हुए गरीब असहाय लोगों को ठंड में थोड़ी राहत मिले, इस उद्देश्य से कंबल का वितरण किया गया है। प्रशासन की ओर से आगे भी क्षेत्र में कंबल वितरित किया जाता रहेगा। इस मौके पर अनुमंडल नाजीर प्रेम चन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। वही दूसरी तरफ अंचल प्रशासन ने नगर के पकड़ी ढाला समेत अन्य जगहों पर जलावन के लिए लकड़ी गिरवाया। इसकी जानकारी सीओ सुधांशु शेखर ने दी।

बगहा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान

बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर को अतिक्रमणमुक्त रखने के उद्देश्य से नगर प्रशासन ने बुधवार को सघन अभियान चलाया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा के नेतृत्व में बगहा बाजार से मलपुरवा पुल तक सड़क के दोनों किनारों एवं सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाया गया। इससे पूर्व तीन दर्जन से अधिक दुकानदारों को नोटिस देकर एक सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर पुलिस बल की निगरानी में कार्रवाई की गई। ईओ ने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बगहा बाजार से नवकी बाजार रोड के अतिक्रमणकारियों को भी शीघ्र अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा वहां भी अभियान चलाया जाएगा।

एसडीएम ने गांवों में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कड़ाके की ठंड को देखते हुए बुधवार को एसडीएम गौरव कुमार ने बगहा-दो प्रखंड के चमवलिया पंचायत अंतर्गत मटियरिया, मच्छरगावा सहित अन्य गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। एसडीएम ने बताया कि अनुमंडल प्रशासन द्वारा चिन्हित जरूरतमंदों को लगातार कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी प्रखंडों के बीडीओ को भी वितरण तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बढ़ती ठंड के मद्देनजर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के व्यस्त चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि आमजन और राहगीरों को राहत मिल सके।

साधु वेशधारी तस्कर आठ किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मंगलवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे 71वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल(एसएसबी) अठमोहान कैम्प के जवानों ने गुप्त सूचना पर जाल बिछाया था कि,साधु के वेश में नेपाल से भारत आने के क्रम में एक तस्कर आठ किग्रा गांजा के साथ एसएसबी जवानों के हत्थे चढ़ गया. जानकारी देते हुए अठमोहन कैम्प के कंपनी कमांडर श्री विजय कुमार असिस्टेंट कमांडेंट ने बताया कि जवानों द्वारा तस्कर को हिरासत में लेने हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार को सूचना देने के बाद पुलिस के साथ एक टीम गठित करके तस्कर को पकड़ने के लिए सीमा स्तंभ संख्या 359/11 के समीप नाका लगाया गया. जहाँ रात्री के साढ़े नौ बजे नेपाल से भारत आते एक स्प्लेंडर बाइक को देखते ही टीम सतर्क हो गई और ज्योंहि बाइक नाका टीम के पास पहुंची एसएसबी के जवान ने बिजवनी निवासी 51 वर्षीय साधु नरेश दास पिता जादो लाल यादव को धर दबोचा गया. तलाशी में बाइक पर 4 किलो का दो पैकेट यानि कुल आठ किलो गांजा बरामद किया गया. उक्त गांजा एवं तस्कर को विधि सम्मत कार्यवाही हेतु जितना थाना को सुपुर्द कर दिया गया. इधर एसएसबी व स्थानीय पुलिस की लगातार कार्रवाई से अवैध गतिविधि में संलिप्त कारोबारियों में दहशत का माहौल व्याप्त है.नाका टीम में एसआई संजय यादव, एसएसबी के जवान आर्यन कुमार आर्या,दीपक कुमार,पंकज यादव, सहित पुलिस के अन्य कर्मी मौजूद थे।



एफआरके की कमी से धान अधिप्राप्ति प्रभावित

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले में धान अधिप्राप्ति की रफ्तार लगातार सुस्त बनी हुई है। इसकी वजह मौसम या किसानों की उदासीनता नहीं, बल्कि पैक्सों में राशि की कमी और एसएफसी द्वारा अब तक एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) उपलब्ध नहीं कराया जाना है। एफआरके के अभाव में राइस मिलों में चावल तैयार नहीं हो पा रहा है, जिससे उसे एसएफसी में जमा नहीं किया जा सका और भुगतान की चक्रिय व्यवस्था ठप पड़ गई है। चावल के बदले भुगतान न मिलने से समितियां दोबारा धान की खरीद नहीं कर पा रही हैं। इसका सीधा असर छोटे और मझोले किसानों पर पड़ रहा है। खरीद ठप होने के कारण किसानों को मजबूरी में खुले बाजार में औने-पौने दाम पर धान बेचना पड़ रहा है। इससे जिले का अधिप्राप्ति लक्ष्य पूरा होना भी कठिन होता दिख रहा है।जिले में धान खरीद के लिए समितियों को अनुमानित क्रय के विरुद्ध करीब 40 प्रतिशत कैश क्रेडिट की सुविधा दी गई है, जो सामान्य स्थिति में पर्याप्त मानी जाती है। लेकिन एफआरके की अनुपलब्धता से पूरी प्रक्रिया बाधित हो गई है। नतीजतन, क्रय सत्र शुरू हुए डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक मात्र 2004 किसानों से लगभग 16,200 मीट्रिक टन धान की ही खरीद हो सकी है, जो फिलहाल पैक्स गोदामों और मिलों में पड़ा हुआ है।

अधिकारियों की मौजूदगी में हटाया गया अतिक्रमण



घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आवेदक नबी जान आलम के आवेदन के आलोक में बुधवार को अतिक्रमणवाद संख्या-07/2025-26 के तहत मौजा लोखन, थाना संख्या 63, खेसरा संख्या 2784 में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त खेसरा पर विगन राय व भगवान राय द्वारा लगभग 1.20 डिसमिल, अकबर अली, जफिन आलम, सफी मोहम्मद (पिता-अब्दुल नसीम) द्वारा 3.90 डिसमिल, रहमतुल्ला पिता-मौलानजी मियां द्वारा 1.10 डिसमिल,शमसुल मियां द्वारा 0.51 डिसमिल,तथा फरमान मियां द्वारा 1.83 डिसमिल भूमि पर करकट एवं लकड़ी से घेराबंदी कर झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया गय था.अंचल अधिकारी आनन्द कुमार स्थानीय थाना के सब-इंस्पेक्टर रविंदर कुमार, राजस्व पदाधिकारी सकलदेव, अंचल अमीन संजीत कुमार, राजस्व कर्मचारी जगत कुमार एवं हरेराम पंडित और अन्य पुलिस कर्मी के उपस्थिति में हटाया गया.इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे. प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा बीते लगभग दो माह से लगातार मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों को स्वयं भूमि खाली करने के लिए समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा था.ठंड के मौसम एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह भी सुझाव दिया गया था कि यदि अतिक्रमणकारी लिखित आवेदन दें तो मानवीय आधार पर एक-दो माह की मोहलत पर विचार किया जा सकता है. सोमवार को भी सभी अतिक्रमणकारियों एवं उनके परिजनों को कार्यालय बुलाकर समझाने का प्रयास किया गया. हालांकि, आवेदक नबी जान आलम सहित अन्य अतिक्रमणकारियों (अधिकतर आवेदक के फरिकैन) ने किसी भी प्रकार का लिखित आवेदन देने से स्पष्ट इनकार कर दिया और केवल रास्ते की मांग पर अड़े रहे. अंततः उनकी मांग के अनुरूप झोपड़ियां हटाकर तथा चिन्हित अन्य अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया. अंचल अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन ठंड की अधिकता और बच्चों और परिवारजनों की स्थिति को पूरी तरह समझते है, इसी कारण बार-बार संवाद और समझौते का प्रयास किया गया. इसके बावजूद सहमति नहीं बनने की स्थिति में प्रशासन को अतिक्रमण वाद तथा आवेदक नबीजान द्वारा हाई कोर्ट में दायर किए गए उहखउ 11279/2025 के तहत कार्रवाई करनी पड़ी.उन्होंने यह भी कहा कि ठंड की अधिकता और समस्या की जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकारियों एवं आवेदक की होगी, क्योंकि उन्हें पर्याप्त अवसर और मानवीय विकल्प उपलब्ध कराए गए थे.उक्त कारवाई शांति एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई

पशु बांझपन निवारण शिविर का किया गया आयोजन





मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग बिहार पटना द्वारा आत्म निर्भर विहार के सात निश्चय - 02 बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाओं के तहत पशु बाझपन निवारण शिविर एवं पशु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पशु शल्य चिकित्सालय मोतिहारी के सौजन्य से ग्राम मलकौनिया में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. विनोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव,पशु शल्य चिकित्सक तथा डॉ. शशिभूषण प्रसाद, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, मोतिहारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. विनोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा पशु शल्य चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पशु बाझपन रोग से बचाव के लिए विशेष रूप से पशुपालकको को जागरूक करने की जरूरत है। इस दौरान पशुओं में होने वाले बांझपन के कारणों में पशुपालकों को मदचक्र की जानकारी नहीं होना, कुपोषण, संक्रमण, जन्मजात दोष, प्रबंधन त्रुटियां, हार्मोन असंतुलन आदि की समस्या रहती है। इसे दूर करके ही पशुपालन लाभकारी बनेगा। ताकि, पशु उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिल सके। इस मौके पर डॉ. विजय समीर, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी सपहिडीह, डॉ. शम्भू शरण, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लखौरा ने विस्तार से पशु बाझपन निवारण हेतु पशुपालको के चिकित्सीय सलाह और सुझाव दिए। इस मौके पर लगभग 235 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री राजकुमार गुप्ता , पशुधन सहायक, श्री शिवशंकर प्रसाद, कार्यालय परिचारी , श्री रमेश कुमार, कार्यालय परिचारी,सभी पशु शल्य चिकित्सालय मोतिहारी उपस्थित रह कर कार्यक्रम संचालन में सहयोग किये। इस मौके पर पशुपालक, ग्रामीण और क्षेत्रीय प्रतिनिधि और महिलाएं उपस्थित रही।

चिरैया में जीविका द्वारा पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पशुपालन निदेशालय एवं जीविका के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड के मिश्रौलिया पंचायत अंतर्गत सपगढ़ा गांव में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि रंजन कुमार एवं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविरंजन कुमार के द्वारा सैकड़ों पशुपालकों को चिकित्सीय सलाह दी गई। इस दौरान शिविर में लाये गयें पशुओं का निःशुल्क इलाज किया गया। इस अवसर पर डॉ रवि रंजन ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को मुफ्त पशु स्वास्थ्य जांच, बांझपन निवारण, टीकाकरण और पशु पोषण के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे अपने पशुओं की बेहतर देखभाल कर सकें और उनकी आजीविका को सशक्त बना सकें, जिसमें मुफ्त दवा वितरण भी शामिल है। इसके अलावा शिविर में सभी पशुपालकों को चिकित्सकों की सलाह का पालन करने एवं उसके अनुसार दवा खिलाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर जीविका के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार द्वारा पशुपालकों को पशुओं के रख रखाव, ठण्ड से बचाव एवं जीविका समूह से ऋण लेकर पशुपालन को और लाभकारी बनाने हेतु जानकारियां दी गई। वहीं उक्त पंचायत के सामुदायिक समन्वयक सूर्यकांत द्वारा शिविर संबंधी सारी तैयारियां की गई। मौके पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक राकेश कुमार शर्मा, विनय कुमार, सामुदायिक समन्वयक शिवम कुमार, चंदन कुमार, नन्दलाल कुमार, कैडर मीनू कुमारी, प्रेमशीला, अंशु कुमारी, अजय कुमार, राधेश्याम, हुस्नेतारा उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने किया नव स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरेराज का निरीक्षण



मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार सरकार के सात निश्चय अंतर्गत नव स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अरेराज (पूर्वी चम्पारण) के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हॉस्टल, कैंटिन ब्लौक, प्राचार्य आवास, उप प्राचार्य आवास, चहारदिवारी, पहुँच पथ स्थल विकास, फर्नीचर एवं फर्नीशिंग कार्य तथा 100 बेड वाले बालक छात्रावास का निर्माण कार्य का जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सदर मंडल पदाधिकारी श्री निशांत सिहारा भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि यह संपूर्ण निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। इस योजना के लिए 28.03 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति की प्राप्त है। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि निविदा के माध्यम से चयनित एजेंसी के साथ एकरारनामा के अनुसार इस कार्य के प्रारंभ की तिथि-28.03.2023 है। इस योजना के अन्तर्गत प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हॉस्टल, कैंटिन ब्लौक, प्रचार्य आवास, उप प्रचार्य आवास एवं परिसर विकाश का निर्माण प्रस्तावित है जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है:-

(1) प्रशासनिक भवन के चतुर्थ तल का ईट जोड़ाई का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है।
(2) प्राचार्य एवं उप प्रचार्य आवास का संरचना कार्य पूर्ण। रंग रोगन एवं टाईल्स का कार्य प्रगति पर है।
(3) कर्मशाला भवन के द्वितिये तल का ढलाई कार्य पूर्ण एवं ईट जोड़ाई कार्य प्रगति पर है।
(4) स्टॉप हॉस्टल के भुतल के छत का ढ़लाई कार्य पूर्ण एवं ईट जोड़ाई कार्य प्रगति पर है, प्रथल तल के कॉलम के ढालाई कार्य प्रगति पर है।
(5) कैटिन के प्रथम एंव द्वितीये तल का संरचना एवं ईट जोड़ाई कार्य पूर्ण एवं विद्युत का कार्य प्रगति पर है।
(6) बालक छात्रवास के प्रथल तल का ढलाई कार्य पूर्ण एवं भूतल में ईट जोड़ाई का कार्य प्रगति पर है। (7) चाहरदिवारी का संरचना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस योजना को 2026 के मार्च माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी के द्वारा भवन निर्माण विभाग के अभियंता सहित कार्य एजेंसी को तय सीमा में संपूर्ण परिसर को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया।

नियमों के उल्लंघन में ठेकेदार को किया गया ब्लैकलिस्टेड, ईओ पर कार्रवाई की अनुशंसा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नियमों को ताक पर रखकर नरकटियागंज नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा एक ठेकेदार को काली सूची में डालने का मामला सामने आया है। नरकटियागंज प्रखंड के हरदिया चौक निवासी ठेकेदार रणविजय कुमार सिंह ने इस संबंध में 18 अक्टूबर 2025 को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष परिवाद दायर किया। परिवाद में ठेकेदार ने आरोप लगाया कि उन्हें अधिसूचित नियमों के विरुद्ध मनमानी तरीके से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वे स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी में निबंधित हैं और प्रकाशित ग्रुप संख्या 19, 21, 24 एवं 25 में उन्हें कार्य आवंटित हुआ था, लेकिन किसी भी सूची के लिए उनसे एकरारनामा नहीं कराया गया। इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया गया, जो पूरी तरह नियम-विरुद्ध है। सुनवाई के दौरान पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने स्पष्ट किया कि बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 की कंडिका 11(ख) एवं (1) के तहत ठेकेदार को काली सूची में डालने का अधिकार केवल सक्षम निबंधन पदाधिकारी या उनके नियंत्रक पदाधिकारी को है। नगर परिषद द्वारा जारी ब्लैकलिस्टिंग आदेश को निरस्त कर दिया गया है। मामले की सुनवाई पूरी करते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि बिना विधिक सक्षमता और नियमों के विरुद्ध की गई कार्रवाई स्पष्ट रूप से गलत है।

आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत जागरूकता शिविर 29 को

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत 29 दिसंबर को समाहरणालय परिसर में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों में वर्षों से निष्क्रिय पड़ी बिना दावे वाली राशि को उसके वास्तविक और वैध हकदारों तक पहुंचाना है। शिविर में नागरिकों को बताया जाएगा कि यदि किसी बैंक खाते में लगातार 10 वर्षों तक कोई लेन-देन नहीं हुआ और उस पर कोई दावा नहीं किया गया, तो उस खाते की राशि भारतीय रिजर्व बैंक को स्थानांतरित कर दी जाती है। इसी तरह बीमा पॉलिसी, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय साधनों में भी बड़ी मात्रा में बिना दावे की राशि पड़ी रहती है। यह अभियान वित्तीय सेवा विभाग द्वारा आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई और पीएफआरडीए जैसे प्रमुख नियामक संस्थानों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिना दावे वाली संपत्तियों का पारदर्शी और समयबद्ध निपटान, केवाईसी अद्यतन, खातों को सक्रिय रखने और नामांकन जैसी अच्छी वित्तीय आदतों को बढ़ावा देना है। अग्रणी जिला प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि शिविर में सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

सोलंकी बीएड कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न





छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के भिखारी ठाकुर चौक के समीप स्थित सोलंकी बीएड (टीचर्स ट्रेनिंग) कॉलेज, छपरा में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर रेस, श्री लेग रेस, लेमन रेस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, टग ऑफ वार, सैक रेस, बैडमिंटन व म्यूजिकल चेयर जैसे विविध रोचक खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिस्पधाओं में प्रतिभागियों ने जोश, जज्बा व अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। तीसरे एवं अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान प्रशिक्षुओं का उत्साह काफी दिखाई दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी व उप प्राचार्य शशि कुमार श्रीवास्तव ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि टीम भावना व मानसिक सुदृढ़ता भी विकसित करता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में भी इसी तरह सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एनएसएस प्रमुख चन्द्र भूषण तिवारी, राकेश कुमार गौतम सहित कॉलेज के प्राध्यापकगण क्रमशः डॉ. आशुतोष कुमार राणा, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. नूतन कुमारी, ईश्वर चंद, हरि लाल यादव, मुकेश कुमार सिंह के अलावा शंकर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अंकुर कुमार श्रीवास्तव, रीशू कुमार व वरुण गिरि आदि का भी सराहनीय सहयोग रहा।

उच्च माध्यमिक विद्यालय नवादा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन





छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा प्रखंड के नवादा गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी व सेवानिवृत्त आदेशपाल कमल कुमार सिंह उर्फ पहाड़ सिंह के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नव-निर्मित भवन का भी उद्घाटन किया गया। समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह आयोजन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह, शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारी क्रमशः सुनील कुमार सिंह, अजय कुमार पाठक, निपुण झा, सोनम मिश्रा, मयंक कुमार सिंह, बालक साहनी, आलोक पाठक, गोपाल राम, अभिषेक यादव, सत्यकेश कुमार आदि ने अपनी भागीदारी निभाई। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा।

विधायक व विधान पार्षद की रही गौरवमयी मौजूदगीः

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह व सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों की गौरवमयी मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी, एचएम हरदन बाबू सिंह, नवल किशोर सिंह उर्फ दादाजी, अर्जुन सिंह, मनोज कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह व अनिल कुमार सिंह शामिल हुए।

नवनिर्मित विद्यालय भवन का हुआ उद्घाटनः

दीप प्रज्वलन के बाद नव-निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह, विधानपार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव व प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदन बाबू सिंह के कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन के अवसर पर एकमा व मांझी प्रखंडों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विद्यासागर विद्यार्थी, सारिका द्विवेदी, सुनीता कुमारी, जितेंद्र कुमार, शेषनाथ सिंह, राजकुमार शर्मा, मदनसाठ व इंदु देवी शामिल रहे। सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

सम्मान समारोह में रहा भावपूर्ण क्षणः

विधायक, विधानपार्षद व विद्यालय प्रशासन द्वारा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विद्यासागर विद्यार्थी व आदेशपाल कमल कुमार सिंह उर्फ पहाड़ सिंह को पुष्पमाला, अंगवस्त्र, बुके व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी ने दोनों के दीघार्यु, स्वस्थ्य व मंगलमय भविष्य की कामना की।

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व कर्मी का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

मार्गदर्शन की आवश्यकता हमेशा रहेगीः अतिथिगण

अपने संबोधन में विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह व विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि समाज को ऐसे शिक्षक व कर्मी की हमेशा आवश्यकता रहेगी। उन्होंने कहा कि हम इन्हें विदा करने नहीं, सम्मान देने आए हैं। विद्यालय व समाज को इनके अनुभव और मार्गदर्शन की निरंतर जरूरत रहेगी। विद्यासागर विद्यार्थी ने अपने कार्यकाल में सदैव छात्रों व शिक्षकों के हित में काम किया है।

राज्य सरकार ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए संकल्पित : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। वाणावर महोत्सव 2025 का बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, जिलाधिकारी अलंकृत पांडे के साथ-साथ घोसी एवं मखदुमपुर विधायक के अलावा जदयू एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर वाणावर महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के मौके पर बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार पर्यटन स्थल एवं ऐतिहासिक धरोहरो पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ पर भी सरकार की पैनी नजर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार वाणावर के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिन-ब-दिन क्षेत्र विकास की ओर बढ़ रहा है। वही



मौके पर जिलाधिकारी अलंकृत्य पांडे ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 49 करोड़ रूपया वाणावर के विकास के लिए दिया गया था। जिसके तहत वाणावर के विकास के लिए कई योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि वाणावर में रोपवे निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। साथ ही सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जाने के लिए सीढ़ी का चौड़ीकरण एवं जीणोद्धार का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कुछ ही दिनों में यहां विकास का काम लोगों को दिखने लगेगा। साथ ही पर्यटकों एवं मंदिर में आए श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधाओं के अनुसार काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी एवं लोक गायक सत्येंद्र संगीत ने अपने गीतों से लोगों का दिल मनमोहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार के प्रसिद्ध लोक गीत गायक सत्येंद्र संगीत ने बिहार गीत जय जय बिहार से शुरुआत की उसके बाद प्यार में लोगवा बीमार काहे होला... दिल्ली वाली दुल्हन चलके देखा गउआ हमार.. समेत कई गीतों की प्रस्तुति दिया। वही कार्यक्रम में पहुंची पद्मश्री से सम्मानित गायिका मालनी अवस्थी ने जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ डम डम डमरू बजावे ला हमार जोगिया। आंगन में सुबह सिया के सजनवा..... समेत कई गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

दो दिवसीय किसान मेला–सह–पशु प्रदर्शनी का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), जहानाबाद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला–सह–पशु प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र राम लखन ठाकुर, सहायक निदेशक बीज उत्पादन वर्षा, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) राकेश कुमार एवं अनुप्रिति माला, डेयरी फील्ड ऑफिसर अनीता भारती, पशु शल्य चिकित्सक डॉ. अनीता, सहायक पोल्ट्री पदाधिकारी डॉ. रानी कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पशु प्रदर्शनी में गाय, भैंस, बकरी एवं श्वान (डॉग) की आकर्षक प्रदर्शनी



लगाई गई। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों—रविनंदन कुमार, नीरज कुमार, फुला देवी, लीला देवी, चमकीला देवी, शशांक शेखर, शिव कुमार, कपिलदेव यादव, लक्ष्मण कुमार, राजू चौधरी, भरत पासवान, सुधीर कुमार सहित अन्य किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से किसानों को नई तकनीकों, पशुपालन एवं कृषि से जुड़ी जानकारियां मिलती हैं, जिससे उनका उत्साहवर्धन होता है। उन्होंने भविष्य में किसान मेला एवं पशु प्रदर्शनी को और अधिक बेहतर एवं व्यापक रूप में आयोजित करने की बात कही। समापन अवसर पर उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किसान मेला–सह–पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

देव के महुआन में जंगली पशुओं के लिए जीवनदायी बना है गारलैंड ट्रेंच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के देव प्रखंड के महुलान गांव के समीप निर्मित गारलैंड ट्रेंच इन दिनों जंगली पशुओं के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। वन विभाग की ओर से कराए गए इस निर्माण कार्य से न केवल जंगल में रहने वाले पशुओं को पानी की सुविधा मिल रही है बल्कि आसपास के ग्रामीणों को खेती के लिए इसका लाभ मिल रहा है। जल संरक्षण की दिशा में यह पहल क्षेत्र के लिए एक मिसाल कायम हो गई है। बता दें कि वन विभाग के द्वारा महुआन में करीब 50 हेक्टेयर वन भूमि में गारलैंड ट्रेंच का निर्माण कराया गया है। ट्रेंच की खास बात यह है कि इसमें लगभग दो करोड़ लीटर पानी संग्रहित करने की क्षमता है। वर्षा के मौसम में आसपास के पहाड़ी और ढलान वाले इलाकों से बहकर आने वाला पानी जमा हो जाता है जिससे लंबे समय तक जल उपलब्ध रहता है। खासकर गर्मी के दिनामें जब जंगल में पानी के स्त्रोत सूख जाते है तो उस समय के लिए राहत



50 हेक्टेयर में बना है गारलैंड ट्रेंच

का काम करता है। बता दें कि परियोजना पर कुल एक रोड़ 36 लाख 81 हजार रुपये खर्च हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह राशि पूरी तरह से जल संरक्षण और वन्यजीवी की सुरक्षा को ध्यान में रखकर खर्च की गई है। वहीं गर्मी के दिनों में पानी की कमी के कारण जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में गांवों की ओर आ जाते थो जिससे मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ जाती थी। गारलैंड ट्रेंच का लाभ केवल वन्यजीवों तक सीमित नहीं है। वहीं इसके आसपास बसे ग्रामीण पानी का उपयोग खेती के लिए कर रहे हैं। इधर वर्षा के बाद ट्रेंच में पर्याप्त मात्रा में पानी जमा होता है तो धीरे-धीरे यह जमीन के अंदर भूजल स्तर को बढ़ाता है। जिससे आसपास के कुआं और चापाकलों में पानी की उपलब्धता बेहतर हुई है। ग्रामीणों के अनुसार गारलैंड ट्रेंच के निर्माण होने से इससे रबी और खरीफ दोनों फसलों को सिंचाई में मदद मिल रही है। वहीं ट्रेंच पहाड़ी ढ़लानों के किनारे इस तरह बनाया गया है कि वर्षा का पानी सीधो इसमें आकर जमा हो जाए। यह ट्रेंच मिट्टी और पत्थरों से मजबूत ढंग से तैयार किया गया है ताकि लंबे समय तक टिकाऊ बना रहे।

लोक संगीत से गूंजा वाणावर का पहाड़ी क्षेत्र

वाणावर महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिला प्रशासन और बिहार पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड स्थित वाणावर पहाड़ी की तलहटी में 'वाणावर महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव दिन के 12 बजे शुरू होकर देर शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों की सहभागिता देखी गई। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया।



कार्यक्रम के दौरान पूरे वाणावर क्षेत्र सांस्कृतिक रंगों में पूरी तरह रंगा नजर आया। महोत्सव की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं पद्मश्री सम्मानित लोक गायिका मालिनी अवस्थी, जिन्होंने अपने लोकगीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं राज्य स्तरीय लोक गायक सत्येंद्र कुमार संगीत की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। इस अवसर पर मालिनी अवस्थी ने कहा कि सिद्धेश्वर नाथ धाम और वाणावर जैसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल पर आकर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रही है। उन्होंने बताया कि सिद्धेश्वर नाथ धाम और वाणावर जैसी पावन भूमि पर आकर प्रस्तुति देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और आम लोगों के लिए यह एक नजीर है। मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार का यह प्रयास है कि दूर-दराज और इंटीरियर इलाकों में भी ऐसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हों।

बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को ले जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के काको प्रखंड क्षेत्र के सातनपुर स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवम जेंडर आधारित हिंसा के तहत जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जेंडर स्पेशलिस्ट श्री शैलेश कुमार ने बाल विवाह , लैंगिक हिंसा जैसे सामाजिक मुद्दे पर गंभीर चर्चा के साथ की ,उन्होंने बताया कि लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष कानूनी रूप से निर्धारित की गई है, इससे पूर्व विवाह होने पर जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि यह बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को गहराई से प्रभावित करता है।इसे समाप्त करने के लिए सभी से सजग रहने और इसकी सूचना पंचायत या जिला प्रशासन



को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बालिका के संपूर्ण जीवन को प्रभावित कर देता है, जिससे वह कभी पूरी तरह उबर नहीं पाती। उन्होंने बाल विवाह और घरेलू हिंसा के मामलों में सहायता के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर एवं 181 हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी दी।वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक ज्योत्सना कुमारी के द्वारा घरेलू हिंसा , दहेज प्रताड़ना, यौन हिंसा, इत्यादि विषयों पर विस्तृत पूर्वक चर्चा किया उन्होंने प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सभी के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया तथा इसकी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 181 महिला हेल्पलाइन (महिलाओं के लिए), 1098 चाइल्डलाइन (बच्चों के लिए), और आपात स्थिति में 112 (पुलिस पर संपर्क करने की सलाह दी।कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह रोकथाम को लेकर सभी उपस्थित लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। इस मौके पर महिला प्रवेक्षिका आकांक्षा कुमारी, रश्मि कुमारी, श्रेया कुमारी, मंजू कुमारी एवम विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

जनता दरबार आयोजित कर एसपी ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले के शकूराबाद थाना परिसर में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत कुमार सिंह स्वयं उपस्थित रहे। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान एसपी विनीत कुमार सिंह के साथ शकूराबाद थाना प्रभारी अनन्त कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और आम नागरिक अपनी शिकायतें लेकर जनता दरबार में पहुंचे। लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, रास्ता विवाद सहित अन्य स्थानीय समस्याओं से पुलिस को अवगत कराया। एसपी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को समस्या समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कई मामलों में



त्वरित कार्रवाई का आदेश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे पुलिस से संपर्क करें और जिम्मेदार नागरिकों की तरह कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना के प्रति किया जागरूक

26 दिसंबर को पथ प्रदर्शक द्वारा चकुआ में लगाया जाएगा निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। रक्तदान एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा दे रही औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को कुटुंबा प्रखण्ड के चकूआ में ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना के प्रति जागरूक कर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बमेंद्र ने ग्रामीणों से बात कर कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पथ प्रदर्शक द्वारा आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने में सहयोग किया जाएगा। कुछ लोगों के कहे जाने पर कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है,बमेंद्र ने 26 दिसंबर को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने की बात कही। पथ प्रदर्शक द्वारा उक्त तिथि को कुटुंबा प्रखण्ड के चकूआ गांव में निःशुल्क आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड बनाने का शिविर लगाया जाएगा। बमेंद्र ने बताया कि गरीबों के लिए स्वास्थ्य संबंधित यह एक अत्यंत लाभकारी योजना है जिसका



लाभ उन्हें लेना चाहिए। इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक बीमारी में खर्च का प्रावधान है। पथ प्रदर्शक द्वारा लगातार 2021 से ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत के प्रति लाभुकों को जागरूक किया जा रहा है। संस्था द्वारा कार्ड बनवाने के लिए समय समय पर निःशुल्क शिविर का भी आयोजन किया जाता है। सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को वय वंदना कार्ड के लिए जागरूक किया जाता है। पथ प्रदर्शक के प्रयास से सैकड़ों लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन पथ प्रदर्शक के सहयोग से आयुष्मान भारत जिला इकाई औरंगाबाद द्वारा किया जाना है।

पुण्यतिथि पर दीनदयाल बाबू को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। दिवंगत अधिवक्ता सह अपर लोक अभियोजक स्वर्गीय दीनदयाल बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक संघ के सभागार में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश पांडे, बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व निबंधक, पटना उच्च न्यायालय अशोक कुमार एवं अधिवक्ता अजय कुमार ने पुष्प



अर्पित कर शहीद अधिवक्ता को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व लोक अभियोजक सह वरीय अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वर्गीय दीनदयाल बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल एवं निर्भीक अधिवक्ता थे, बल्कि एक नेकदिल और संवेदनशील इंसान भी थे। वे सदैव पीड़ितों, शोषितों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। वक्ताओं ने कहा कि 24 दिसंबर 2007 को व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद में कार्य समाप्त कर अपने पैतृक आवास लौटने के दौरान अपराधियों ने सुनियोजित ढंग से उनकी गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। वकालत और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

सीपीआई के पूर्व सचिव के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के महुआड़ गांव निवासी व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संघर्षशील के पूर्व अंचल सेक्रेटरी व किसान नेता रामानंद प्रसाद का निधन हो गया। शोक श्रद्धांजलि में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पार्टी का लाल झंडा देकर गगनचुंबी नारों के साथ शव यात्रा निकाली गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि रामानंद प्रसाद विक्षलण प्रतिभा कै धनी व्यक्ति थे। उन्होंने अंतिम सांस तक लाल झंडा को बुलंद किया। जहां भी मजदूरों, किसानों के अधिकारों की बात हो वहां कभी पीछे कदम नहीं किया। उन्होंने कम्युनिस्ट विचारों को जन



जन तक पहुंचाया। सीपीआई के अंचल सचिव चंद्रशेखर सिंह,पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल, अवध किशोर, सीपीआई नेता राम इकबाल सिंह, राज कुमार, पूर्व प्रमुख विजय यादव, श्रीकिशुन प्रसाद, नंदगोपाल सिंह, श्याम किशोर यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र कुमार नै दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

किसानों के लिए सरकार चला रही है कई योजनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। हितकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने में एफपीओ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। यह बात एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर के द्वारा आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने कही। इसके पूर्व बीडीओ और प्रो. प्रमोद कुमार को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित किए जा रहे हैं लेकिन उसका लाभ किसानों तक पहुंच नहीं रहा है। संवाद के दौरान महिला किसान सदस्य निर्मला देवी द्वारा मांग रखी गई कि पतल उधोग लगाने के लिए योजना दी जाए तो महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकती है।



उन्होंने आश्वस्त किया की लघु उद्योग विभाग की योजना है जिसके माध्यम से किया जा सकता है। बैंक वहीं पतेया निवासी मुनी देवी ने बिजली बिल अधिक आने की समस्या रखी जिसे बीडीओ ने समस्या निदान के लिए विद्युत विभाग के जेई राकेश कुमार राम को निर्देश दिया। उधोग लगाने के लिए बैंक पूंजी उपलब्ध कराने के लिए ऋण मुहैया कराती है। उसमें सरकार द्वारा अनुदान भी दी जाती है। किसान हितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशकों की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर एफपीओ के निदेशक मंडल सदस्य, किसान सदस्य मौजूद थे।

महिलाओं को मिले बेहतर व सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से संबधित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक तथा इस अभियान से संबंधित सभी संस्थानों के इंचार्ज स्टाफ नर्स प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र में डीपीसी नागेंद्र कुमार केशरी एवं जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा प्रतिभागियों को अभियान के उद्देश्यों, क्रियान्वयन प्रक्रिया,



गुणवत्ता सुधार तथा प्रभावी अनुश्रवण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मो. अनवर आलम ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, समयबद्ध रिपोर्टिंग तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक तकनीकी एवं प्रबंधन संबंधी जानकारी प्रदान की गई, जिससे जिले में गर्भवती महिलाओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके।

बाइकों की टक्कर में दो युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दो बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के रजवाड़ी मोड़ का है। जख्मियों में थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-32 रजवाड़ी गांव निवासी कलेंद्र यादव के 26 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार एवं शहर के विराटपुर के शान अली (25 वर्ष) घायल हुए हैं। अनूप अपने घर से शहर के मुख्य बाजार की ओर जा रहा था। इसी क्रम में रजवाड़ी मोड़ के पास जैसे ही पहुंचा तभी फार्म एरिया की ओर से शान अली अपने बाइक से आ रहा था। संतुलन बिगड़ने की वजह से दोनों की आपस में टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

शहर में छह घंटों तक बिजली रही गुल, शहरवासी रहे परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शहर में बुधवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहने के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जानकारी के अनुसार मीटरिंग यूनिट ब्लास्ट हो जाने के कारण पूरे शहर की बिजली सुबह करीब 10 बजे के आसपास गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि मंगलवार रात से ही बिजली की आवाजाही के बाद अचानक सुबह में आपूर्ति ठप हो गई, विद्युत विभाग के जिला के टीम विद्युत सब स्टेशन रफीगंज पहुंची जिसके बाद लगभग छह घंटे के अधिक समय बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू ढंग से बहाल हुई। बिजली नहीं होने के कारण घरों में पानी की मोटर नहीं चल सकी तथा नल जल का पानी भी समय पर वार्डों में नहीं मिल सका, जिससे दोपहर तक पीने के पानी और दैनिक कार्यों के लिए किल्लत शुरू हो गई। फोटोस्टेट, वेल्डिंग, और छोटे उद्योग चलाने वाले दुकानदारों का काम पूरी तरह ठप रहा। कनीय विधुत अभियंता शहरी मारुति नंदन ने कहा कि मंगलवार शाम को 7 बजे करीब विद्युत सब स्टेशन रफीगंज स्थिति मिटरींग युनिट ब्लास्ट करने के कारण शहर बिजली गुल हो गई थी।

जमीन विवाद में मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के सबदल बिगहा में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट की घटना घटित हुई। मारपीट में सबदल गांव निवासी 44 वर्षीय रवि रंजन उपाध्याय घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पौथू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। घायल की पत्नी उषा देवी ने बताई कि गांव के ही सियाराम शर्मा के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। अधिकारियों द्वारा को नापी का निर्देश मिला था। विपक्षियों द्वारा विवादित जमीन से धान कटाई की जा रही थी नापी से पूर्व मना करने पर गाली गलौज हुई और धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज कर रहे डॉक्टर अरविंद कुमार केसरी ने बताया कि घायल का एक कान में गंभीर जख्म है तथा बायां हाथ में चोट आया है। बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर किया गया है। पौथू थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत डीएम पहुंचे नावकोठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत नावकोठी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण एवं जनसुनवाई बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के



जिला पदाधिकारी द्वारा कृषि, शिक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि विभागों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को एक स्कूल को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु विद्यालय चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, मीड-डे-मिल की लगातार निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने पंचायतों में बन रहे पंचायत सरकार भवन, विवाह मंडप आदि की समीक्षा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया ताकि पंचायत के लोगों को प्रखंड कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। हसनपुर पंचायत के मुखिया द्वारा विभिन्न सरकारी निर्माण कार्यो हेतु मिट्टी की समस्या के बारे में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं गई। वहीं कब्रिस्तान की घेराबंदी का भी अनुरोध जिला पदाधिकारी से किया गया। इसके उपरात आम लोगों के साथ जनसुनवाई किया गया। जहां आम लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया गया। जिसे त्वक्षण संबंधित पदाधिकारी को उपरोक्त आवेदन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सात निश्चय पार्ट-3 से सभी को अवगत कराया। एवं इस दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नावकोठी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

181 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में किया गया चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेरियाबरियारपुर। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जीविका चेरियाबरियारपुर द्वारा बुधवार को प्रखंड कार्यालय मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का उद्घाटन मंझौल अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अतहर हुसैन, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित कुमार, वाईपी प्रिंस कुमार, सीएलएफ की अध्यक्ष बेबी देवी सहित अन्य अतिथियों ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। दीदियों ने अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर एवं स्वागत गीत से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीविका के बीपीएम अमित कुमार एवं मंच संचालन रोजगार प्रबंधक सुधीर कुमार ने किया। उद्घाटन उपरांत अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने जीविका की तारीफ करते हुए कहा कि जीविका अपने आप में मिसाल है। रोजगार की बात हो या स्वरोजगार की या फिर महिला सशक्तीकरण की सबमें जीविका ने उत्कृष्ट कार्य किया है। श्री कुमार जीविका दीदियों की कार्यशैली को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि घर के संचालन के साथ समुदाय के हित के लिए कार्य प्रशंसा योग्य है। उन्होंने ग्रामीण युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला को एक बड़ा कदम बताया। बीडीओ निरंजन कुमार ने रोजगार मेला को एक बेहतर पहल बताते हुए स्थानीय बेरोजगार युवक युवतियों को इसका लाभ लेने की अपील की। बीपीएम अमित कुमार ने जीविका की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर अतिथियों ने नियोक्ता कंपनियों के स्टालों का निरीक्षण किया एवं विभिन्न कंपनियों में नियोजित अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कुल 1093 युवाओं का निबंधन किया गया। वहीं, 181 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। स्वरोजगार के लिए 147 एवं प्रशिक्षण के लिए 92 युवाओं को पंजीत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जीविका के सामुदायिक समन्वयक अभिज्ञान राजन, राजेश कुमार, कन्हैया कुमार, मो हैदर, रानी कुमारी, पूनम कुमारी, लेखापाल संजय कुमार, कार्यालय सहायक अमरजीत कुमार भगत ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। धन्यवाद ज्ञापन जीविका के संचार प्रबंधक राजीव रंजन ने किया।

जदयू छात्र नेता को अपराधियों ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा गुमती के समीप बुधवार की सुबह बेखौफ अपराधियों ने जदयू के एक छात्र नेता को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। गोली लगने से घायल जदयू छात्र नेता की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहुआ गांव निवासी विजेंद्र राय के पुत्र सोनू कुमार राय के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सोनू राय पिछले कई वर्षों से लोहिया नगर इलाके में रह रहे थे और आज सुबह अपने घर से जिम सेंटर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में सोनू राय मौके पर ही गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायल छात्र नेता की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें कड़ी निगरानी में रखा गया है। घायल सोनू राय ने होश में आने के बाद बताया कि वे जदयू के छात्र संगठन से लंबे समय से जुड़े हुए हैं और छात्रों के अधिकारों एवं हितों को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। हालांकि उन्होंने भी किसी तरह की पुरानी दुश्मनी या विवाद से इनकार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अपराधियों ने उन्हें किस कारण से निशाना बनाया। घटना की जानकारी मिलते ही लोहिया नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान करने में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश या पूर्व विवाद से जुड़ा हो सकता है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जिले में अपराध लगातार बढ़ रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

'रंगभूमि' की रचना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जनवादी लेखक संघ जिला इकाई के द्वारा उर्दू-हिंदी के महान रचनाकार प्रेमचंद की अमर कृति उपन्यास 'रंगभूमि' की रचना के सौ वर्ष पूरे होने पर स्थानीय कचहरी चौक स्थित अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय मौजूदा दौर में 'रंगभूमि' के यथार्थ की प्रासंगिकता थी। इसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा. राजेन्द्र साह ने की, जबकि जिला सचिव राजेश कुमार ने संचालन किया। उपाध्यक्ष डा. चन्द्रशेखर चौरसिया ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि प्रेमचंद की



कालजयी ति 'रंगभूमि' आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी अपने रचनाकाल में थी। युवा आलोचक डा. निरंजन कुमार ने कहा कि 'रंगभूमि' उपन्यास का केन्द्रीय यथार्थ- साम्राज्यवादी शोषण, पूंजीवाद के विस्तार, ग्रामीण जीवन के संकट और सामान्य जन के संघर्ष-आज के भारत में नये रूपों में मौजूद है। जनवादी लेखक संघ के राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने कहा कि 'रंगभूमि' उपन्यास की भाषा सरल, सजीव और हिंदुस्तानी जुबान में लोक-प्रचलित है। प्रेमचंद ने ऐसी भाषा का प्रयोग किया है जो आम जनता, विशेषकर ग्रामीण लोगों की बोलचाल की सहज भाषा है। स्थानीय गणेश दत्त महाविद्यालय के हिंदी प्राध्यापक डा. अभिषेक कुन्दन ने कहा कि 'रंगभूमि' उपन्यास में प्रेमचंद ने भारत की राजनीतिक और आर्थिक दोनों समस्याओं को एक साथ उठाया है। इन समस्याओं का समाधान उन्होंने नहीं दिया है, किन्तु पूरे कथानक के अध्ययन से स्पष्ट है कि भारत जरूर जीतेगा और इसके लिए संगठित होकर आजादी की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने आगे कहा कि आज सत्ता का पूंजीवाद के साथ मजबूत गठजोड़ से क्रोनकैप्टिलिज्म का तेजी से विकास हो रहा है। सामंतवाद और पूंजीवाद के अंतर्संबंध से मेहनतकश जनता शोषण की जंजीर में जकड़ती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में किसानों और मजदूरों की एकताबद्ध लड़ाई ही एकमात्र विकल्प है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में डा. राजेन्द्र साह ने कहा कि प्रेमचंद का उपन्यास 'रंगभूमि' गाँधीवादी दर्शन से प्रेरित है। इसमें एक अंधे भिखारी सूरदास के संघर्ष की कहानी है, जो अपने गाँव की जमीन पर सिगरेट का कारखाना लगाने के पूंजीपति जन सेवक के मंसूबों का अहिंसक प्रतिरोध करता है। इस प्रतिरोध में औद्योगीकरण, शोषण, धर्म, नैतिकता और साम्राज्यवाद के खिलाफ आम आदमी की लड़ाई को दर्शाया गया है। आज के शासक वर्ग की जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष में यह उपन्यास प्रेरणा देता है। प्रभा कुमारी, अवध बिहारी, दीपक कुमार, मो सुहैल, संतोष अनुराग समेत उपस्थित अन्य वक्ताओं ने विषय केन्द्रित वक्तव्य से आज के संदर्भ में 'रंगभूमि' को प्रासंगिक बताया। जी डी कलेज के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो जिक्रुल्लाह खान ने रंगभूमि के कथानक का औचित्य बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला उर्दू कोषांग ने की एक दिवसीय उर्दू कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। सदर प्रखंड स्थित प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, कंकौल, सभा भवन में जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा आयोजित एक दिवसीय उर्दू कार्यशाला, फरोग-ए-उर्दू सेमिनार व मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उदघाटन कर्ता में रिजवान अहमद जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, शकील अहमद सिद्दीकी पदाधिकारी उर्दू भाषा कोषांग, जिला कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम सहनी, पुलिस उपाध्यक्ष साइबर क्राइम इमरान अहमद, उर्दू अनुवादक गालिब हुसैन अंसारी, वार्ड पार्षद डक्टर शगुफ्ता ताजवार,कारवाने उर्दू के जिला सचिव मोहम्मद असजद अली, डा. मो मुस्तफीज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने बयान में कहा कि उर्दू अहम जुबान है और इस जुबान को बिहार की दूसरी सरकारी जुबान होने का गौरव प्राप्त है। ऐसे में हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि उर्दू सीखें और इसे आमजनों तक पहुंचाएं। इसी क्रम में उन्होंने किसी भाषा को किसी धर्म अथवा संप्रदाय के प्रतिनिधि मात्र रूप में देखे जाने के बजाए अभिव्यक्ति का साधन मानकर उसके संरक्षण एवं विकास के लिए प्रयास करने की अपील की। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम को और भी विस्तार देने हेतु प्रतिभागियों के साथ साथ अधिक-से-अधिक संख्या में श्रोताओं को भी शामिल करने का निर्देश दिया ताकि राज्य की द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास और उसके प्रचार-प्रसार को बल मिल सके। इस अवसर पर जिला उर्दू भाषा कोषांग, बेगूसराय के अनुवादक गालिब हुसैन अंसारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार एवं जिला उर्दू कोषांग, बेगूसराय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए उर्दू की साहित्यिक परंपरा को समृद्ध करना है। एक दिवसीय उर्दू कार्यशाला, फरोग-ए-उर्दू सेमिनार व मुशायरा के दौरान प्रो. डा. फारूक आजम जी डी कालेज, मुफ्ती ऐनल हक अमीनी, डा. अब्दुल रहीम एपीएसएम कालेज बरौनी, मो असजद अली, डा शगुफ्ता ताजवार, हाफिज खुल्लाह, मौलाना गालिब नदवी, मौलाना फैजुर्रह्मान, हाफिज हंजला हबीबी, कारी अरशद अदनान, छात्र-छात्राएं मो. नेहालउद्दीन, मो. शाहजहां, एवं फरहत सुल्ताना आदि ने अपनी-अपनी नज्मों, शायरी, कविताओं, आलेखों एवं अन्य साहित्यिक रचनाओं के जरिए श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम को कारबाने उर्दू के जिला सचिव मोहम्मद असजद अली ने संबोधित करते हुए कहा कि भाषाओं को हम भावनाओं में अलग नहीं बांट सकते हैं, जबकि भाषा हमें बांटती नहीं बल्कि जोड़ती है, उर्दू जुबान सीखना तहजीब सीखने के बराबर है। उन्होंने कहा कि उर्दू को गाय बनाने की जरूरत नहीं है, लोग इसे खूंटे में बांधकर रखे हुए हैं उर्दू को ज्यादा से ज्यादा फैलाने की जरूरत है, और इसे रोजी-रोटी से जोड़ने का काम भी किया जाए। आगे असजद अली ने कहा कि जब तक से हम उर्दू का इस्तेमाल नहीं करेंगे तब तक इसका विकास संभव नहीं है उर्दू हमारी पहचान है इसे बचाना हमारा फर्ज है। वहीं वार्ड पार्षद शगुफ्ता ताजबर ने कहा कि उर्दू जबान को किसी एक धर्म के साथ जोड़ना ना इंसाफी होगी। यह विशुद्ध रूप से हिंदुस्तानी भाषा है। यह सबके लिए है उर्दू भाषा के विकास का कार्यक्रम सभी धर्म को साथ लेकर करना चाहिए।सभी को पुरस्त करना चाहिए,उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए अपने परिवार में बच्चों से उर्दू भाषा में बातचीत करें तो स्वतः उर्दू का विकास होता रहेगा। कार्यक्रम की मंच संचालन के दायित्व का निर्वहन शिक्षक डा. मुस्तफिज एवं रिजवान कासमी ने किया।

शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)। प्रारंभिक विद्यालयों में बुधवार को हर बच्चा श्रेष्ठ बच्चा थीम पर शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी आयोजित किया गया। संगोष्ठी में शिक्षक द्वारा कक्षावार अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक प्रगति,सीखने के स्तर, उपस्थिति, गृहकार्य, व्यवहार एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता पर विशेष चर्चा की गई। अभिभावकों ने भी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व विद्यालय से संबंधित विभिन्न सुझावों को रखा गया। साथ ही विद्यालय को पूर्ण सहयोग देने की सहमति दी। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक, शिक्षक अमर शंकर, अनिल, अजनीश, ऋतु, सलीम, मीरा, अभिभावक काजल देवी, रानी देवी, शोभा देवी,चांदनी देवी आदि मौजूद थे।

सभी विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शंभू महतो ने कहा की हर एक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा थीम के तहत बच्चों के शैक्षणिक विकास, शिक्षक और अभिभावक के बीच आत्मविश्वास को मजबूत करने आज की जरूरत पर बल दिया ताकि बच्चों को घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण को अभिभावक तैयार करे। जिसमें बच्चों को सीखने की गतिविधि में सहायक सिद्ध हो सके। इसके तहत बैठक में अभिभावकों से बच्चों को नियमित शैक्षणिक कार्यो का मूल्यांकन करने एवं उपलब्ध संसाधनों से बच्चों के सीखने के गति को तेज कराने का अपील किया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। पठन-पाठन, पुस्तक के उपलब्धता त्रैमासिक मूल्यांकन में बच्चों की प्रगति सहित विद्यालय के आंतरिक व्यवस्था पेयजल एवं गृह कार्य आदि पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनटुन महतो, संजीत कुमार महतो, रणधीर कुमार, नंदकिशोर पंडित, इंदू कुमारी, कन्हैया कुमार, अशोक शर्मा, विभाकर कुमार, राजेश कुमार, अभिभावक लाल किशोर पासवान, राम उदय साह, शिव कुमार, सुलेखा देवी, सीमा देवी, निर्मला देवी आदि मौजूद थे।

बियाडा स्थित औद्योगिक संस्थानों का डीएम ने लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन, द्वारा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा), फारबिसगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों की वर्तमान स्थिति का आकलन एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित मखाना यूनिट, नूडल्स यूनिट, फिश फीड यूनिट, राइस मिल सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों का जायजा लिया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद कर उत्पादन, रोजगार सृजन एवं संचालन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण क्रम में विद्युत आपूर्ति से संबंधित कुछ कमियां सामने आईं, जिस पर जिला पदाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए उपमहाप्रबंधक (बियाडा) को इस समस्या का विश्लेषण कर समाधान हेतु प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।
मौके पर बियाडा के उद्यमीगण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

ओला इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किए हाइपरसर्विस सेंटर्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इंदौर। ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए, डेडिकेटेड हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है। इन सेंटर्स के माध्यम से योग्य ग्राहकों को एक ही दिन में, यानि उसी दिन सर्विस की गारंटी दी जाएगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के। इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा, जिसकी शुरुआत बेंगलुरु से हुई है। पहला हाइपरसर्विस सेंटर अब बेंगलुरु के इंदिरानगर में शुरू हो चुका है। हाइपरसर्विस सेंटर का उद्देश्य व्हीकल की सर्विस को आसान और तेज़ बनाना है। अब ग्राहक अपने व्हीकल की सर्विस एक ही दिन में करवा सकते हैं, वह भी बिना कोई अतिरिक्त पैसा दिए। पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिससे ग्राहकों को हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, 'चल रहे सर्विस अपग्रेड के तहत हम सर्विस के पूरे अनुभव पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। ओला व्हीकल का मालिकाना अनुभव सिर्फ गाड़ी तक सीमित नहीं है, सर्विस भी उसका अहम् हिस्सा है और इसमें भी उतना ही इनोवेशन होना चाहिए, जितना प्रोडक्ट में होता है। हाइपरसर्विस सेंटर्स के माध्यम से हम एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। यहाँ ग्राहकों को एक ही दिन में सर्विस की गारंटी मिलेगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। इसका उद्देश्य तकनीक, बेहतर प्रक्रियाओं और बड़े स्तर पर काम करके ग्राहकों की परेशानी कम करना और हर ओला ग्राहक को तेज़, आसान और पूरी तरह पारदर्शी सर्विस देना है। हाइपरसर्विस सेंटर्स में ग्राहकों के लिए अलग से कस्टमर लाउंज, मुफ्त वाई-फाई और चेक-इन से लेकर व्हीकल की डिलीवरी तक के सर्विस के हर चरण की रियल-टाइम डिजिटल जानकारी उपलब्ध होगी। इससे सर्विस में तेजी, स्पष्ट समझ और भरोसा बना रहेगा। बेंगलुरु में शुरुआत के बाद, ओला आने वाले हफ्तों में देशभर के चुनिंदा सर्विस सेंटर्स को तेजी से हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा। यह विस्तार ओला के उस फोकस को दिखाता है, जिसमें तकनीक, बड़े स्तर पर काम और ग्राहक-केन्द्रित सोच के ज़रिए ईवी ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देना और सर्विस की रफ्तार व भरोसेमंद मानकों को नए स्तर पर ले जाना शामिल है।

संत, शास्त्र एवं भगवंत ये परीक्षा के विषय नहीं होते : अयोध्या नाथ स्वामी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। हनुमान मंदिर, बड़ी मठिया आरा के प्रांगण में अनवरत चल रहे एकादश दिवसीय सवा करोड़ श्रीराम नाम जप अनुष्ठान महायज्ञ सह साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान की अद्भुत त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। अध्यक्षता मंदिर के महंत परम पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य अयोध्यानाथ स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हो रही है। अयोध्यानाथ स्वामी जी महाराज ने प्रवचन के दौरान अजामिल उद्धार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि ह्लसंत, शास्त्र और भगवंत को तर्क अथवा परीक्षा के दायरे में नहीं बांधा जा सकता। ये श्रद्धा और अनुभूति के विषय हैं। कथा के माध्यम से बताया कि अजामिल जैसा पतित व्यक्ति भी केवल भगवान के नाम स्मरण से मुक्त हो गया। यह प्रसंग इस सत्य को स्थापित करता है कि नाम, भक्ति और संत-संग मनुष्य को पतन से उबारकर मोक्ष की ओर ले जाते हैं। संत न स्वयं को प्रमाणित करते हैं, न भगवंत किसी परीक्षा के मोहताज होते हैं।

बिंगो पोटेटो चिप्स के दो नए फ्लेवर्स मचाएंगे धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। देश के लोकप्रिय स्नैक्स ब्रांड 'बिंगो' ने पोटेटो चिप्स के बाजार में एक बार फिर हलचल मचा दी है। कंपनी ने उत्तर और पश्चिम भारत में पोटेटो चिप्स के दो नए फ्लेवर उतारे हैं जो लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। बिंगो के ये दो नए फ्लेवर बटर गार्लिक और हिमालयन पिंक सॉल्ट के रूप में पोटेटो चिप्स के बाजार में लोगों को एक अनोखा विकल्प दे रहे हैं। इन दोनों उत्पादों को बाजार के हर हाथ तक पहुंच बनाने के लिए आईटीसी फूड्स ने इसपर काफी काम किया है। बटर गार्लिक फ्लेवर को गार्लिक ब्रेड जैसा स्वाद देने वाला बनाया गया है, जबकि हिमालयन पिंक सॉल्ट को खास पिंक टिंट वाले चिप्स के रूप में पेश किया गया है। कंपनी ने फ्लेवर के साथ इसकी पैकिंग भी बदलाव किया है।
आईटीसी ने इन उत्पादों को बाजार में पहुंचाने के लिए एक अनोखा कैंपेन भी लांच किया है। इस कैंपेन का नाम है 'बिग नो से बिग यस'। कई सालों से 'टेढ़े मेढ़े' और 'मैड एंगल्स' जैसे प्रोडक्ट्स के जरिए चर्चित रहा यह ब्रांड अब खुद पर मज़ाक करते हुए अपने प्रचार का नया तरीका अपना रहा है।

माता-पिता की सेवा सबसे बड़ी सेवा : डी. आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। थाना क्षेत्र के हनुमान मंदिर सह शिव मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा भजनांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्री गणेश मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय कुमार, आयोजक समाजसेवी संगीत आनंद, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, संवेदक नागेंद्र यादव, बबलू सिंह, जितेंद्र यादव एवं छोटू गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। डॉक्टर संजय कुमार ने कहा कि संस्था धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से मानवता इंसानियत का संदेश दे रही



है। डॉक्टर अजय कुमार ने ऐसे सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। प्रोफ़ेसर अनुराग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन जागरूकता के लिए यह संस्था भारत नेपाल सीमा पर नारायणी गंडकी महाआरती का आयोजन करती है। उपस्थित छात्र-छात्राओं से धार्मिक ग्रंथों से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ दिया। संगीत आनंद ने कहा कि हमारे दादाजी स्मृति शेष कामेश्वर सिंह जनशक्ति जी ने जो सपना देखा था उन सपनों को मेरे पिता डी. आनंद ने साकार किया है। राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनन्या ट्रेडर्स के प्रबंधक छोटू गुप्ता, प्रकाश मेडिकल एवं सत्येंद्र वर्मा का विशेष सहयोग रहा। फौजी विद्यासागर राणा, संरक्षक विजय कुमार, निर्माता निर्देशक राजेश कुमार, नवरत्न प्रसाद एवं आचार्य पंडित चित्रसेन तिवारी के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर पुजारी आलोक उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, कृष्ण कुमार, अभिनव कुमार, हर्षित कुमार, छोटू पासवान, अशोक यादव, लाली देवी, तपेश्वर चौधरी एवं मोहन राय की भूमिका सराहनीय रही।

'एक शताब्दी अटल भारत की' स्मरणोत्सव के तहत भाजपा ने मनाया दीपोत्सव

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शतब्दी पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर मसौढ़ी नगर में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने की। तारेगना गोला मंडप में पटना ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इसके उपरांत दीप जलाकर 'एक शताब्दी अटल भारत की' स्मरणोत्सव के अंतर्गत दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अटल जी के राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण जीवन को स्मरण किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आशीष देव ने कहा कि वे भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिनका व्यक्तित्व, विचार और कृतित्व सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। अटल जी की शताब्दी जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन है। जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहा। वह अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देव, जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा, अभिमन्यु पटेल, वासुकीनाथ केशरी, महामंत्री आलोक, संजीव, रवि, अमृत एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

उपभोक्ता जागरूकता अभियान : क्रय-विक्रय की रसीद अवश्य लें उपभोक्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को समाहरणालय स्थित जिला उपभोक्ता आयोग, औरंगाबाद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्री नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि कोई भी व्यक्ति जो किसी वस्तु या सेवा का प्रत्यक्ष अथवा डिजिटल माध्यम से अंतिम उपभोग करता है, वह उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। सदस्य बद्री नारायण सिंह ने कहा कि वर्ष 1986 में आज ही के दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को



राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली थी, जिससे उपभोक्ताओं को उनके अधिकार प्राप्त हुए और शोषण के विरुद्ध कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित हुई। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी वस्तु या सेवा के क्रय-विक्रय के समय रसीद अथवा केस मेमो अवश्य लें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता अदालत में सशक्त रूप से अपना पक्ष रखा जा सके। उन्होंने बताया कि जिला उपभोक्ता अदालत में वर्तमान में लगभग 700 मामलों की सुनवाई चल रही है। कुछ वर्ष पूर्व जब वे सदस्य बने, तब से बड़ी संख्या में वादों का न केवल पंजीकरण हुआ बल्कि उनका निष्पादन भी किया गया है। बताया गया कि उपभोक्ता अदालत में बिजली, वेलफ़ेयर फाइनेंस, बीमा तथा ऑनलाइन सेवा में त्रुटि से संबंधित मामलों की संख्या अधिक है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के माध्यम से भी कई उपभोक्ता मामलों का मध्यस्थता के जरिए निष्पादन किया गया है। प्रशासन की ओर से ग्राम और विद्यालय स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाने की योजना की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर बद्री नारायण सिंह ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने में मीडिया जगत, औरंगाबाद की भूमिका की सराहना की तथा विगत कई वर्षों से निष्पादित मामलों के मीडिया में प्रकाशन में सहयोग के लिए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही की प्रशंसा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, राधारमण, अरुण तिवारी, रंजन दुबे, अभिनंदन कुमार, राजीव रंजन सिंह, अंजनी कुमार सिंह, देवकांत, मनोज मिश्रा, रोशन कुमार सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। वहीं फोरम के रवि रंजन, राजू, लुटन, रघुवीर, तिवारी और संतोष की भी उपस्थिति रही।

अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने मनाया दीपोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज (पटना)। भारतीय जनता पार्टी पालीगंज नगर मंडल की ओर से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष कारण गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा



उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में भाजपा की रेनू देवी, पार्वती देवी, मिथलेश कुमार वर्मा, पप्पू केशरी शीत सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

मठ की भूमि पर लगेंगी सब्जी मंडी और फल की दुकानें : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज (पटना)। नगर बाजार व्यवस्था को दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने और साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में एसडीएम गरिमा लोहिया के नेतृत्व में पालीगंज बाजार का व्यापक भ्रमण किया गया। इस दौरान एसडीएम के साथ डीएसपी राजीव चंद्र सिंह, नगर कार्यपालक पदाधिकारी भावना, थाना प्रभारी सुमन कुमार, नगर अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा सहित अन्य पदाधिकारी और नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान एसडीएम गरिमा लोहिया ने कहा कि पालीगंज नगर क्षेत्र के बाजार में लगने वाले फल



और सब्जी दुकानदारों और फुटफाती दुकानदारों को अब साफ-सफाई के लिए नगर पंचायत को निर्धारित शुल्क देना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शुल्क बाजार को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए लिया जाएगा, जिससे नियमित कचरा उठाव और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। एसडीएम ने दुकानदारों से अपील की कि वे प्रशासन के इस निर्णय में सहयोग करें। एसडीएम ने बताया कि मठ की जमीन पर बने शेड में फल दुकानदारों, सब्जी मंडी और अन्य छोटे-छोटे दुकानदारों की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इससे सड़क किनारे लगने वाली अव्यवस्थित दुकानों की समस्या खत्म होगी और बाजार में जाम की स्थिति से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मठ की जमीन का उपयोग पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि दुकानदारों को भी सुविधा मिले और आम लोगों को भी खरीदारी में परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी भावना को सख्त निर्देश दिया कि बाजार क्षेत्र में वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित पार्किंग के कारण बाजार में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है। इसके साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया गया। एसडीएम गरिमा लोहिया ने अंचलाधिकारी महेश कुमार को भी महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी जमीन और मठ की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी सार्वजनिक या धार्मिक जमीन पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

नप की बैठक में शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के गठन और संचालन को लेकर अनियमितताओं पर उठाये गए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। नगर परिषद मसौढ़ी की सामान्य बैठक मंगलवार को नगर परिषद के सभागार में आहूत की गई जहां पर गत बैठक की संपुष्टि करते हुए नगर परिषद के कई योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान वार्ड संख्या 5 की वार्ड पार्षद उर्वशी कुमारी ने Day NULM द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के गठन और संचालन को लेकर कई अनियमितताओं को नगर परिषद की सामान्य बोर्ड की बैठक में सवाल उठाया। उर्वशी कुमारी ने स्वयं सहायता समूह से संबंधित जानकारी वार्ड पार्षदों से साझा नहीं



करने का आरोप लगाया तथा अपने वार्ड की महिलाओं को ग्रुप के गठन को ले कर दौड़ाए जाने की बात को कही। इसके अलावा लोन के नाम पर राशि के बंदरबांट का आरोप लगाया एवं विस्तृत जांच की मांग की। बताया जाता है की नगर परिषद कार्यालय में गलत लोन निकासी एवं पैसा निकालने के संबंध में कई शिकायत नगर परिषद में समूह के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं समूह के सदस्यों द्वारा की गई है। हलांकि शिकायतों की जांच को टालने का प्रयास बैंक एवं नगर परिषद के भी द्वारा किया गया, वार्ड पार्षद उर्वशी कुमारी ने यह कहा की इस फर्जीवाड़े की जांच नगर परिषद अपने स्तर से नहीं करती है तो मामले की विस्तृत जांच हेतु एक आवेदन मुख्यमंत्री समेत निगरानी विभाग को दिया जाएगा। नगर परिषद की बैठक में मुख्य पार्षद उपमुख पार्षद समेत सभी वार्डों के पार्षद शामिल हुए।

अथमलगोला एनडीए कार्यकताओं ने विधायक का किया स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अथमलगोला। प्रखंड एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा बाढ़ के नवनिर्वाचित विधायक डॉ सियाराम सिंह के स्वागत सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप मंटू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राम कुमार शर्मा और लोजपा (आर) के प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान एवं बाढ़ भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार मुन्ना मंचासिन रहे। सभा को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने खुशी जाहिर किया कि हमलोग के बीच के विधायक हैं। हमेशा सुख दुःख में शामिल होते रहे हैं। अब विधायक स्तरीय कार्य के लिए पटना जाने की जरूरत नहीं है। राम के नाम की तरह सियाराम हर जगह मौजूद मिलेंगे। वहीं विधायक ने कहा कि चिकित्सक के रूप में अथमलगोला में मैने सेवा प्रारंभ की थी। उसी समय से क्षेत्रवासियों से आत्मीय लगाव सा रहा। जिनके ही स्नेह के परिणामस्वरूप आज विधायक के रूप में आप लोगों के सामने हूं। अपने पंचवर्षीय कार्यकाल में बाढ़ विधानसभा में विकास की ऐसी लकीर खींचूंगा जो अगली पीढ़ी के लिए रोल मॉडल के रूप में होगा। एनडीए अपने काम के बल पर किसी भी चुनाव में सफल हो सकता है। मुझे शीर्ष नेतृत्व ने इस लिए टिकट दिया क्योंकि भाजपा के लिए मैने एक एक समर्पित सिपाही के रूप में कार्य किया हूं। मौके पर अनंत कुमार सिंह, हेमंत राज, राजीव राजपुत, नगीना प्रसाद गुप्ता, राकेश कुमार, राज कुमार सिंह, विजय सिंह, इंदुभूषण सिंह, गांधी जी, पंकज सिंह, रामानुज सिंह, कमलेश सिंह, संतोष सिंह, आशुतोष सिंह, अमित कुमार कई जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तारेगना स्टेशन पर बिहार दैनिक यात्री संघ का विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बिहार दैनिक यात्री संघ की ओर से यात्रियों की बुनियादी समस्याओं को देखते हुए 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 6 अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तारेगना स्टेशन का जिर्णोद्धार के लिए शिलान्यास किया गया था, लेकिन डेढ़ साल होने को है अभी तक काम अधूरा है। इसके अलावा तारेगना रेलवे स्टेशन पर खासकर महिला यात्रियों के लिए शौचालय की सुविधा नहीं है। डुमरी जंक्शन पर कई बुनियादी समस्या है।कई स्टेशनों पर सीसीटीवी भी सुरक्षा को लेकर निहायत जरूरी है। इसके अलावा तारेगा रेलवे स्टेशन पर बंदे भारत एक्सप्रेस ठहराव का 1 मिनट की मांग कि गई है। इसके अलावा 6:45 के बाद एक ही ट्रेन नहीं रहने से यात्रियों की परेशानी हो रही है। बहरहाल तारेगना रेलवे स्टेशन पर 9 सूत्री मांगों को लेकर



सभी प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांग जनहित की सुविधा को लेकर मांग किया है। इस मौके पर काफी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौजूदगी रही।

रेड क्रॉस ने गरीब असहायों के बीच बांटे कंबल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। हर आपदा में तत्पर रहने वाले भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बिहार राज्य इकाई के सौजन्य से बुधवार को जिला उपशाखा मसौढी द्वारा 50 गरीब-असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी मसौढी के निर्देशन में रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव सह कम्बल वितरण प्रभारी विश्वरंजन, डॉ विनोद कुमार, उमेश कुमार सिंह, यशवंत कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार, नवीन कुमार, ललन मांझी, रंजीत कुमार आदि सहित अन्य वोल्युन्टीयर्स के माध्यम से भगवानगंज थाना के नरहट टोला में यह पुनीत कार्यक्रम संपन्न हुए। इसमें नरहट के अतिरिक्त खरौना, भूसेनचक आदि गांव के जरूरतमंद भी चयनित किये गये। साथ ही मसौढी क्षेत्र के काश्मीरगंज, संघत पर, सरवां आदि



के गरीब लोगों का भी चयन कर मसौढी रेड क्रॉस शाखा द्वारा कम्बल प्रदान किए गए। कडाके के ठंड में रेड क्रॉस से कम्बल प्राप्त कर सभी जरूरतमंद लोग के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव सह कम्बल वितरण प्रभारी विश्वरंजन ने बताया कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए रेड क्रॉस की ओर से हर साल गांव गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम किया जाता रहा है। इस साल भी हर गांव में जरूरतमंद लोगों को चयन करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है।

अलविदा 2025 : सौगातों वाला साल रहा 2025

ऋषिकेश जैसा पुनपुन में लक्ष्मण झूला, मसौढ़ी में 720 बेड के आवासीय अंबेडकर विद्यालय की सौगात

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बितता हुआ वर्ष मसौढ़ी वासियों के लिए कुछ खट्टी मीठी यादों के साथ अलविदा हो रहा है। इसके साथ ही आने वाला नया साल एक नई उम्मीदें, नये सपने और नई आशा के साथ इसका स्वागत की तैयारी में है। गौरतलब है की वर्ष 2025 मसौढ़ी अनुमंडल वासियों के लिए विकास व सौगात के लिए जाना जाएगा, क्योंकि कई मेगा प्रोजेक्ट का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन नदी पर बने लक्ष्मण झूले का उद्घाटन किया है। यह बिहार का पहला केबल सस्पेंशन ब्रिज है, जिसे उत्तराखंड के ऋषिकेश में बने प्रसिद्ध लक्ष्मण झूले की तर्ज पर बनाया गया है।जो लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत से बने है जिसकी लंबाई 325 मीटर है। यह



पुल पितृपक्ष मेले के दौरान पुनपुन नदी के तट पर आने वाले श्रद्धालुओं को घाट तक पहुँचने में काफी सुविधा प्रदान करेगा। यह यातायात और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिला का पहला मसौढ़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया है। यह उद्घाटन हाल ही में 25 सितबंर 2025 को 'प्रगति यात्रा' के क्रम में हुआ।

इसका निर्माण लगभग 51 से 56 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसमें 720 छात्राओं के रहने की आवासीय सुविधा है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मुफ्त भोजन, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब और एक बड़ा ऑडिटोरियम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।यह विद्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री लोहिया ग्रामीण खेल योजना के तहत मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के सभी पंचायत में खेल क्लब का कार्यक्रम किया गया है कई जगहों पर कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। हालांकि वर्ष 2025 में कई योजना अधूरे ही रह गए हैं जिसमें पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन जिसे अमृत भारत योजना के तहत तकरीबन 20 करोड़ के लागत से जिर्णोद्धार किया जा रहा है जिसका शिलान्यास 23 सितंबर 2023 को हुआ था लेकिन ढाई साल बाद भी अभी भी अधूरा है। इसके अलावा मसौढ़ी को जाम से निजात के लिए आरोबि का भी निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। बहरहाल कुछ खट्टी मीठी यादों के साल 2025 अलविदा हो रहा है और अब नए वर्ष के आगमन की तैयारी में एक बार फिर से सभी लोग उत्साह से जुट गए हैं।

एक नजर

गरीबों के बीच कंबल का वितरण

पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पालीगंज अनुमंडल प्रशासन की ओर से गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। अनुमंडल के विभिन्न गरीब बस्तियों में जाकर पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया, पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (वन) राजीव चंद्र सिंह, पालीगंज थाना अध्यक्ष सुमन कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने बुजुर्गों, असहाय और लाचार व्यक्तियों को कंबल प्रदान किए। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से ठंड से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। कंबल पाकर बुजुर्गों और असहाय लोगों के चेहरे पर खुशी दिखी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यों से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलती है।

विद्यालय में कमरे निर्माण का शिलान्यास

अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बाढ़ विधायक डॉ सियाराम सिंह एवं प्रखंड प्रमुख रीना देवी ने संयुक्त रूप से अथमलगोला बाबू छेदी सिंह टोला स्थित राजकीयकृत फौजदार सिंह उच्चतर विद्यालय में चार कमरों के निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय परिसर में स्थापित संस्थापक सचिव स्व फौजदार सिंह और संस्थापक प्रधानाध्यापक स्व राम लखन राय की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया।

क्षेत्रीय उपनिदेशक ने अस्पताल का लिया जायजा

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ विनय कुमार ने बुधवार को मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने महिला/पुरुष वार्ड, इमरजेंसी, ओपीडी, दवा उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति जाँच, मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया और लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। खासकर दवाओं की कमी और व्यवस्थाओं में सुधार पर जोर दिया। इसके अलावा अस्पताल की सुविधाओं, स्वच्छता, कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की।वे स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, और चल रही योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा किये। मौके पर अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी डॉ नलिनी सिन्हा, स्वास्थ्य प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ लक्ष्मण सिंह एवं अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

केक काटकर मनाया जाप सुप्रीमो का जन्मदिन

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का 58 वां जन्मदिन के मौके पर मसौढ़ी में जाप समर्थकों ने प्राथमिक विद्यालय चंदा पर में स्कूली बच्चों के बीच पुस्तक पेन पेंसिल वितरित की गई और केक काटकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया। जिसमें विद्यालय परिवार सहित सैकड़ो अभिभावक बच्चे उपस्थित रहे जिसमें सीपी कुमार निखिल कुमार, सौरभ कुमार और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, जन अधिकारी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव जन अधिकार युवा परिषद विकास कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक साल हम अपने जन अधिकार पार्टी के नेता पप्पू यादव का जन्मदिन कुछ अलग ढंग से मनाते हैं। बच्चों के बीच केक काटकर उन बच्चों के बीच कलम किताब पेंसिल आदि का वितरण करते हैं और बच्चों को उनके जन्मदिन के मौके पर उन सब को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाते हैं। इसके साथ इन बच्चों के सभी अभिभावकों को उन सभी ननिहालों को पढ़ाने पर जोर देते रहे है।

चोरी मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भगवानगंज पुलिस ने मीरचक गांव से छापेमारी करते हुए घर में घुसकर चोरी करने के मामले में फरार अभियुक्त गौतम कुमार पिता अवधेश चौधरी को उसके घर से ही गिरफ्तार किया है। दरअसल थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया किया घटना 19.10.2025 की है ,जहां कांति देवी पति नागा चौधरी के दिए गए आवेदन के आलोक में पांच लोगों पर घर में चोरी करने का प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जहां पीड़िता कांति देवी ने बताया कि देर रात्रि को यह पांचो घर में घुसकर 50 किलो चना और 50 किलो मसुर चोरी कर लेकर भागने की फिराक में थे, उसी दरमियान हमारी नींद खुल गई थी और चोर चोर शोर मचाने पर ग्रामीणों ने सभी लोग को पकड़ा गया था।

जरूरतमंद महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत सामाजिक पुनर्वास कोर्स के तहत चयनित 15 पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को दस-दस रूपये प्रति महिला की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता राशि महिलाओं के बैंक खातों में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई, जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सकी। इस अवसर पर लाभान्वित महिलाओं ने बताया कि वे इस राशि का उपयोग लघु उद्योग एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने हेतु करेंगी। महिलाओं द्वारा सिलाई कार्य, ब्यूटी पार्लर, छोटी दुकान, सब्जी-फल विक्रय, अगरबत्ती निर्माण एवं हस्तशिल्प जैसे कार्यों की योजना साझा की गई। महिलाओं ने कहा कि यह आर्थिक सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा तथा उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं को सम्मानजनक जीवन, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने महिलाओं को इस राशि का सही एवं योजनाबद्ध उपयोग करने तथा अपने व्यवसाय को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से भविष्य में भी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा पीड़ित महिलाओं को कंबल का वितरण भी किया गया, जिससे शीतकाल में उन्हें राहत मिल सके। यह मानवीय पहल जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधन केंद्र के प्रशासक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों द्वारा योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं को अन्य सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत किया गया यह प्रयास औरंगाबाद जिले में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक पुनर्वास की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी कदम है। इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि वे समाज में आत्मसम्मान के साथ अपनी पहचान भी स्थापित कर सकेंगी।

महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। नगर पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के साई मोहल्ला निवासी सैफ उर्फ बड़ा बाबू के रूप में की गई है। घटना थाना क्षेत्र के एक जगह का है। आरोप है कि शौच के लिए घर से निकली एक महिला को आरोपी ने रात के अंधेरे में जबरन पकड़ लिया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर महिला को छोड़ आरोपी मौके से फरार हो गया। इधर महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। तत्पश्चात आरोपी के खिलाफ महिला ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित ने अपराध स्वीकार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

कम धान क्रय होने पर डीएम ने लगायी फटकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में किसानों से अधिप्राप्त धान की स्थिति एवं किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि ओबरा, नवीनगर एवं हसपुरा प्रखंडों में धान क्रय की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि धान क्रय में शीघ्र अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में राज्य स्तरीय बैठकों के अनुरूप सम्यक एवं अद्यतन प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। साथ ही, अधिक से अधिक किसानों के निबंधन सुनिश्चित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद, सहकारिता विभाग से संबंधित जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष सहित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उमगा में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा बनेगा इको या चिल्ड्रेन पार्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पहल क्षेत्र के अंतर्गत पर्यटन, नगर विकास, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, उद्योग, समग्र विकास एवं खेलकूद से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिले में संचालित सभी संबंधित योजनाओं की क्रमवार एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस क्रम में सामान्य शाखा प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि मदनपुर प्रखंड स्थित उमंगा धाम के समीप स्थित 170 डी. गैरमजरूआ आम भूमि पर इको पार्क अथवा चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। सरकारी तालाब का सौंदर्यीकरण कर वहां बोटिंग की सुविधा विकसित की जा सकती है।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को नवबिहार टाइम्स परिवार की ओर से दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को नवबिहार टाइम्स परिवार की ओर से बुधवार को पटना में शुभकामनाएं और बधाई दी गई। इस अवसर पर नवबिहार टाइम्स के संपादक डॉ. कमल किशोर ने नितिन नवीन को बुके भेंट कर शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। डॉ. कमल किशोर ने कहा कि कोई व्यक्ति यूं ही बड़ा नहीं बनता, इसके पीछे वर्षों का परिश्रम, संस्कार और जनसेवा की भावना होती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सौम्यता, सहजता, सरलता और संस्कार सीखना हो तो नितिन नवीन से प्रेरणा ली जा सकती है। उन्होंने उल्लेख किया कि नितिन नवीन हमेशा जनता से जुड़े रहे हैं और नवबिहार टाइम्स परिवार को उनका सहयोग, स्नेह और मार्गदर्शन लगातार मिलता रहा है। डॉ. किशोर ने उम्मीद जताई कि नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से बिहार में विकास को नई गति मिलेगी।

छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

अंबा(नबिटा संवाददाता)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बीआरसी कुटुंबा में प्रखंडस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने गणित एवं विज्ञान विषय से संबंधित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किये। इसके साथ ही विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रियांशु बसु ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों के आयोजन से शैक्षणिक वातावरण बेहतर होता है। विभाग द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, जो सराहनीय कदम है। इस प्रदर्शनी में मध्य विद्यालय कुटुंबा, पिपरा बगाही, सरईबार, जमुआ, बेसिक स्कूल रामपुर परसा, अंबा, गंगहर, निरंजनपुर, सिकरिया, सुही, घेउरा, जगदीशपुर, हिंदी कोझी, बरियावां, सिंहपुर, वर्मा और चिल्हकी अंबा सहित कई विद्यालयों के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

रोजगार मेला में पांच अभ्यर्थियों का चयन

दाउदनगर के दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्रा. लि. में रोजगार मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिला नियोजनालय, औरंगाबाद के तत्वावधान में बुधवार को दाउदनगर स्थित दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में आयोजित रोजगार मेला/जॉब कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोजगार मेले में वेयरहाउस पिकर/लोडर पद के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई। मेले में कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 5 अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग के लिए कन्फर्म किया गया तथा 17 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। शेष अभ्यर्थियों का डाटा भविष्य की आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला नियोजनालय के सहयोग से आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं को निजी क्षेत्र में सीधे रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है और आगे भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला नियोजन पदाधिकारी सोनू जायसवाल ने कहा कि जिला नियोजनालय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों के साथ समन्वय कर जिले में अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर प्राप्त हों। कार्यक्रम में संस्था की ओर से प्रिया कुमारी, धीरज कुमार, उमा, विशाल सहित अन्य कर्मी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। अज्ञात चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के रामाबांध सोमरू बिगहा मोहल्ले में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार शिव शंकर विश्वकर्मा अपने घर को बंद कर एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने अपने पैतृक गांव माली थाना क्षेत्र के सिमरी गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान को निशाना बनाया और वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ अलग-अलग कमरों में रखे आलमीरा, बक्सा और अटैची को तोड़ घर में रखे क़रीब 15 लाख रूपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और करीब 60 हजार रूपये नकद ले भागे। सूचना मिलते ही शिव शंकर विश्वकर्मा यहां पहुंचे। गृहस्वामी ने बताया कि चोरी गए आभूषण उनकी बहू के थे, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रूपये आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

रेल ट्रैक से उतरी मालगाड़ी की तीन बोगियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। डीडीयू-गया रेलखंड पर अवस्थित फ़ेसर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की देर रात एक मालगाड़ी की तीन बोगी पटरी से उतर गयी। घटना की सूचना मिलते ही अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इसको लेकर रेल प्रशासन रात भर अलर्ट मोड में रही ताकि अन्य ट्रेनों का परिचालन बाधित न हो। बुधवार की सुबह फेसर रेलवे स्टेशन के प्रबंधक ने बताया कि स्टेशन से पश्चिम केबिन के पास लूप लाइन में प्रवेश करते समय मालगाड़ी की तीन बोगी पटरी से उतर गयी जिसकी सूचना तत्काल डीआरएम एवं रेलवे टेक्निकल टीम को दी गई। सूचना मिलते ही टीम कार्रवाई में जुट गई और सुबह आठ बजते-बजते मालगाड़ी की बोगी को पटरी पर चढ़ा लिया गया। उन्होंने बताया कि इससे परिचालन बाधित नहीं हुआ। सभी ट्रेनें सुचारू रूप से चलती रही। सुबह इस लाइन को भी मरम्मत कर चालू कर दिया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार की रात 11 बज कर 55 मिनट पर मालगाड़ी डाउन मेन लाइन से लुप लाइन में प्रवेश कर रही थी। इसी क्रम में पीछे की तीन बोगी पटरी से उतर गई।

दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 37 लोग गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 37 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 8 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में 6, दुष्कर्म मामले में एक, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 19.6 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है तथा 13 वारंट एवं 3 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1062 वाहनों की जांच की गई जिसमें 65 हजार रूपये बरामद किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269



